शिवपुरी ■ शनिवार 16 मई 2026 ■ वर्ष -26 ■ अंक-345 ■ पृष्ठ-12 ■ मूल्य- ₹04

# दैनिक सत्ता सुधार

जनता के साथ जनता की आवाज

धार की ऐतिहासिक भोजशाला को लेकर हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत करता हूं। यह सांस्कृतिक विरासत, आस्था और इतिहास के सम्मान से जुड़ा अहम फैसला है। श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना का अधिकार मिलेगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षण में भोजशाला की गरिमा और मजबूत होगी। मां वाग्देवी की प्रतिमा को ब्रिटेन से वापस लाने के आवश्यक प्रयास सरकार करेगी।

डॉ. मोहन यादव, सीएम

- मुस्लिमों को नमाज की इजाजत देने का आदेश भी किया खारिज
- कोर्ट ने कहा- मुस्लिम पक्ष को अलग से जमीन दी जाएगी
- भोजशाला मंदिर में हिंदू पक्ष को पूजा-अर्चना का अधिकार होगा
- अब फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष जाएगा सुप्रीम कोर्ट
- राज्य सरकार ब्रिटेन से वाग्देवी की प्रतिमा लाने का प्रयास करे



# जय हो मां वाग्देवी!

## धार भोजशाला को हाईकोर्ट ने माना मंदिर

### ऐतिहासिक फैसलाः 2003 का आदेश हिंदू पक्ष के अधिकार को सीमित करता था, इसलिए निरस्त

सत्ता सुधार ■ इंदौर/धार

मध्यप्रदेश के धार जिले में स्थित भोजशाला परिसर को लेकर हाईकोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। इंदौर खंडपीठ के जस्टिस आलोक कुमार अवस्थी ने फैसला पढ़ते हुए भोजशाला को मंदिर माना है। कोर्ट के फैसले में परिसर को मां वाग्देवी के मंदिर के रूप में माना गया है। शुक्रवार को दिए फैसले में हाईकोर्ट ने कहा-हमने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की सर्वे रिपोर्ट पर विचार किया है। एएसआई एक्ट के प्रावधानों के साथ-साथ अयोध्या केस को भी आधार माना। हाईकोर्ट ने कहा-ऐतिहासिक और संरक्षित जगह देवी सरस्वती का मंदिर है। सरकार और एएसआई यह फैसला लें कि भोजशाला मंदिर का प्रबंधन कैसा रहेगा। अदालत ने एएसआई का 2003 का वह आदेश भी रद्द कर दिया, जिसमें एएसआई ने भोजशाला में हिंदुओं को पूजा का अधिकार नहीं दिया था। उस आदेश को भी खारिज कर दिया, जिसमें मुस्लिमों को नमाज पढ़ने का अधिकार दिया गया था। भोजशाला को कमाल मौला मस्जिद बताते रहे मुस्लिम पक्ष को हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मस्जिद के लिए अलग जमीन मांगने को कहा है। कोर्ट ने सरकार को विदेश से वाग्देवी की प्रतिमा वापस लाने का भी निर्देश दिया है।



#### अंतरसिंह की याचिका खारिज

मामले पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने अंतरसिंह की याचिका खारिज कर दी, जिन्होंने कोर्ट से मांग की थी कि दोनों पक्षों में सौहार्द बना रहे, इस तरह की व्यवस्था का आदेश दिया जाए। मंदिर पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने इस फैसले के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हिंदुओं को पूजा का अधिकार मिला।

#### मूर्तियां, श्लोक और हवनकुंड को माना अहम सबूत

2100 पन्नों की सर्वे रिपोर्ट, 98 दिनों तक चला था सर्वे, खुदाई के दौरान मूर्तियां और सिक्के मिले, मंदिर के स्तंभों से हुआ मस्जिद का निर्माण, दो ऐसे स्तंभ भी मिले हैं, जिन पर ओम सरस्वत्यै नमः लिखा हुआ और स्तंभ पर देवी-देवता की आकृति, कमल, घंटियां, संस्कृत श्लोक, देवी-देवताओं की आकृतियां और हवनकुंड जैसे प्रमाणों को हाईकोर्ट ने अहम माना।

#### फैसले के बाद अलर्ट पर धार

फैसले के बाद धार में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरी तरह सतर्क और हाई अलर्ट पर हैं। इससे पहले भोजशाला में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में नमाज हुई। प्रशासन ने बीती रात से ही अधिक मात्रा में पुलिस बल बुला लिया था।

#### सुप्रीम कोर्ट जाएगा मुस्लिम पक्ष

धार शहर काजी वकार सादिक ने कहा-हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान है। वकील सलमान खुर्शीद और शोभा मेनन ने तथ्य रखे थे। हम फैसले की समीक्षा करेंगे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

#### सरकार उपलब्ध कराए सुविधाएं

कोर्ट ने कहा-सरकार की जिम्मेदारी है कि तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही परिसर की पवित्रता, धार्मिक स्वरूप और कानून व्यवस्था बनाए रखना भी सरकार का संवैधानिक कर्तव्य है। अदालत ने कहा-भोजशाला में हिंदू पूजा की परंपरा कभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई।

#### परिसर संस्कृत शिक्षा का प्रमुख केंद्र था

हाईकोर्ट ने माना कि ऐतिहासिक साहित्य और उपलब्ध साक्ष्य यह स्थापित करते हैं कि यह स्थल परमार राजवंश के राजा भोज से जुड़ा संस्कृत शिक्षा का प्रमुख केंद्र था। इसी के साथ हाईकोर्ट ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की रिट याचिका संख्या 10497/2022 और कुलदीप तिवारी की याचिका संख्या 10484/2022 का निपटारा करते हुए विस्तृत निर्देश जारी किए।

---

**महंगाई की मारः** देशभर में पेट्रोल-डीजल 3.25 रु. महंगा

## भोपाल में पेट्रोल 109.82 और डीजल 94.98 रुपए लीटर

### लखनऊ में पेट्रोल 97.53 और डीजल 90.81 रुपए लीटर

- मप्र के मंडला और पांढुर्णा में 111.29 लीटर पेट्रोल
- सरकार ने कहा- अभी भी कंपनियों को 25-30 रुपए घाटा
- पश्चिम एशिया में संघर्षः भोपाल, दिल्ली, मुंबई में नए दाम लागू

सत्ता सुधार ■ भोपाल/नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार पूरे देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 3.25 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दी हैं। नई दिल्ली में पेट्रोल की कीमतें बढ़कर 97.77 रुपए प्रति लीटर हो गई, जबकि डीजल की कीमतें 90.67 रुपए लीटर हो गई। इसके साथ ही देश के अन्य राज्यों में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ गई है। मुंबई में पेट्रोल 106.68 और डीजल 93.14 लीटर के पास पहुंच गया है। कोलकाता में पेट्रोल 108.74 और डीजल 95.13 रुपए लीटर हो गया। चेन्नई में पेट्रोल 103.67 और डीजल 95.25 प्रति लीटर पर बिक रहा है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश और केरल जैसे कुछ राज्यों में पेट्रोल की कीमतें 110 के पार पहुंच गई हैं, जबकि बाकी अन्य राज्यों में डीजल की कीमत 100 रुपए प्रति लीटर के करीब है।



#### सीएनजी दो रुपए किलो महंगी

लोगों पर महंगाई की एक और मार पड़ी है। शुक्रवार सुबह पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने के साथ ही सीएनजी की कीमतों में भी दो रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी कर दी गई है, जिससे आम लोगों का बजट और बिगड़ गया है। अब दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम समेत पूरे एनसीआर क्षेत्र में सीएनजी दो रुपए महंगी मिलेगी।

#### एमपी के 5 बड़े शहरों का रेट

| जिला | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| भोपाल | 109.82 | 94.88 |
| इंदौर | 109.86 | 95.06 |
| जबलपुर | 110.10 | 95.28 |
| ग्वालियर | 110.02 | 95.19 |
| उज्जैन | 110.16 | 95.34 |

#### यूपी के 5 शहरों में भाव

| शहर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| लखनऊ | 97.53 | 90.81 |
| वाराणसी | 98.53 | 91.70 |
| प्रयागराज | 97.65 | 90.77 |
| गोरखपुर | 97.89 | 91.03 |
| नोएडा | 97.79 | 90.91 |

#### इंदौर में पेट्रोल 109.81 रुपए प्रति लीटर

इंदौर में पेट्रोल का रेट 109.81 रुपए प्रति लीटर और डीजल का रेट 95.02 रुपए लीटर हो गया है। स्पीड पेट्रोल की कीमत बढ़कर 119.56 रुपए लीटर पहुंच गई है। ग्वालियर में पेट्रोल 109.7 और डीजल 94.90 रुपए लीटर जबकि सिंगरौली में पेट्रोल 109.92 और डीजल 95.14 लीटर हो गया है।

#### मंडला-पांढुर्णा में सबसे महंगा मिल रहा पेट्रोल

सबसे महंगा पेट्रोल मप्र के मंडला और पांढुर्णा में 111.29 प्रति लीटर है। इसके बाद अलीराजपुर, बालाघाट, बुरहानपुर, खंडवा, मैहर, मऊगंज, पन्ना, रीवा और श्योपुर का नंबर आता है जहां पेट्रोल 111.28 प्रति लीटर है।

#### नई दरें सुबह 6 बजे से ही लागू

**इधर,** मध्यप्रदेश में पेट्रोल और डीजल के दाम 3.25 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए गए हैं। नई दरें सुबह 6 बजे से ही लागू हो गई हैं। अब राजधानी भोपाल में पेट्रोल का रेट 106.68 रुपए से बढ़कर 109.82 रुपए प्रति लीटर हो गया है। डीजल 91.87 रुपए की जगह 94.98 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है। उज्जैन में पेट्रोल 110.18 रुपए और डीजल 95.36 रुपए, जबलपुर में पेट्रोल 109.79 और डीजल 95 रुपए लीटर हो गया है।

---

## देशभर में नीट-यूजी परीक्षा 21 जून को होगी दोबारा

### एनटीए ने एक्स पर किया री-एग्जाम तिथि का एलान, पहली बार केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने तोड़ी चुप्पी

- एलान-परीक्षा में छात्रों को 15 मिनट अतिरिक्त समय
- मंत्री की दो टूक-दोषियों को पाताल से भी ढूंढ निकालेंगे
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने नीट में धांधली की बात स्वीकारी
- अगले साल से नीट-यूजी परीक्षा ऑनलाइन होगी
- दावा-पेपर लीक केस में अब तक आठ गिरफ्तारियां

एजेंसी ■ नई दिल्ली

नीट-यूजी-2026 के पेपर लीक कांड ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। छात्रों के बीच गुस्सा देखने को मिल रहा है। इस बवाल के बीच शुक्रवार को पहली बार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सामने आए और अपनी चुप्पी तोड़ी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय मंत्री ने दो टूक कहा- दोषियों को पाताल से भी ढूंढ निकालेंगे। हालांकि, मंत्री से पहले एनटीए ने एक्स पर नई तारीखों की जानकारी पहले ही दे दी थी। 21 जून को छात्र दोबारा परीक्षा दे पाएंगे। मंत्री ने एलान किया कि नीट यूजी 2026 के री-एग्जाम के एडमिट कार्ड 14 जून तक जारी कर दिए जाएंगे। इसके अलावा छात्रों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। छात्र रीएग्जाम में अपनी पसंद का सेंटर चुन पाएंगे। मंत्री ने कहा-7 मई को गड़बड़ी का पता चला था। एनटीए ने सरकार को बताया। फिर 12 मई को रीएग्जाम का फैसला लिया गया।

#### 2027 में ऑनलाइन परीक्षा

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस बात का भी ऐलान किया कि अगले साल से छात्रों की नीट की परीक्षा को



कंप्यूटर बेस्ड यानी ऑनलाइन कर दिया जाएगा। अभी तक ओएमआर शीट पर पेपर होता था, जिससे पेपर लीक की संभावना ज्यादा थी। मंत्री ने कहा-हम आज नई तारीख के साथ आए हैं। आज से एक महीने के बाद नई परीक्षा होगी। हमारी अप्रोच वही रहेगी। मंत्री ने कहा कि परीक्षा माफियाओं के साथ हमारी लड़ाई है। जो भी दहशतगर्द घूम रहे हैं, आने वाले एग्जाम में वह इससे दूर रहें नहीं तो उन्हें दंड भुगतना पड़ेगा।

#### कब क्या हुआ

- 21 जून 2026: होगा नीट-यूजी री-एग्जाम
- 03 मई: 23 लाख छात्रों ने परीक्षा दी
- 07 मई: पेपर लीक की जानकारी मिली
- 12 मई: एनटीए ने नीट परीक्षा रद्द की

#### अहम फैसले

- छात्रों को फिर से अप्लाई नहीं करना होगा
- कोई अतिरिक्त शुल्क भी नहीं लिया जाएगा
- पहले से जमा फीस भी वापस की जाएगी
- नए प्रवेश पत्र 14 जून से जारी किए जाएंग

#### सीबीआई तह तक जाएगी

मंत्री ने कहा-विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल से भ्रमात्मक तथ्यों को रखा जाता है। गुमराह करने की कोशिश की जाती है जिससे बचना बेहद जरूरी है। सरकार ने तुरंत सीबीआई को जांच सौंपी। इस बार सीबीआई तह तक जाएगी और गड़बड़ी का पता लगाएगी। मंत्री ने कहा-उसे एजेंसियां गंभीरता से ले रही हैं।

#### नीट के असली प्रश्नपत्र के सवाल बाहर पहुंचे

एनटीए ने तय किया है कि हम एक सप्ताह विद्यार्थियों को अपने पसंद का शहर में परीक्षा देने का मौका देंगे। जांच के दौरान 12 मई तक यह साफ हो गया कि गेस पेपर के नाम पर असली प्रश्नपत्र के सवाल बाहर पहुंचे थे। सरकार नहीं चाहती थी कि शिक्षा माफिया की वजह से किसी ईमानदार और मेहनती छात्र का हक छीना जाए।

---

## नीट पेपर लीक केस का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट यूजी पेपर लीक केस में सीबीआई को बड़ी सफलता मिली है। सीबीआई ने मामले के सरगना को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान पीवी कुलकर्णी के रूप में हुई है, जो केमिस्ट्री के लेक्चरर है और एनटीए के एग्जाम प्रोसेस से जुड़ा हुआ था। सीबीआई जांच में सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि मुख्य आरोपी पीवी कुलकर्णी, जो कि मूल रूप से लातूर का रहने वाला है, पुणे में एक केमिस्ट्री लेक्चरर है। वह एनटीए की ओर से परीक्षा प्रक्रिया में शामिल था, जिसके कारण उसकी पहुंच सीधे प्रश्नपत्रों तक थी। अप्रैल 2026 के आखिरी हफ्ते में कुलकर्णी ने एक अन्य आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से छात्रों को जुटाया और पुणे स्थित अपने घर पर स्पेशल कोचिंग क्लासेस चलाईं। मनीषा वाघमारे को सीबीआई पहले ही 14 मई को गिरफ्तार कर चुकी है।

**कुलकर्णी एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया में था शामिल**

---

## भारत-यूएई के बीच एलपीजी सप्लाई पर समझौता

### मोदी के प्लेन को सुरक्षा, पीएम की राष्ट्रपति अल नाहयान के साथ बैठक में फैसला

#### भारत और यूएई के बीच पांच अहम समझौते पर हुए साइन

एजेंसी ■ दुबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को यूएई दौरे पर पहुंचे। अबूधाबी पहुंचने पर पीएम मोदी का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। यूएई एयरफोर्स के एफ-16 फाइटर जेट्स ने प्रधानमंत्री के विमान को सुरक्षा दी गई। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों देशों के बीच एलपीजी सप्लाई को लेकर अहम समझौता हुआ। इसके अलावा स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व, रक्षा सहयोग और



वडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर से जुड़े एमओयू भी साइन किए गए। यूएई ने भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में 5 अरब डॉलर निवेश का ऐलान भी किया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, निवेश और वेस्ट एशिया के हालात पर चर्चा की।

#### नीदरलैंड के लिए रवाना

प्रधानमंत्री मोदी का यूएई दौरा केवल करीब 180 मिनट का था। पीएम 15 से 17 मई तक (3 दिन) नीदरलैंड दौरे के लिए रवाना हो गए हैं। यह दौरा भारत और नीदरलैंड के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत बनाने के लिहाज से काफी अहम है।

---

**मौसम** पिछले साल मानसून 24 मई को आया था, एमपी, राजस्थान-पंजाब में कम बारिश होगी

## सुखद संकेत... 26 मई को केरलम पहुंचेगा मानसून

सत्ता सुधार ■ भोपाल/नई दिल्ली

मौसम विभाग ने शुक्रवार को दावा किया है कि मानसून केरलम में 26 मई को दस्तक देगा। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, फिर देश के दूसरे हिस्सों को कवर करने के लिए उत्तर की ओर बढ़ता है। पिछले साल मानसून 24 मई को आया था। 2025 में सामान्य से 8 फीसदी ज्यादा बारिश हुई थी।

30 सितंबर 2025 को मौसम विभाग ने बताया था कि पूरे देश में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक बारिश (937.2 मिमी) दर्ज की गई। इस साल मानसून की बारिश सामान्य से कम रह सकती है। निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट वेदर ने इस साल के मानसून का पूर्वानुमान जारी किया है। इसके अनुसार, बारिश सामान्य से 6 फीसदी कम रह सकती है। जून से सितंबर तक मानसून के 4 महीनों में देश में बारिश का सामान्य औसत 868.6 मिलीमीटर है। सामान्य से कम मानसून का मतलब है कि बारिश 90 से 95 फीसदी के बीच रहेगी। एजेंसी ने 94 फीसदी बारिश का अनुमान दिया है।



#### खंडवा के रास्ते मप्र आएगा मानसून

मध्यप्रदेश में मानसून 10 से 16 जून के बीच दस्तक देगा। केरलम में पहुंचने के बाद यह आगे बढ़ते हुए मध्यप्रदेश में प्रवेश करेगा। अनुमान है कि मानसून प्रदेश के पश्चिमी हिस्से-खंडवा, खरगोन, बड़वानी और बुरहानपुर के रास्ते एंट्री लेगा।

#### जून में सामान्य बारिश होगी

जून में सामान्य बारिश होगी, लेकिन जुलाई से गिरावट शुरू होकर अगस्त और सितंबर में मानसून कमजोर पड़ेगा। खासकर अगस्त-सितंबर में बारिश की कमी ज्यादा रहने के संकेत हैं। मध्य और पश्चिम भारत के मुख्य क्षेत्रों में बारिश कम रहने के आसार हैं। अगस्त-सितंबर में मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में सामान्य से कम बारिश की आशंका है।

#### जुलाई से बारिश में होगी कमी

- एलपीए के मुकाबले जून में 101 फीसदी बारिश संभव। इस माह का एलपीए 165.3 मिमी है।
- सितंबर में एलपीए के मुकाबले 89 फीसदी बारिश का पूर्वानुमान। एलपीए 167.9 मिमी है।
- एलपीए के मुकाबले 95 फीसदी बारिश जुलाई में होगी। इस माह एलपीए 280.5 मिमी है।
- एलपीए के मुकाबले अगस्त में 92 प्रतिशत बारिश संभव। इस माह का एलपीए 254.9 मिमी है।

---

## प. बंगाल के तीन आईपीएस अफसरों पर निलंबन की गाज

### आरजी कर केस में शुभेंदु का बड़ा एक्शन

एजेंसी ■ कोलकाता



पश्चिम बंगाल सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या केस में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए तीन आईपीएस आफसरों को निलंबित कर दिया है। निलंबित किए गए आफसरों में तत्कालीन कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, तत्कालीन डीसी (नॉर्थ) अभिषेक गुप्ता और तत्कालीन डीसी (सेंट्रल) इंदिरा मुखोपाध्याय शामिल हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि केस की फाइल दोबारा खोली जाएगी और तत्कालीन पुलिस अधिकारियों की भूमिका की विभागीय जांच कराई जाएगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि उस समय की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भूमिका की भी जांच के दायरे में समीक्षा की जाएगी।

# नि:संतानता से मुक्ति के लिए सरकार स्थापित करेगी आईवीएफ सेंटर

## आम आदमी को कम खर्च में आवास उपलब्ध कराने के लिए कार्य करें हाउसिंग बोर्ड और विकास प्राधिकरण

### सीएम ने कहा- प्रदेश को देश में सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनाना हमारा लक्ष्य, सभी समाजों के बच्चों के लिए कॉमन हॉस्टल किए जाएं संचालित

- प्रदेश में उद्योग लगाने वाली कंपनियां अपने परिसर में युवाओं के कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण केन्द्र करें स्थापित
- जन्मभूमि से कर्मभूमि तक अभियान में जल संरक्षण गतिविधियों से जुड़े आमजन
- नदियों के उ–म स्थलों को संरक्षित करने के लिए विकसित की जाए सैटेलाइट टाउनशिप
- होमगार्ड संभालेंगे धार्मिक स्थलों का प्रबंधन
- समाजों द्वारा धर्मशाला निर्माण के लिए समाज को प्रोत्साहित करेगी राज्य सरकार
- खण्डवा और बुरहानपुर की मंडियों में कपास के लिए मंडी शुल्क घटाने के दिये निर्देश
- प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में लागू हो बॉयोमैट्रिक अटेंडेंस
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्वयं करेंगे कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति का निरीक्षण
- मंत्रालय में हुई विभिन्न विभागों की समीक्षा में दिए निर्देश

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेशवासियों के विकास, उनके जीवन स्तर में सुधार करना और जन-जन के कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियावयन सुनिश्चित करते हुए सभी विभाग अपनी सार्थकता को स्थापित करें। विभाग अपने कार्य क्षेत्र की कठिनाइयों और चुनौतियों को चिन्हित करते हुए, सकारात्मक भाव से उनका निराकरण करें। विभाग और जिले जिन क्षेत्रों में पीछे हैं, उनमें सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। मध्यप्रदेश को सभी क्षेत्रों में देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित करना हमारा प्रयास हो। जनहित में किए जाने वाले सभी नवाचारों को राज्य सरकार प्रोत्साहित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों और योजनाओं के क्रियावयन के संबंध में शुक्रवार को मंत्रालय में आयोजित नोडल विभागों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन सहित अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

#### स्वामित्व योजना में महिलाओं के नाम से कराई जाए रजिस्ट्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी की नि:शुल्क रजिस्ट्री के कार्य का लाभ प्रदेश के सभी ग्रामवासियों को दिलवाने के लिये अभियान के स्वरूप में संचालित किया जाए। लोकहित के इस कार्य में जनप्रतिनिधियों- पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता आवश्यक रूप से सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामित्व योजना में महिलाओं के नाम रजिस्ट्री कराई जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों को जमीन के नि:शुल्क पट्टे वितरित किए जाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि घोषित करने की प्रक्रिया को सरल बनाना आवश्यक है। कलेक्टर समय सीमा निर्धारित करते हुए पूरी संवेदनाशीलता और सक्रियता से कार्य करें। इससे ग्रामीण क्षेत्र से शहरों में हो रहे पलायन को कम करने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्र से सटे गांवों के लिए प्रक्रिया का क्रियान्वयन क्षेत्र का नियोजन कर किया जाए। इससे क्षेत्र के सौंदर्यीकरण में मदद मिलेगी और स्थानीय निवासियों को स्कूल, खेल के मैदान, मूलभूत आवश्यकताओं की दुकानों और धर्मशालाओं जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा सकेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बैठक में बताया गया कि नर्मदा समग्र मिशन की स्थापना के संबंध में नोडल विभाग/स्पेशल सेल के गठन की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय लोगों को जागरूक कर नर्मदा समग्र अभियान से जोड़ा जाए। जीवनदायिनी मां नर्मदा मध्यप्रदेश की लाइफलाइन है। अमरकंटक स्थित नर्मदा उद्गम स्थल सहित सभी प्रमुख नदियों के उद्गम स्थलों को संरक्षित करने की आवश्यकता है। यहां प्राकृतिक सौंदर्य बना रहे और सीमेंट क्रांकीट के पक्के निर्माण कम हो, इसके लिए उद्गम स्थलों से दूर सुव्यवस्थित सैटेलाइट टाउनशिप विकसित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा समग्र मिशन से जुड़े सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को माह के पहले सोमवार को बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा परिक्रमा यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।



#### होमगार्ड बल का क्षमता संवर्धन होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकाल महालोक के प्रबंधन के लिए मंदिर समिति द्वारा होमगार्ड की व्यवस्था की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थानों पर भी होमगार्ड के माध्यम से व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे होमगार्ड बल का क्षमता संवर्धन भी होगा, जिसका उपयोग प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला पर्यटन परिषदों को भी जिला स्तर पर पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में सहभागी बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विभिन्न समाजों और संस्थाओं द्वारा बनाई जाने वाली धर्मशालाओं में राज्य शासन सहयोग प्रदान करें, इससे धार्मिक पर्यटन के लिए आने वाले गरीब वर्ग को राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ :2028 के दृष्टिगत उज्जैन के दताना मताना हवाई पट्टी के स्थान पर 2700 मीटर लंबी नवीन हवाई एवं एयरपोर्ट निर्माण की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि उज्जैन एयरपोर्ट के विकास के लिए आवश्यक भू अर्जन की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इसका भूमि–पूजन किया जाएगा।

#### कपास उत्पादक किसानों के लिये कम किया मंडी शुल्क

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषक कल्याण वर्ष 2026 में नवाचार और नई योजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि खंडवा और बुरहानपुर की मंडियों में कपास उत्पादक किसानों से लिया जा रहा मंडी शुल्क एक रुपए से घटाकर 55 पैसे करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के कपास उत्पादक किसानों को उपज बेचने में कठिनाई न हो इसके लिए कपास का मंडी शुल्क पड़ोसी महाराष्ट्र राज्य के बराबर 55 पैसे किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों को अग्निवीर योजना के अंतर्गत अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया में केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से मिले निर्देशों को लागू करने के निर्देश दिए।

#### पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर की जाए समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रीष्मकाल में नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गर्मी के मौसम में सभी को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर समीक्षा की जाए। जल संरक्षण के लिए कार्य करने मे जन सामान्य को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि अपने ग्राम और वार्ड की बेहतरी के लिए कार्य करने के इच्छुक व्यक्तियों को ''जन्मभूमि से कर्मभूमि तक'' का अभियान चलाये और उन्हें जल संरक्षण गतिविधियों से जोड़ा जाए। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जल संरक्षण गतिविधियों को अभियान का रूप दिया जाए।

बैठक में पीएचई, नगरीय विकास और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को ग्रीष्मकाल में विभाग की तैयारियां वॉटरशेड मिशन की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के किसी बसाहट में वर्तमान में जल परिवहन की आवश्यकता नहीं है। नगरीय विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभाग नलजल योजना पर तेजी से कार्य कर रहा है। प्रदेश भर में अमृत-1 और अमृत-2 योजना के अंतर्गत पानी और सीवरेज प्रबंधन के लिए कार्य निरंतर प्रगति पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पीएम मित्र पार्क अन्य औद्योगिकी क्षेत्रों के आस-पास विद्यमान आई.टी.आई. पॉलिटेक्निक में उन क्षेत्रों की मांग के अनुरूप सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए। प्रदेश में जिन औद्योगिक इकाइयों को उद्योग स्थापना के लिए भूमि आवंटित की जा रही है। वे उद्योग, अपने परिसर में युवाओं को प्रशिक्षित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा तथा औद्योगिक इकाइयों को दक्ष और निपुण स्टॉफ उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजीव प्राद्योगिकी विश्वविद्यालय को तीन विश्वविद्यालयों को मध्यभारत तकनीकी विश्वविद्यालय मुख्यालय भोपाल, मालवा तकनीकी विश्वविद्यालय मुख्यालय उज्जैन और महाकौशल तकनीकी विश्वविद्यालय मुख्यालय जबलपुर में विघटित करने की दिशा में हुई प्रगति की जानकारी प्राप्त हुई। बैठक में झाबुआ में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा बनाये जा रहे मेडिकल कॉलेज के लिए आरजीपीवी द्वारा निर्मित इंजीनियरिंग कॉलेज के हस्तांतरण के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई।

#### उत्तर प्रदेश सरकार के साथ चित्रकूट धाम के समग्र विकास के लिए होगी संयुक्त बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चित्रकूट धाम के समग्र विकास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। चित्रकूट धाम की मंदाकिनी नदी में पानी की धारा को अविरल रखने की योजना पर कार्य किया जाएगा। देश में विरासत से विकास के मॉडल के साथ धार्मिक पर्यटन का इकोसिस्टम तैयार किया गया है। ओंकारेश्वर के ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के महातम्य से जन-जन को अवगत कराना जरूरी है। ममलेश्वर के विकास से भविष्य में भीड़ प्रबंधन में भी मदद मिलेगी। उन्होंने श्रीराम वन गमन पथ, श्री कृष्ण पाथेय और चित्रकूट धाम में जारी विकास कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के दिशा निर्देश दिए।

#### बॉयोमैट्रिक उपस्थित लागू होने से शासकीय कार्य कुशलता और समय बद्धता में होगी वृद्धि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजधानी भोपाल में मंत्रालय, विंध्याचल और सतपुड़ा भवन में तैनात कर्मचारियों की बॉयोमैट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बॉयोमैट्रिक अडेंटेंस एक नवाचारी पहल है। इसे प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में लागू किया जाए। सभी कार्यालयों में बॉयोमैट्रिक उपस्थित लागू होने से शासकीय कार्य कुशलता और समय बद्धता में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे स्वयं भी कार्यालयों में अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा समय के पालन का निरीक्षण करेंगे।

# जय गुरुदेव आश्रम: गीता भवन को लेकर सीएम ने किया बड़ा ऐलान

## सीएम डॉ. मोहन यादव पहुंचे उज्जैन, जय गुरुदेव आश्रम में लिया आशीर्वाद



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को उज्जैन स्थित जय गुरुदेव आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने पूज्य गुरुदेव उमाकांत महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया और अमृत प्रवचनों का श्रवण किया। इस दौरान आश्रम में लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा, जिससे वहां का नजारा सिंहस्थ जैसा भव्य दिखाई दे रहा था। इस मौके पर गुरुदेव उमाकांत महाराज ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद देते हुए कहा कि डॉ. यादव अपने लोक कल्याणकारी कार्यों से अब जनता के लाडले बन गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच से देश-विदेश से आए लाखों अनुयायियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाबा जय गुरुदेव का उज्जैन आगमन हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। सनातन धर्म की मान्यताओं का उल्लेख करते हुए सीएम ने कहा कि 84 लाख योनियों के बाद मिलने वाले इस मानव जीवन को सही और संयमित तरीके से जीने का मार्ग गुरुओं के चरणों से ही प्राप्त होता है। गुरुदेव के आशीर्वाद से ही हमें सनातन और सत्य के मार्ग पर चलने की निरंतर प्रेरणा मिल रही है।

**धार्मिक नगरों में शराबबंदी और गौ-संरक्षण पर बड़ा बयान:** अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार द्वारा उठाए गए आध्यात्मिक और लोक कल्याणकारी कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महाराज जी की असीम कृपा और आशीर्वाद से ही सरकार प्रदेश में गौशालाओं के निर्माण और उनके संरक्षण का कार्य तेजी से कर रही है।

# कुटीर और ग्रामोद्योग को नए आयाम देने की तैयारी में मध्यप्रदेश

## हथकरघा, खादी, रेशम और महिला रोजगार पर विशेष फोकस

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार अब कुटीर एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र को रोजगार, नवाचार और बाजार से जोड़कर नया स्वरूप देने जा रही है। पारंपरिक शिल्प को आधुनिक सोच के साथ आगे बढ़ाने और ग्रामीण कारीगरों को बेहतर आय और पहचान दिलाने के लिये निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की पहचान महेश्वरी, चंदेरी, खादी और रेशम जैसे उत्पादों को सिर्फ संरक्षित ही नहीं, बल्कि विस्तारित और प्रतिस्पर्धी बनाया जा रहा है।



#### मुख्यमंत्री के प्रमुख निर्देश

हथकरघा क्लस्टर का विस्तार : महेश्वरी और चंदेरी की सफलता को देखते हुए प्रदेश के अन्य जिलों में भी नए हथकरघा क्लस्टर चिन्हित कर विकसित किए जाएंगे। खादी उत्पादन को मिलेगा बढ़ावाः पुराने कॉटन मिल क्षेत्रों और पारंपरिक बुनाई वाले इलाकों को जोड़कर खादी उत्पादन की नई योजना बनेगी। इसका उद्देश्य उत्पादन बढ़ाना और स्थानीय रोजगार सृजित करना है। लूम और चरखा प्रदाय योजना को महिला एवं बाल विकास तथा कृषि विभाग के साथ जोड़कर रोजगारपरक बनाया जाएगा। रेशम उत्पादन को लखपति दीदियों से जोड़ने का लक्ष्य है।

#### ब्रांड आउटलेट का विस्तार

मृगनयनी, कबीरा और विंध्यावैली जैसे ब्रांड के एम्पोरियम अब फ्रेंचाइजी मॉडल पर अन्य जिलों में खुलेंगे। पर्यटन निगम के साथ मिलकर प्रमुख पर्यटन स्थलों पर आउटलेट स्थापित किए जाएंगे।
धार्मिक स्थानों के लिए गुणवत्तापूर्ण पूजन सामग्री के उत्पादन और विक्रय को अनुदान और बैंक ऋण आधारित योजना से जोड़ा जाएगा।
नवाचार और युवा जुड़ाव : इंदौर की साड़ी वॉकथॉन की तर्ज पर उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर में आयोजन होंगे।

# मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी में 72 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र जारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा कंपनी की कार्य क्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाने व युवा एवं दक्ष प्रशिक्षुओं को अवसर प्रदान करने की दिशा में भर्ती प्रक्रिया निरंतर जारी है। कंपनी द्वारा दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कुल 72 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रस्ताव जारी किए गए हैं। इनमें पूर्व में घोषित प्रथम प्रतीक्षा सूची के 29 अभ्यर्थी भी सम्मिलित हैं। सितंबर 2025 से अब तक विभिन्न पदों पर कुल 277 चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति-पत्र जारी कर दिए गए हैं। नियुक्ति-पत्र कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट के कैरियर अनुभाग में अपलोड कर दिए गए हैं। सीधी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न श्रेणी-2 एवं श्रेणी-3 पदों के लिये कुल 43 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। श्रेणी-2 के अंतर्गत सहायक अभियंता प्रशिक्षु (मैकेनिकल-2, इलेक्ट्रिकल-6, इलेक्ट्रॉनिक्स-5) और शिफ्ट केमिस्ट प्रशिक्षु (8) के चयनित अभ्यर्थियों को कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं प्रशासन कार्यालय, ब्लॉक क्रमांक-9, शक्ति भवन, रामपुर, जबलपुर में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

**सितंबर 2025 से अब तक 277 नियुक्ति-पत्र किए गए जारी**

#### मुख्यमंत्री ने रामघाट मार्ग चौड़ीकरण का निरीक्षण किया, बोले-

# सहयोग कर मिसाल पेश कर रही उज्जैन की जनता

## सीएम ने जनता के सहयोग को सराहा

### सिंहस्थ 2028 की तैयारी: रामघाट पर देखा होमगार्ड का रेस्क्यू ऑपरेशन

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को उज्जैन प्रवास के दौरान सिंहस्थ-2028 की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों में स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों द्वारा मिल रहे सहयोग की खुलकर सराहना की। निरीक्षण के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर घाटों और मार्गों के चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इन सभी विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर रही है । सिंहस्थ के सभी निर्माण कार्य इस तरह से प्लान किए जा रहे हैं जिससे पौराणिक और धार्मिक नगरी उज्जैन को आगामी लंबे समय तक इसका लाभ मिलता रहे।



#### जनता और जनप्रतिनिधि पेश कर रहे नई मिसाल

मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों में मिल रहे जन सहयोग को लेकर उज्जैन की जनता का आभार जताया । उन्होंने कहा कि उज्जैन के जनप्रतिनिधि, सभी धर्मों के अनुयायी और आम नागरिक इन विकास कार्यों का न केवल समर्थन कर रहे हैं, बल्कि अपना पूरा सहयोग देकर देश के सामने एक नई मिसाल पेश कर रहे हैं। सीएम ने अधिकारियों को हिदायत दी कि श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए सभी कार्य तेज गति से पूरा करें।

#### होमगार्ड जवानों की हौसला अफजाई

मार्ग चौड़ीकरण का निरीक्षण करने के बाद सीएम ने रामघाट पर होमगार्ड विभाग द्वारा आयोजित 15 दिवसीय विशेष बाढ़ बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन का कड़ा प्रशिक्षण ले रहे होमगार्ड जवानों के बीच पहुंचकर उनकी हौसला अफजाई की।

**योजना** | कृषि वर्ष में 1.32 लाख हैक्टेयर क्षेत्र वृद्धि का लक्ष्य है उद्यानिकी फसलों में

# उद्यानिकी का विस्तार बनेगा कृषि वर्ष में किसानों की समृद्धि का आधार

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के निर्णय के साथ ही प्रदेश में कृषि एवं उससे जुड़ी संबद्ध गतिविधियों को बढ़ावा देने की व्यापक कार्य योजना पर अमल किया जा रहा है। कृषि वर्ष में विशेष रूप से उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश में एक लाख 32 हजार 147 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों का विस्तार करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शासन का उद्देश्य किसानों को परंपरागत खेती के साथ अधिक लाभकारी उद्यानिकी गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करना है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा तैयार की गई कार्य योजना के अनुसार फल फसलों के क्षेत्र में 18 हजार हैक्टेयर, सब्जी उत्पादन में 54 हजार हैक्टेयर, मसाला फसलों में 56 हजार हैक्टेयर, पुष्प उत्पादन में 3 हजार 500 हैक्टेयर, औषधीय फसलों में 600 हैक्टेयर तथा संरक्षित खेती में 47 हैक्टेयर क्षेत्र वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश सरकार का मानना है कि बदलते कृषि परिदृश्य में उद्यानिकी फसलें किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का सबसे प्रभावी माध्यम बन सकती हैं।



#### ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कृषि वर्ष की अवधारणा को केवल पारंपरिक खेती तक सीमित न रखते हुए पशुपालन, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन तथा उद्यानिकी जैसी गतिविधियों को भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर दिया है। शासन की मंशा है कि खेती को बहुआयामी बनाकर किसानों को वर्षभर आय सृजन के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। इसी दिशा में उद्यानिकी विभाग किसानों को उन्नत पौध सामग्री, आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई, पॉली हाउस, शेडनेट तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध करा रहा है।

**यह उपलब्धि प्रदेश के किसानों की बढ़ती जागरुकता**

प्रदेश में उद्यानिकी क्षेत्र की लगातार बढ़ती सफलता इस दिशा में सकारात्मक संकेत दे रही है। वर्ष 2022-23 में मध्यप्रदेश में उद्यानिकी फसलों का कुल क्षेत्रफल 25 लाख 96 हजार 793 हैक्टेयर था, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 28 लाख 60 हजार 952 हैक्टेयर तक पहुंच गया है। इसी प्रकार उत्पादन में भी रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2022-23 की तुलना में वर्ष 2025-26 में उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में लगभग 37 लाख 68 हजार 200 मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है। यह उपलब्धि प्रदेश के किसानों की बढ़ती जागरूकता, आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम मानी जा रही है।

# व्यापक रूप से हो रहे जल-संरक्षण व जल-संवर्धन के कार्य : सिलावट

**भोपाल।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत गांव-गांव, नगर-नगर में जल-संरक्षण एवं जल-संवर्धन के कार्य व्यापक रूप से कराए जा रहे हैं। प्रदेश में गत तीन वर्षों से यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य वर्षा काल के पूर्व जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, जीणोद्धार एवं आवश्यक मरम्मत कराए जाना है, जिससे वर्षा काल में इनमें पर्याप्त मात्रा में जल संग्रहण हो सके। इस अभियान में समाज के हर वर्ग का सहयोग लिया जा रहा है तथा इसे जन-आंदोलन का रूप दिया गया है। इस वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत 19 मार्च को इंदौर से की गई थी, तब से यह अनवरत जारी है और 30 जून तक चलाया जाएगा। जल संसाधन मंत्री ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रमुख रूप से जल संसाधन विभाग द्वारा विभागीय जल स्तोत्रों के समीप की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराना, नहरों की साफ-सफाई, सुदृढ़ीकरण एवं सोंदर्यीकरण, जल संरचनाओं के किनारे फैंसिंग एवं जलाशयों में रिसाव रोकने के लिए आवश्यक मरम्मत आदि कार्य कराए जा रहे हैं।

# खुदाई बनी खाई, पुताई की मिट्टी ने ले ली जान, शिवपुरी में मलबे में दबने से महिला की मौत से मचा कोहराम

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

जिले के खोड़ टपरियन क्षेत्र से एक बेहद सनसनीखेज और दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रही है, जहाँ घर की पुताई के लिए पोतनी मिट्टी निकालना एक महिला के लिए काल बन गया।

सनघटा परियोजना के तहत चल रही पाइपलाइन की खुदाई के दौरान अचानक मिट्टी धंसने से 42 वर्षीय महिला की मलबे में दबकर मौत हो गई।

इस घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।



### पाइपलाइन की खुदाई बनी मौत का कुआं!

मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में इन दिनों सनघटा परियोजना के तहत पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए जेसीबी से गहरी खुदाई का काम चल रहा है। इस खुदाई के दौरान जमीन के नीचे से सफेद पोतनी मिट्टी निकली थी। ग्रामीण इस मिट्टी का उपयोग अपने घरों को चमकाने और पुताई के लिए करते हैं, इसलिए यहाँ मिट्टी लेने वालों की भीड़ लगी थी।

### अचानक धंसी जमीन, चीख-पुकार के बीच डॉक्टरों ने घोषित किया मृत

गुरुवार की शाम खोड़ टपरियन निवासी सुशीला (42) पत्नी मानसिंह पाल भी इसी गड्ढे से मिट्टी निकाल रही थीं। तभी अचानक ऊपर से भारी-भरकम मिट्टी का हिस्सा भरभराकर सुशीला के ऊपर गिर गया। महिला के दबते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। आस-पास मौजूद ग्रामीणों ने आनन-फानन में भारी मशक्कत कर महिला को मिट्टी से बाहर निकाला और तुरंत खोड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर भागे। लेकिन अफसोस, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस जांच में जुटी, सुरक्षा पर खड़े हुए सवाल

घटना की सूचना मिलते ही खोड़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर लिया है। लेकिन इस हादसे ने विकास कार्यों के नाम पर की जा रही लापरवाह खुदाई और सुरक्षा इंतजामों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

## ब्रीफ न्यूज़

### एसपी का औचक एक्शनः कोलारस थाने पहुंचीं यांगचेन डोलकर भूटिया, रिकॉर्ड खंगालने से मचा हड़कंप

**शिवपुरी।** जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया अचानक कोलारस थाने जा पहुंचीं। एसपी के इस औचक निरीक्षण से थाने में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने के रिकॉर्ड, महत्वपूर्ण रजिस्टर, मालखाना और हवालात का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही परिसर में साफ-सफाई को परखते हुए पुलिस अधिकारियों से लंबित मामलों की विस्तृत जानकारी ली। एसपी ने सख्त लहजे में निर्देश दिए कि इलाके में अपराधों की रोकथाम और अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

### करैरा पुलिस का अवैध खनन पर प्रहारः म्हावरा घाट से जेसीबी ज़ब्त, आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी।** अवैध उत्खनन के खिलाफ एसपी के 'जीरो टॉलरेंस' निर्देश पर करैरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। दौनी ग्राम के म्हावरा घाट पर धड़ल्ले से चल रहे अवैध खनन की मुखबिर सूचना पर करैरा थाना प्रभारी विनोद सिंह छावई की टीम ने दबिश दी। पुलिस को देख भाग रहे आरोपी खैमु केवट (22) को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पुलिस ने मौके से अवैध उत्खनन में लगी एक जेसीबी मशीन को विधिवत ज़ब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर पूरा मामला आगामी कार्रवाई के लिए माइनिंग विभाग शिवपुरी को सौंप दिया है।

### नाबालिग से ज्यादती का आरोपी अरुण जाटव गिरफ्तार, फिजिकल पुलिस ने भेजा जेल

**शिवपुरी।** फिजिकल थाना क्षेत्र के करोंदी कॉलोनी से नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने और ज्यादती करने वाले आरोपी अरुण कुमार जाटव (22) को पुलिस ने दबोच लिया है। 1 मई को दर्ज हुई अपहरण की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए 12 मई को अपहृता को दस्तयाब किया था। मेडिकल रिपोर्ट और बयानों के आधार पर मामले में पॉक्सो एक्ट और बलात्कार की गंभीर धाराएं बढ़ाई गई। टीआई कृपाल सिंह राठौड़ की टीम ने आज आरोपी अरुण जाटव को मनपुरा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### कोतवाली पुलिस का सट्टा माफिया पर डंडाः कस्टम गेट से आरोपी गिरफ्तार, नगदी ज़ब्त

**शिवपुरी।** सट्टेबाजों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कोतवाली पुलिस ने कस्टम गेट के पास से एक सटोरिए को रंगे हाथ दबोचा है। मुखबिर की सटीक सूचना पर कोतवाली टीआई रोहित दुबे की टीम ने घेराबंदी कर भाग रहे आरोपी मोहन जाटव (40) निवासी घोसीपुरा को पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से दो सट्टा अंक पर्ची, पेन और 1450 नगद बरामद हुए। आरोपी ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सट्टा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है और साफ किया है कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# रेडिएंट कॉलेज में युवाओं को मिल रहा बैंकिंग के गुर सीखने का 'सुनहरा अवसर'

### बजाज फिनसर्व और स्किलसर्व के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क 'सूक्ष्म वित्त' प्रशिक्षण शिविर जारी

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

क्षेत्रीय युवाओं को बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र (BFSI) में करियर बनाने के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से स्थानीय प्रतिष्ठित रेडिएंट कॉलेज में 'सूक्ष्म वित्त' (Microfinance) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बजाज फिनसर्व और स्किलसर्व के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह 19 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर पूरी तरह से निःशुल्क है, जिसमें वर्तमान में 13 दिनों का कक्षा प्रशिक्षण उत्साहपूर्वक पूर्ण हो चुका है।



### प्रशिक्षक हिमांशु आचार्य के मार्गदर्शन में निखर रहे प्रशिक्षु

इस कार्यक्रम में शामिल युवा प्रशिक्षु बैंकिंग क्षेत्र की बारीकियां सीखने के लिए काफी गंभीर नजर आ रहे हैं। सभी प्रतिभागी अनुभवी प्रशिक्षक हिमांशु आचार्य जी के कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। हिमांशु जी के वृहद अनुभवों का लाभ उठाते हुए छात्र फील्ड विजिट प्रोटोकॉल, ग्राहकों के साथ विश्वास बनाने और सूक्ष्म वित्त की मूल अवधारणाओं जैसे व्यावहारिक पहलुओं को बारीकी से समझ रहे हैं।

### व्यावहारिक और डिजिटल कौशल पर जोर

पिछले 13 दिनों के दौरान प्रशिक्षुओं ने वित्तीय समावेशन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म वित्त की भूमिका पर अपनी पकड़ मजबूत की है। इसके साथ ही उन्होंने स्वयं सहायता समूहों (साव) का गठन, ऋण वितरण प्रक्रिया, पुनर्भुगतान प्रणाली और सटीक रिकॉर्डकीपिंग का गहन अभ्यास किया है। वर्तमान डिजिटल युग की आवश्यकता को देखते हुए छात्रों को डिजिटल डेटा प्रविष्टि और वित्तीय संस्थानों में प्रयुक्त होने वाली तकनीकी प्रणालियों में भी दक्ष बनाया जा रहा है।

### अब 'ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग' (OJT) की बारी

कक्षा प्रशिक्षण के सफल समापन के बाद अब ये सभी युवा अगले 6 दिनों के लिए 'ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग' के चरण में प्रवेश करेंगे। इस चरण में प्रशिक्षुओं को वास्तविक कार्यक्षेत्र का अनुभव मिलेगा, जहाँ वे रोलप्ले और फील्ड परिदृश्यों के माध्यम से अपनी कार्यकुशलता को सिद्ध करेंगे। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर स्किलसर्व द्वारा प्रदान किया जाने वाला प्रमाण पत्र इन युवाओं के लिए विभिन्न माइक्रोफाइनेंस कंपनियों और गैर-सरकारी संगठनों में रोजगार के द्वार खोलेगा।

### द्वितीय सत्र के लिए पंजीकरण प्रारंभ

यह संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम कुल तीन सत्रों में आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण का द्वितीय सत्र दिनांक 29 मई से प्रारंभ होने जा रहा है, जिसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इच्छुक अभ्यर्थी इस निःशुल्क अवसर का लाभ उठाने के लिए अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नंबर +91 9425984575 या 8085759463 पर संपर्क कर सकते हैं।

# मौत का लाइव कॉल! चलती ट्रक से मौत की छलांग... फोन पर ऐसा क्या सुना कि खत्म कर ली जिंदगी

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी



आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर एक ऐसी रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है जिसे सुनकर हर कोई दंग है। शिवपुरी में पदस्थ एक होमगार्ड जवान धर्मेंद्र आदिवासी ने चलती पुलिस ट्रक से कूदकर अपनी जान दे दी।

### क्या है पूरी 'खतरनाक' दास्तां

**राइफल जमा करने जा रहे थे ग्वालियर:** 12 मई की सुबह धर्मेंद्र अपने साथी जवानों और प्लाटून कमांडर के साथ मिनी ट्रक में सवार होकर शिवपुरी से ग्वालियर जा रहे थे।

**उस एक फोन कॉल ने बिगाड़ा खेल:** साथियों के मुताबिक, मोहना पार करते ही धर्मेंद्र के फोन पर घर से किसी का कॉल आया। लंबी बात हुई और अचानक उसका व्यवहार बदल गया।

**चिल्लाया और लगा दी छलांग:** जैसे ही ट्रक घाटीगांव के सिमरिया मोड़ पर पहुँचा, धर्मेंद्र अचानक जोर-जोर से चिल्लाने लगा और पलक झपकते ही तेज रफ्तार ट्रक के गेट से नीचे कूद गया।

**सिर के बल गिरा, मौके पर ही पसरा सन्नाटा:** जवान सीधे सिर के बल सड़क पर गिरा। नाक-कान से खून बहने लगा और अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**सस्पेंस:** आखिर उस कॉल पर क्या बात हुई पुलिस अब जवान के मोबाइल की CDR (कॉल डिटेल) खंगाल रही है। आखिर उस आखिरी कॉल में ऐसी क्या बात थी जिसने एक हंसते-खेलते जवान को मौत के आगोश में जाने पर मजबूर कर दिया घर की कलह या कोई बड़ी परेशानी जांच जारी है!

# 'स्पाइडरमैन' बनी पुलिस! ठग को पकड़ने छत के रास्ते घर में कूदे खाकीधारी, दबिश का लाइव वीडियो वायरल तो मच गया बवाल



सत्ता सुधार ■ करैरा

एमपी के शिवपुरी जिले में पुलिस का एक ऐसा 'एक्शन' सामने आया है जिसे देखकर हर कोई दंग है। साइबर ठगों की कमर तोड़ने निकली पिछोर पुलिस को जब आरोपी के घर का दरवाजा बंद मिला, तो पुलिस ने भी आव देखा न ताव... सीधे सीढ़ी मंगवाई और 'स्पाइडरमैन' स्टाइल में छत के रास्ते घर के अंदर दाखिल हो गई! अब इस पूरी फिल्मी स्टाइल दबिश का सीसीटीवी (CCTV) फुटेज सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है, जिसने पुलिस महकमे में खलबली मचा दी है।

### कुंडी बंद, तो छत का रास्ता चालू!

पूरा मामला करेरा कस्बे का है। शुक्रवार को पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस टीम साइबर ठगी के वांटेड और फरार आरोपी दशरथ लोधी की तलाश में दबिश देने पहुंची थी। पुलिस को पक्का इनपुट था कि आरोपी देवेंद्र लोधी के मकान में दुबक कर बैठा है।

पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर का मुख्य दरवाजा अंदर से लॉक था। पुलिसवालों ने काफी देर तक गेट खटखटाया, आवाजें दीं, लेकिन अंदर सन्नाटा पसरा रहा। इसके बाद पुलिस ने गजब का दिमाग लगाया; आम लोगों की मदद से एक सीढ़ी का इंतजाम किया गया और पुलिसकर्मी एक-एक कर मकान की छत पर चढ़कर अंदर दाखिल हो गए। हालांकि, शातिर ठग पुलिस के हाथ आने से पहले ही रफूचक्कर होने में कामयाब रहा।

### एसडीओपी बोले- 'यह पुलिस को बदनाम करने की साजिश'

सीसीटीवी वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस बैकफुट पर आने के बजाय फ्रंट फुट पर खेल रही है। एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने साफ लफ्जों में कहा कि वीडियो में पुलिस ने किसी के साथ कोई मारपीट या अभद्रता नहीं की है। उन्होंने मकान मालिक देवेंद्र लोधी पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि घर का फुटेज खुद वायरल करके पुलिस विभाग की छवि को खराब करने और बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

### 'डिजिटल अरेस्ट' के बड़े खेल से जुड़े हैं तार

आपको बता दें कि यह पूरा मामला कोई मामूली चोरी-चकारी का नहीं, बल्कि 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर लाखों डकारने वाले शातिर गैंग से जुड़ा है। बीते 15 मार्च को पिछोर पुलिस ने कछौआ के जंगलों से फर्जी सिम और नकली अरेस्ट वारंट के जरिए लोगों को डराने वाले तीन महाठगों (चंद्रशेखर, ठाकुर और भोला लोधी) को दबोचा था।

इसी गैंग का मुख्य मोहरा दशरथ लोधी फरार चल रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस ने यह 'छत वाली' दबिश दी थी। चर्चा तो यह भी है कि जिस देवेंद्र लोधी के घर पुलिस कूदी थी, उसकी आर्थिक स्थिति कुछ साल पहले तक बेहद सामान्य थी, लेकिन अचानक उसने करोड़ों की संपत्ति और आलीशान मकान खड़ा कर लिया है, जो अब जांच के घेरे में है।






# एक सप्लीमेंट्री ने उजाड़ा हंसता-खेलता परिवारः पोते की खुदकुशी के सदमे में दादी ने भी तोड़ा दम, दो दिन में उठीं दो अर्थियां

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

कहते हैं कि बच्चों की कामयाबी से ज्यादा उनके माता-पिता और बुजुर्गों के लिए कुछ नहीं होता, लेकिन जब वही बच्चे एक अदद परीक्षा के तनाव में जिंदगी हार जाते हैं, तो पीछे छूट गए बुजुर्गों के दिल भी उस सदमे को बर्दाश्त नहीं कर पाते। मध्य प्रदेश के शिवपुरी से एक ऐसा ही दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 12वीं के छात्र की आत्महत्या के गम में उसकी 75 वर्षीय दादी ने भी दम तोड़ दिया। महज 24 घंटे के भीतर एक ही घर से दो अर्थियां



उठने के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है।

### रिजल्ट का तनाव ले गया 18 साल के मासूम की जान

मामला शिवपुरी शहर के छोटे लुहारपुरा क्षेत्र का है। यहाँ रहने वाले 18 वर्षीय छात्र आर्यभान सिंह सिसौदिया ने इस वर्ष सीबीएसई (CBSE) बोर्ड से 12वीं की परीक्षा दी थी। बुधवार को जब परीक्षा परिणाम आया, तो आर्यभान दो विषयों में पूरक (सप्लीमेंट्री) आने की वजह से गहरे तनाव में चला गया। वह इस असफलता को बर्दाश्त नहीं कर सका और बुधवार की शाम उसने अपने घर की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

### पोते के जाने का सदमा नहीं सह पाई बूढ़ी आंखें

आर्यभान की मौत की खबर सुनते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सबसे गहरा झटका उसकी 75 वर्षीय दादी कमला देवी को लगा। अपने लाडले पोते को इस तरह खोने के बाद से ही कमला देवी गहरे सदमे में चली गई और उनकी तबीयत लगातार बिगड़ने लगी। गुरुवार को हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था; इलाज के दौरान पोते के वियोग में तड़प रहे कमला देवी के दिल ने काम करना बंद कर दिया। उन्हें एक जोरदार हार्ट अटैक आया और उन्होंने भी दुनिया को अलविदा कह दिया।

# शासकीय केंद्रीय पुस्तकालय में समर कैंप 2026 का हुआ शुभारंभ






**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

ज्ञान, खेल और रचनात्मकता का संगम समर कैंप 2026 इस वर्ष 15 मई से 8 जून 2026 तक आयोजित का किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 15 मई शुक्रवार को मुख्य अतिथि अरविन्द शर्मा जिला कोषालय अधिकारी एवं अध्यक्ष अरविन्द सिंह संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। समर कैंप 2026 में बच्चों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, क्ले मॉडलिंग, हुला-हूप, स्पून लेमन रेस, कहानी सुनाने की प्रतियोगिता, बोर्डस गेम्स और पहेलिया, ट्रेजर हंट, आर्ट्स एंड क्राफ्ट और विज्ञान प्रयोग जैसी रोचक गतिविधियाँ रखी गई हैं। मुख्य अतिथि अरविन्द शर्मा ने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों की प्रतिभा निखारने के साथ-साथ उनके मानसिक एवं सामाजिक विकास में भी सहायक होते हैं, साथ ही श्री शर्मा ने कहा की समर कैंप के समापन समारोह मे कोषालय ग्वालियर की तरफ से भी सहयोग किया जायेगा।

वहीं अरविन्द सिंह ने कहा कि समर कैम्प बच्चों की प्रतिभा को निखारने तथा उनके बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अवकाश के समय का सदुपयोग कर नई गतिविधियों एवं कौशलों को सीखने के लिए प्रेरित किया। इस समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मोबाइल और डिजिटल स्क्रीन से दूर रखना है, आजकल बच्चों का अधिकांश समय स्मार्टफोन, टैबलेट्स, और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के साथ गुजरता है, जो उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, इस समर कैम्प के दौरान बच्चों में डिजिटल उपकरण से दूर रखने का एक अच्छा प्रयास किया जायेगा, यह बच्चों को समय प्रबंधन और तकनीक का सही उपयोग सिखया जायेगा, ताकि वे अपनी प्राथमिकताओं को समझ सकें और डिजिटल उपकरणों के साथ संतुलन बनाए रख सकें, जिससे बच्चों को मोबाइल से दूर रहकर, उन्हें न केवल स्क्रीन टाइम से राहत मिलेगी, बल्कि यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सही दिशा में कदम बढाने में सहयोगी सिद्ध होगा। समर कैम्प में बच्चों के लिए दस हजार रुपए राशि की खेल सामग्री अभ्युथानम वेलफेयर फाउंडेशन की तरफ से शासकीय केन्द्रीय पुस्तकालय को पिछले वर्ष की भांति भेंट की गयी। कार्यक्रम का संचालन विवेक कुमार सोनी पुस्तकालय प्रबंधक द्वारा एवं आभार प्रदर्शन राकेश कुमार शर्मा क्षेत्रीय ग्रंथपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूजा साहू (ग्रंथपाल), हरीश कुमार शर्मा (गणक), अनीता ओडिया, शिवम शर्मा, कमल चामडिया, आकाश पाल, सनत कुमार पाठक एवं समर कैंप 56 पंजीकृत बच्चे और उनके अभिभावक सहित पुस्तकालय मे अध्ययनरत छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

# दिव्यांग बच्चों के लिए कृष्णालय बना अपना घर...

## छात्रावास बनाना आगामी सपना जिसमें दिव्यांग बच्चों को मिलेंगी समुचित सुविधाएं

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**




कृष्णालय दिव्यांग चाइल्ड केयर स्कूल दिव्यांग बच्चों के लिए घर के वातावरण से अधिक सुखमय प्रतीत हो रहा है जहां दिव्यांग बच्चों को खेल कूद गाने बजाने के अलावा उनको प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से पढ़ाया भी जाता है। कृष्णालय दिव्यांग चाइल्ड केयर स्कूल के बारे में एक पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष श्याम श्रीवास्तव एवं सचिव संस्थापक नम्रता सक्सैना ने संयुक्त रूप से बताते हुए कहा कि दो वर्ष पहले दिव्यांग चाइल्ड केयर स्कूल की शुरुआत छह बच्चों के साथ हुई जो कि न्यू इंद्रा नगर कोटेश्वर रोड से हुई। पहले वाले स्थान पर बच्चों के बढने से जगह कम पडने लगी इस कारण दिव्यांग चाइल्ड केयर स्कूल मोहन नगर ठाठीपुर पर खोला गया आज यहां पर आधा सैकड़ा के लगभग दिव्यांग बच्चे है जो कि सुबह स्कूल की वैन से आते है और शाम को वैन द्वारा घर आपस जाते है। डे सेंटर होने के कारण बच्चे चाहते हुए भी स्कूल में नहीं रुक पाते है। स्कूल में आने वाले बच्चों को दोपहर में सासाहिक दिनों के हिसाब से भोजन दिया जाता है। इसी विषय पर और अधिक बताते हुए संस्थापक / सचिव नम्रता सक्सैना ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के छात्रावास खोलना उनका आगामी सपना है जिसे वह जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश में लगी हुई है।

### शुभ सिंह चौहान ने खगोल विज्ञान में विश्व रिकॉर्ड बनाकर शहर का नाम किया रोशन



**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

डीआरडीओ में पदस्थ वरिष्ठ वैज्ञानिक सौरभ सिंह चौहान एवम माता मीनाक्षी वरिष्ठ अधिवक्ता मप्र हाईकोर्ट के सुपुत्र 3 वर्षीय मास्टर शुभ सिंह चौहान ने अपनी अद्भुत प्रतिभा से रचा इतिहास। 3 वर्षीय मास्टर शुभ सिंह चौहान ने खगोल विज्ञान में विश्व रिकॉर्ड बनाकर देश और शहर का नाम किया। रोशन ने महज 5 मिनट 59 सेकंड में अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े 30 तकनीकी सवालों के जवाब देकर बने एस्ट्रो एक्सपर्ट शुभ ने हासिल किया बड़ा मुकाम उन्हें 'वर्ल्ड यंगेस्ट किड टू आंसर दा मोस्ट एस्ट्रोनॉमी क्वेश्चन' के खिताब से नवाज़ा गया है। ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर के नन्हे प्रतिभाशाली बालक शुभ सिंह चौहान ने बेहद कम उम्र में ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जिसने पूरे देश को गौरवान्वित कर दिया है। 5 दिसंबर 2022 को जन्मे शुभ ने मात्र 3 वर्ष की उम्र में खगोल विज्ञान यानी एस्ट्रोनमी के कठिन सवालों के सबसे तेज़ जवाब देकर अपना नाम 'वर्ल्डवाइड बुक ऑफ़ रिकार्ड्स ब्रिटेन' और 'यूनिक वर्ल्ड रिकार्ड्स' में दर्ज कराया है।

# चैंबर पदाधिकारियों ने जीडीए अध्यक्ष का किया स्वागत

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सचिव दीपक अग्रवाल, हेमंत गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा प्राधिकरण कार्यालय में प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश शिवहरे तथा सुधीर गुप्ता का स्वागत किया गया। इस अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा व्यापारियों के हित में माधव प्लाजा के आवंटियों की दुकानों के प्रीमियम पर स्थगन अवधि के ब्याज को माफ किए जाने संबंधी ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। माननीय अध्यक्ष महोदय ने इस संबंध में सहानुभूतिपूर्वक प्राधिकरण एवं शासन के नियमों के अधीन उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया। बैठक में प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नरोत्तम भार्गव जी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संगीत एवं कला विश्वविद्यालय में 2 जुलाई तक कर सकते हैं अप्लाई

### सभी पाठ्यक्रमों में एनआरआई व विदेशी छात्रों के लिए सभी तीन प्रतिशत प्रवेश आरक्षित रहेगा

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय में सत्र 2026-27 के प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 2 जुलाई है। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से सूचना जारी की गई है। ये एडमिशन वि.वि. की सभी अध्ययनशालाओं और विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के स्कूल, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के सभी पाठ्यक्रमों में नियमित छात्रों के प्रवेश के लिए है। एडमिशन के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन कराना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की साइट पर विजिट किया जा सकता है।

सभी शासकीय और अशासकीय संगीत एवं कला महाविद्यालयों व अध्ययनशाला विभागों में स्नातक स्तर प्रति कक्षा प्रति विषय 40 सीट और स्नातकोत्तर स्तर प्रति कक्षा प्रति विषय 30 सीटें निर्धारित की गई हैं। महाविद्यालयों व अध्ययनशाला विभागों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर अतिरिक्त सीट का प्रावधान रहेगा।

संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्कूल स्तर पाठ्यक्रमों हेतु प्रति विषय 40 सीट निर्धारित रहेंगी।

सबसे पहले छात्रो को एमपी ऑनलाइन के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके बाद आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन फॉर्म को विश्वविद्यालय अध्ययनशाला अथवा संबंधित महाविद्यालयों में जमा कराना होगा। संबंधित कोर्स संबंधी आवश्यक योग्यताएं पूर्ण होने पर ही अभ्यर्थियों का प्रवेश दिया जाएगा। सभी पाठ्यक्रमों में एनआरआई व विदेशी छात्रों के लिए तीन प्रतिशत प्रवेश आरक्षित रहेगा।

# शनि अमावस्या पर शनिदेव का विशेष अभिषेक व भंडारा आज

**ग्वालियर।** शनि अमावस्या और श्रीशनि जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार 16 मई को हुरावली मुरार स्थित श्रीशनि देव मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन होगा। श्री चित्रगुप्त नवग्रह एवं खाटू श्याम मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शाम 5 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



इसके बाद शाम 7 बजे भगवान शनिदेव का विशेष अभिषेक एवं पूजन विद्वान पंडित राजेश शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्रीमती हनु अमित श्रीवास्तव, निवासी चौहान पियाऊ, ग्वालियर रहेंगी। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से परिवार सहित पहुंचकर पूजा-अर्चना करने और प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। समिति के सदस्यों का कहना है कि शनि अमावस्या के कारण इस बार श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहने की संभावना है।

# जीडीए उपाध्यक्ष वेद प्रकाश शिवहरे प्रतिदिन कार्यालय में उपस्थित रहेंगे

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

ग्वालियर विकास प्राधिकरण में नवनियुक्त उपाध्यक्ष वेद प्रकाश शिवहरे द्वारा अवगत कराया गया है कि वे प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान प्राधिकरण से संबंधित आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु वे सीधे नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे।

# राजमाता के सेवा संस्कारों को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि : गिर्राज गुर्जर

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



राजमाता माधवीराजे सिंधिया की द्वितीय पुण्यतिथि पर शुक्रवार को ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा नेता गिर्राज सिंह गुर्जर एवं वार्ड 66 की पार्षद ऊषा गिर्राज सिंह द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजमाता माधवीराजे सिंधिया के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके समाजसेवा एवं जनकल्याण के कार्यों को याद किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नेता गिर्राज सिंह गुर्जर ने कहा कि राजमाता माधवीराजे सिंधिया सदैव गरीबों, जरूरतमंदों एवं समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित रहीं। उनके आदर्श आज भी समाजसेवा के लिए प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र की गरीब बस्तियों में जरूरतमंद लोगों को भोजन एवं फल वितरित किए गए। बड़ी संख्या में महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लेकर राजमाता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा वार्ड 66 की पार्षद ऊषा गिर्राज सिंह द्वारा क्षेत्र की जनता को गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर 5 वाटर कूलर समर्पित किए गए। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए जनसेवा के कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा में टुन्डेले परिवार ने लिया आशीर्वाद

**ग्वालियर।** जिले के ग्राम गंगा मालनपुर स्थित श्री जोर सरकार (हनुमान जी) धाम पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में खटीक समाज के टुन्डेले परिवार ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर परिवारजनों द्वारा व्यास गद्दी पर पुष्प अर्पित कर कथा व्यास एवं साधु-संतों का माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही सभी ने धर्ममय वातावरण में कथा एवं आशीष प्रवचन श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। धार्मिक आयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कथा के माध्यम से धर्म, संस्कृति एवं समाज में सद्भावना बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में राजू खटीक, राजेंद्र खटीक, दीपक खटीक, महेंद्र खटीक, भारत खटीक, कमलेश, दीपेंद्र, राजा, पुष्पेंद्र, नितिन, हेमंत टुन्डेलकर, मनीष, युवराज, अंशु, सम्राट, दक्ष एवं वंश आदि शामिल रहे।


## कार्यालय कलेक्टर जिला शिवपुरी एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग

क्रमांक 1128/ शिवपुरी, दिनांक 13/05/2026

**प्रारूप (V)**

(भूअर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19(1) एवं 40 (सहपठित भूमि अर्जन,पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन, विकास योजना) नियम 2015 के नियम 10 के अन्तर्गत)

राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया की नीचे दी गई अनुसूची में लोअर ओर परियोजना बांध निर्माण तहसील खनियाधाना जिला शिवपुरी के ग्राम नारौनी की डूब प्रभावित भूमि हेतु आवश्यक वर्णित भूमि जिसका कृषकवार सर्वे क्रमांक वार विवरण अनुसूची में उल्लेखित है। सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्व्यवस्थापन उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में अंकित भूमि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

**अनुसूची**

1. भूमि का वर्णन
   - जिला :- शिवपुरी
   - तहसील :- खनियाधाना
   - ग्राम :- नारौनी
   - भूमि लगभग :- 4.700 हेक्टेयर

**भूमि का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है**

| स.क्र. | कृषक का नाम पिता/पति का नाम निवास स्थान | खसरा नं. | भूमि का कुल रकबा हेक्टेयर में | अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा हेक्टेयर में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हुकुमसिंह पुत्र संजम सिंह जाति यादव पता शिवपुरी मध्य प्रदेश भू स्वामि हि 1/3 प्रहलादसिंह पुत्र संजमसिंह जाति यादव पता शिवपुरी मध्यप्रदेश भूमि स्वाम हि. 1/3 नेपाल सिंह पुत्र संजम सिंह जाति यादव पता शिवपुरी मध्यप्रदेश भू स्वामी हि 1/3 | 30/3 | 0.100 | 0.100 |
| 2 | राजेश पुत्र प्यारेलाल जाति चमार पता नारौनी खनियाधाना शिवपुरी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | 93/9 | 0.500 | 0.500 |
| 3 | खलसिंह पुत्र रामदयाल जाति यादव नारौनी खनियाधाना शिवपुरी म.प्र. भूमि स्वामी | 116 | 0.110 | 0.110 |
| 4 | मुलाब पुत्र महाराजसिंह जाति यादव हि. 1/2 लक्ष्मणसिंह पुत्र गिरवरसिंह जाति यादव हि. 1/2 नारौनी खनियाधाना शिवपुरी म.प्र. भूमि स्वामी | 123 | 0.200 | 0.200 |
| 5 | कमला पुत्र सगुनिया जाति सेहर | 161/1 | 0.600 | 0.600 |
| 6 | देवराज पुत्र गुनराज जाति सेहर | 161/4 | 0.600 | 0.600 |
| 7 | दयाराम पुत्र पूरन हि. 1/4 जाति सेहर पंचम पुत्र पूरन हि. 1/4 जाति सेहर रतिराम पुत्र पूरन हि. 1/4 जाति सेहर मुनियाबाई बेवा पूरन जाति सेहर हि. 1/4 नारौनी खनियाधाना शिवपुरी म.प्र. भूमि स्वामी | 175/1 | 0.170 | 0.170 |
| 8 | खलसिंह पुत्र रामदयाल जाति यादव नारौनी खनियाधाना शिवपुरी म.प्र. भूमि स्वामी | 180 | 0.030 | 0.030 |
| 9 | मु. रज्जूबाई बेवा ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 कमलसिंह पुत्र ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 जण्डेलसिंह पुत्र ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 जगदीश सिंह पुत्र ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 कमलाबाई पुत्री ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 सावित्रीबाई पुत्री ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 मुन्नी पुत्री ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 आशाबाई पुत्री ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 भागवती पुत्री ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 | 182 | 0.450 | 0.450 |
| 10 | हुकुमसिंह पुत्र संजम सिंह जाति यादव हि 1/3 प्रहलादसिंह पुत्र संजमसिंह जाति यादव हि 1/3 नेपाल सिंह पुत्र संजम सिंह जाति यादव हि 1/3 शिवपुरी म.प्र. भूमि स्वामी | 207/1 | 0.270 | 0.270 |
| 11 | कल्लू पुत्र कल्ला जाति सेहर | 230/9 | 0.600 | 0.600 |
| 12 | त्रिलोक पुत्र भैयालाल जाति यादव नारौनी खनियाधाना शिवपुरी म.प्र. | 244/2 | 0.210 | 0.210 |
| 13 | मोहन आत्मज पुत्रगण रतना जाति आदिवासी हि. 1/4 करोड़ी पुत्र खिल्ला जाति आदिवासी हि. 1/8 कल्ला पुत्री खिल्ला जाति आदिवासी हि. 1/8 अमरसिंह पुत्र भग्गू जाति आदिवासी हि. 1/8 राजो पुत्री भग्गू जाति आदिवासी हि. 1/8 दमरूआ पुत्र ग्यासिया जाति आदिवासी हि. 1/4 शिवपुरी म.प्र. भूमि स्वामी | 262 | 0.410 | 0.410 |
| 14 | मु. रज्जूबाई बेवा ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 कमलसिंह पुत्र कम्मा सिंह यादव हि. 1/9 जण्डेलसिंह पुत्र ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 जगदीश सिंह पुत्र ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 कमलाबाई पुत्री ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 सावित्रीबाई पुत्री ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 मुन्नी पुत्री ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 आशाबाई पुत्री ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 भागवती पुत्री ऊधम सिंह यादव हि. 1/9 शिवपुरी म.प्र. भूमि स्वामी | 294 | 0.250 | 0.250 |
| 15 | हुकुमसिंह पुत्र संजम सिंह जाति यादव पता हि 1/3 प्रहलादसिंह पुत्र संजमसिंह जाति यादव पता हि 1/3 नेपाल सिंह पुत्र संजम सिंह जाति यादव पता हि 1/3 शिवपुरी म.प्र. भूमि स्वामी | 428 | 0.090 | 0.090 |
| 16 | कपूरी बाई बेवा धीरज सिंह यादव हि. 1/8 कुन्देल सिंह पुत्र धीरज सिंह यादव हि. 1/8 जगदीशसिंह पुत्र भैयालाल यादव हि. 1/4 आशारसिंह पुत्र भैयालाल यादव हि. 1/4 कमलसिंह पुत्र भैयालाल यादव हि. 1/4 शिवपुरी म.प्र. भूमि स्वामी | 454 | 0.060 | 0.060 |
| 17 | गजेन्द्रसिंह पुत्र बेतालसिंह जाति यादव नारौनी खनियाधाना शिवपुरी म.प्र. भूमि स्वामी | 484/3 | 0.050 | 0.050 |
| | कुल :- 17 | | 4.700 | 4.700 |

1. यह घोषणा हितबद्ध सभी व्यक्तियों के आक्षेपों को सुनने एवं भूअर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) में उपबंधित जांच के पश्चात् की गई है।
2. नियम 4 के अधीन भूअर्जन के कारण विस्थापित होने वाले संभावित कुटुम्बों की संख्या निरंक है। अतः इनके लिये पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित करने का प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।
3. उक्त भूमि के या उक्त भूमि के किसी भाग में पड़े कोयला, लौह, पत्थर, स्लेट या अन्य खनिजों की खानें है, खनिज और खनिजों के ऐसे भागों में जिन्हें इस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की जा रही है की परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाने या उपयोग किये जाने की अपेक्षा है, को छोड़कर आवश्यकता नहीं है।
4. कलेक्टर जिला शिवपुरी के कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिछोर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

**विशेष** :- धारा 40(2) के कार्यक्षेत्र के भीतर आने वाली परियोजना के लिये भूमि की तत्काल अपेक्षा है। इसलिये भूअर्जन की आवश्यकता होने से समुचित सरकार द्वारा दिये निर्देशों के प्रकाशन में तथ्यों के परीक्षण उपरांत प्रकरण में अधिनियम की धारा 40 के प्रावधान प्रवृत्त किये हैं। अतः इसमें अधिनियम के अध्याय 2 से 6 तक के प्रावधान के उपबंध लागू नहीं होंगे।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(ममता शाक्य)
अनुविभागीय अधिकारी एवं भूअर्जन अधिकारी
अनुभाग पिछोर जिला शिवपुरी

(अर्पित वर्मा)
कलेक्टर जिला शिवपुरी एवं पदेन उपसचिव
म.प्र. शासन राजस्व विभाग

G-12916/26

'बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल'

# चीन से दोस्ती के बीच क्यूबा में अमेरिका की बड़ी घेराबंदी

## सीआईए प्रमुख ने किया गुप्त दौरा

**एजेंसी ■ वॉशिंगटन**

एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर अच्छे संबंधों का दावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका ने चीन, रूस और ईरान के रणनीतिक गढ़ माने जाने वाले क्यूबा की घेराबंदी तेज कर दी है। ट्रंप की इस कूटनीति के बीच अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के डायरेक्टर जॉन रैटक्लिफ ने अचानक क्यूबा का दौरा किया। रैटक्लिफ ने क्यूबा के गृह मंत्री लाजारो अल्वारेज कासास और पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो के पोते सहित शीर्ष अधिकारियों से सीधी बातचीत की।

उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप का कड़ा संदेश दिया कि अमेरिका आर्थिक सहयोग के लिए तैयार है, बशर्ते क्यूबा को अपनी नीतियों में बुनियादी बदलाव करने होंगे। अमेरिका क्यूबा से लोकतंत्र की बहाली, राजनीतिक कैदियों की रिहाई, सरकारी उद्योगों के निजीकरण और चीन-रूस के सैन्य अड्डों को बंद करने की मांग कर रहा है। गंभीर ईंधन संकट और रोजाना 20-22 घंटे की बिजली कटौती से जूझ रहे क्यूबा के पास अब विकल्प सीमित हैं। अमेरिका ने उसे वेनेजुएला जैसा सैन्य एक्शन लेने की सख्त चेतावनी दी है। यही वजह है कि क्यूबा जैसे बंद सिस्टम ने न सिर्फ सीआईए प्रमुख का स्वागत किया, बल्कि इस मुलाकात को सार्वजनिक भी किया। क्यूबा ने सफाई दी कि वह अमेरिका के लिए कोई खतरा नहीं है। इसके साथ ही, अमेरिका 1996 में विमान गिराने के मामले में क्यूबा के 94 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो पर आपराधिक मुकदमा चलाने की तैयारी भी कर रहा है। यदि क्यूबा अमेरिकी दबाव में झुकता है, तो यह चीन के लिए सबसे बड़ा नुकसान होगा।



फ्रांस के कान्स में जारी 79 के अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में फिल्म फादरलैंड के प्रीमियर में पोज देती हुई युआन शेनसान।

# जिनपिंग ने ट्रंप की कर दी भयंकर बेइज्जती, अमेरिका को बताया गिरता हुआ देश

## डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस बात पर जिनपिंग से सहमति जताई

**एजेंसी ■ बीजिंग**

ईरान और पश्चिम एशिया संकट के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा इस समय पूरी दुनिया में कौतूहल का विषय बनी हुई है। बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई कूटनीतिक मुलाकात के दौरान एक ऐसे बयान ने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है, जिसे अमेरिका के लिए एक बड़ा कूटनीतिक झटका माना जा रहा है। बैठक के दौरान शी जिनपिंग ने अमेरिका की ओर इशारा करते हुए उसे पतन की ओर जाता देश या गिरता हुआ राष्ट्र कह दिया। दिलचस्प बात यह है कि डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस बात पर जिनपिंग से सहमति जताई, लेकिन उन्होंने इस पूरे बयान की एक नई कूटनीतिक व्याख्या पेश की है।

डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट के जरिए अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए अपनी सरकार का बचाव किया और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल पर निशाना साधा। ट्रंप का तर्क है कि जब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अत्यंत नजाकत के साथ अमेरिका को एक संभवतः पतनशील राष्ट्र कहा, तो उनका इशारा उनके मौजूदा प्रशासन की तरफ नहीं, बल्कि बाइडन प्रशासन के उन चार वर्षों की तरफ था जिसमें अमेरिका को भारी नुकसान उठाना पड़ा। ट्रंप ने लिखा कि बाइडन के कार्यकाल को लेकर जिनपिंग की यह बात सौ फीसदी सही है, क्योंकि खुली सीमाओं, ऊंचे टैक्स, खराब व्यापार समझौतों और बढ़ते अपराध के कारण दो साल पहले तक अमेरिका सचमुच एक गिरता हुआ देश बन चुका था।



हालांकि, यह पूरी तरह साफ नहीं हो सका है कि जिनपिंग ने यह टिप्पणी द्विपक्षीय निजी बातचीत में की या सार्वजनिक मंच पर। सार्वजनिक संबोधन के दौरान शी जिनपिंग ने थ्यूसिडिडीज ट्रैप की चेतावनी देते हुए कहा था कि दुनिया एक नए मोड़ पर है और क्या दोनों देश बड़ी शक्तियों के संबंधों का नया मॉडल बना सकते हैं? इसके साथ ही उन्होंने सदी के सबसे बड़े बदलावों का भी जिक्र किया, जिसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से स्थापित अमेरिकी वैश्विक व्यवस्था के कमजोर होने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। दूसरी ओर, ट्रंप ने दावा किया कि उनके दोबारा सत्ता में आने के बाद से अमेरिकी शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर हैं, रोजगार बाजार मजबूत हुआ है और अमेरिका फिर से एक आर्थिक व सैन्य महाशक्ति बनकर उभरा है। ट्रंप के अनुसार, शी जिनपिंग ने उन्हें इन अद्भुत सफलताओं के लिए बधाई भी दी है।

### जिनपिंग की चेतावनी पर ताइवान का पलटवार: चीन ही क्षेत्रीय असुरक्षा का मूल कारण

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे के दौरान हुई द्विपक्षीय वार्ता में ताइवान का मुद्दा गर्माया हुआ है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस मामले को बेहद संवेदनशील बताकर अमेरिका को टकराव की चेतावनी दी, जिस पर ताइवान ने पलटवार कर चीन को ही क्षेत्रीय असुरक्षा का एकमात्र कारण बताया। बीजिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी बैठक के दौरान, शी ने कहा कि ताइवान मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण है और इस मुददे को गलत तरीके से संभाला गया तब यह बहुत खतरनाक स्थिति पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि ताइवान की स्वतंत्रता और क्रॉस-स्ट्रेट शांति आग और पानी की तरह एक-दूसरे के विपरीत हैं। चीनी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि अगर ताइवान के मुद्दे को ठीक से नहीं संभाला गया, तब दोनों देशों के बीच टकराव और यहां तक कि संघर्ष की स्थिति पैदा हो सकती है, जिससे पूरे द्विपक्षीय संबंध खतरे में पड़ जाएंगे। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ताइवान पर अपना दावा करती है और उसने कसम खाई है कि जरूरत पड़ने पर वह इसे जबरदस्ती अपने नियंत्रण में ले लेगी।

# स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में जहाजों की आवाजाही शुरू

## कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट

**एजेंसी ■ तेहरान**

दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री तेल मार्ग, स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में जहाजों की आवाजाही को लेकर बड़ी हलचल सामने आई है। ईरान ने दावा किया है कि इस रणनीतिक मार्ग से कुछ जहाजों को गुजरने की अनुमति दी गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल के कुछ घंटों में लगभग 30 जहाजों ने इस जलडमरूमध्य को पार किया है। इनमें विशेष रूप से कुछ चीनी जहाजों को ट्रांजिट की अनुमति दी गई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग ट्रैफिक में सक्रियता बढ़ी है।

इस घटनाक्रम का सीधा और सकारात्मक असर वैश्विक तेल बाजार पर पड़ा है। कच्चे तेल की सप्लाई बाधित होने की आशंका कम होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। ब्रेंट क्रूड ऑयल फ्यूचर्स 73 सेंट (लगभग 0.7प्रतिशत) गिरकर 104.90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट फ्यूचर्स भी 20 सेंट की गिरावट के साथ 100.82 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ।

बाजार में यह गिरावट ऐसे समय में देखी गई है जब निवेशक अमेरिका में संभावित ब्याज दरों में बढ़ोतरी को लेकर पहले से ही



चिंतित हैं। इस बीच, कूटनीतिक स्तर पर भी बड़ी प्रगति हुई है। व्हाइट हाउस के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक में इस बात पर सहमति बनी है कि ऊर्जा के मुक्त प्रवाह के लिए स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज का खुला रहना अनिवार्य है। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया के कुल तेल व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। यहां किसी भी तरह का तनाव या रुकावट सीधे तौर पर वैश्विक सप्लाई चेन और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। हालांकि ईरान द्वारा जहाजों को अनुमति दिए जाने से फिलहाल तनाव में कुछ कमी आई है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय अभी भी इस क्षेत्र की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए है।

## ब्रीफ न्यूज

### धरती के बेहद करीब से गुजरेगा एस्टेरॉयड, वैज्ञानिकों ने दिया सुरक्षा का भरोसा

**न्यूयार्क।** अगले हफ्ते एक एस्टेरॉयड, जिसका नाम 2026 जेएच2 है, हमारी पृथ्वी के बहुत करीब से गुजरने वाला है। नासा के वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि यह खगोलीय पिंड चंद्रमा की तुलना में काफी कम दूरी से निकलेगा, लेकिन अच्छी खबर है कि धरती से इसके टकराने की कोई आशंका नहीं है। यह एस्टेरॉयड करीब 90,917 किलोमीटर की दूरी से गुजरेगा, जो चंद्रमा और पृथ्वी के बीच की दूरी का करीब एक चौथाई है। खगोलविदों के लिए इतनी नजदीकी से गुजरना एक दुर्लभ घटना है, फिर भी उन्होंने इसके गुजरने को पूरी तरह सुरक्षित बताया है। अमेरिका के कैनसास और एरिजोना की स्पेस ऑब्जरवेटरी के वैज्ञानिकों ने हाल ही में एस्टेरॉयड की खोज की है। इस अपोलो क्लास के एस्टेरॉयड के रूप में वर्गीकृत किया है, जिसका अर्थ है कि इसकी कक्षा पृथ्वी की कक्षा को पार करती है। वैज्ञानिक अभी तक इस एस्टेरॉयड को 24 बार ट्रैक कर चुके हैं और इसके आकार, गति तथा रास्ते को बेहतर ढंग से समझने का प्रयास कर रहे हैं। अनुमान है कि यह 50 से 100 फीट मोटा हो सकता है, जो एक छोटे भवन के बराबर है।

### अमेरिका में सोना रखना था अपराध, जनता से जबरन छीना था गोल्ड

**वाशिंगटन।** आज के दौर में सोना सुरक्षित निवेश और संपन्नता का सबसे बड़ा प्रतीक माना जाता है, लेकिन इतिहास के पन्नों में एक ऐसा अध्याय भी दर्ज है जब दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, अमेरिका में सोना रखना एक गंभीर कानूनी अपराध बन गया था। यह घटना साल 1933 की है, जब अमेरिका ग्रेट डिप्रेशन यानी महामंदी की भीषण मार झेल रहा था। उस समय बैंकिंग व्यवस्था चरमरा गई थी और लोगों का वित्तीय संस्थानों से भरोसा पूरी तरह टूट चुका था। उस दौर में दुनिया गोल्ड स्टैंडर्ड प्रणाली पर आधारित थी, जिसका अर्थ था कि सरकार केवल उतना ही कैश छाप सकती थी जितना उसके पास सोने का भंडार सुरक्षित हो। आर्थिक अनिश्चितता के माहौल में घबराए हुए लोगों ने बैंकों से अपना पैसा निकालकर उसे सोने के सिक्कों और बिस्कुटों में बदलकर घरों में जमा करना शुरू कर दिया।

### दुनिया भर में बढ रहा कोरियन 'ओप्पा' कल्चर

**सिओल।** पिछले कुछ वर्षों में कोरियन ड्रामा और के-पॉप का क्रेज दुनियाभर में तेजी से बढ़ा है। इसी क्रम में कोरियन लड़कों का स्टाइल, व्यवहार और व्यक्तित्व भी लड़कियों के बीच खासा लोकप्रिय हो गया है। आपने सोशल मीडिया, के-ड्रामा या नेटफ्लिक्स की दुनिया 'ओप्पा' शब्द जरूर सुना होगा। कोरियाई भाषा में 'ओप्पा' का अर्थ होता है 'बड़ा भाई'। यह शब्द लड़कियां अपने से बड़े किसी करीबी लड़के के लिए इस्तेमाल करती हैं। हालांकि समय के साथ इसका मतलब बदल गया और अब यह शब्द प्यार, सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक बन चुका है। आज कई लड़कियां अपने बॉयफ्रेंड या पसंदीदा लड़के को भी प्यार से 'ओप्पा' कहकर बुलाती हैं। कोरियन लड़कों की लोकप्रियता के पीछे सबसे बड़ा कारण उनका व्यवहार माना जा रहा है।

# पाकिस्तान में सेना के कैंप पर आत्मघाती हमला, 15 सैनिकों की मौत

## टीटीपी ने ली हमले की जिम्मेदारी

**एजेंसी ■ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत स्थित बाजौर में सेना के एक कैंप पर बड़ा आत्मघाती हमला हुआ है। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, इस हमले में कम से कम 15 पाकिस्तानी सैनिकों की जान चली गई है। आतंकियों ने इस हमले को एक सोची-समझी साजिश के तहत अंजाम दिया।

घटनाक्रम के मुताबिक, हमलावरों ने सबसे पहले सेना परिसर के एक हिस्से में जोरदार धमाका किया। इस विस्फोट से मची अफरा-तफरी का लाभ उठाकर भारी हथियारों से लैस आतंकवादी कैंप के भीतर घुस गए। इसके बाद सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच काफी देर तक भीषण मुठभेड़ जारी रही। आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस



आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। संगठन ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि यह हमला उनकी स्पेशल इस्तशहादी फोर्सेज द्वारा किया गया है।

अक्टूबर 2025 में क्वेटा में हुए हमले के बाद यह पहली बार है जब टीटीपी ने आधिकारिक तौर पर किसी आत्मघाती बम धमाके की जिम्मेदारी स्वीकार की है। गौरतलब है कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत लंबे समय से उग्रवाद और आतंकवाद से प्रभावित रहा है और इस ताजा हमले के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया गया है।

हैरानी की बात यह है कि खैबर पख्तूनख्वा में एक सप्ताह के भीतर यह दूसरा आत्मघाती हमला है। इससे पहले मंगलवार को लक्की मरवत जिले के नौरंग बाजार में विस्फोटकों से भरे एक ऑटोरिक्शा के जरिए धमाका किया गया था, जिसमें दो पुलिसकर्मियों और एक महिला सहित कई लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा, इसी साल फरवरी में भी इस प्रांत में हुए एक आतंकी हमले में 5 पुलिसकर्मियों और दो नागरिकों की जान गई थी। लगातार हो रहे इन हमलों ने पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा और सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ते आतंकी प्रभाव पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### हैती में गैंगवार: 78 लोगों की मौत, 66 घायल

**पोर्ट-ओ-प्रिंस।** हैती की राजधानी पोर्ट-ओ-प्रिंस एक बार फिर भीषण हिंसा और गैंगवार की चपेट में है। शहर के बाहरी इलाकों, विशेष रूप से सिटी सोलेय और क्रोआ-दे-बुके में पिछले कुछ दिनों से जारी खूनी संघर्ष ने भयावह रूप ले लिया है। इस तांडव में अब तक कम से कम 78 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 66 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों में 10 आम नागरिक भी शामिल हैं, जिनमें महिलाएं और एक छोटी बच्ची भी है। इन इलाकों में पिछले दो वर्षों से आपराधिक गिरोहों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है, जिससे सामान्य जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। हालात इतने बेकाबू हो चुके हैं कि लोग अपनी जान बचाने के लिए सामूहिक पलायन कर रहे हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, हिंसा के डर से अब तक करीब 5300 लोग अपना घर-बार छोड़कर विस्थापित हो चुके हैं।



रुस में यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद रेयाजान तेल रिफायनरी से उठता हुआ धूआं।

**जिंदगी** चिकित्सा विज्ञान ने ऐसा चमत्कार कर दिखाया है जिसने सभी को हैरान कर दिया

# अनोखी घटना : मां के गर्भ से दो बार जन्मा एक ही बच्चा

**एजेंसी ■ लंदन**

चिकित्सा विज्ञान ने ऐसा चमत्कार कर दिखाया है जिसने सभी को हैरान कर दिया। यह अनोखी घटना मेडिकल जगत में चर्चा का विषय बनी हुई है। यह हैरान करने वाली घटना है एक नवजात शिशु का अपनी जिंदगी बचाने के लिए मां के गर्भ से दो बार जन्म लेना। बच्चे का नाम कैसियन जौबर्ट है, जिसकी जिंदगी बचाने के लिए डॉक्टरों ने बेहद जोखिम भरी और दुर्लभ सर्जरी का सहारा लिया। इस पूरे मामले को चिकित्सा विज्ञान की बड़ी



उपलब्धि माना जा रहा है। कैसियन की मां के एशर और पिता ग्रेग जौबर्ट को जनवरी 2025 में पता चला था कि उनके घर दूसरा बच्चा आने वाला है।

परिवार इस खबर से बेहद खुश था, लेकिन गर्भावस्था के 19वें सप्ताह में डॉक्टरों ने एक गंभीर बीमारी का पता लगाया। जांच में सामने आया कि गर्भ में पल रहे बच्चे को 'कैओस' नाम की बेहद दुर्लभ बीमारी है। इस बीमारी में बच्चे की सांस की नली एक मोटी झिल्ली से बंद हो जाती है, जिससे फेफड़ों में तरल पदार्थ भरने लगता है और अधिकांश मामलों में बच्चे की जान नहीं बच पाती। डॉक्टरों ने पहले गर्भ के भीतर लेजर तकनीक से ब्लॉकेज हटाने की कोशिश की, लेकिन यह प्रयास सफल नहीं हो सका। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने एक बेहद कठिन और जोखिम भरा फैसला लिया।

जून 2025 में, जब के एशर 25 सप्ताह की गर्भवती थीं, तब डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर उनके पेट को खोला और बच्चे का सिर तथा हाथ बाहर निकाले, जबकि बाकी शरीर गर्भ और प्लेसेंटा से जुड़ा रहा। इसी दौरान विशेषज्ञ डॉक्टर इमैनुएल व्लास्तोस ने बच्चे की गर्दन पर बेहद बारीक सर्जरी कर उसकी सांस की नली बनाई। सर्जरी पूरी होने के बाद बच्चे को दोबारा गर्भ में रखकर पेट को सिल दिया गया। करीब दो महीने बाद अगस्त 2025 में कैसियन का सामान्य तरीके से जन्म हुआ। इस तरह यह बच्चा दो बार मां के गर्भ से बाहर आया। जन्म के समय उसका वजन केवल 1.4 किलोग्राम था और उसे चार महीने से ज्यादा समय तक नवजात गहन चिकित्सा इकाई में रखना पड़ा। अब उसकी हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

# ब्रिटिश सांसद के इस्तीफे से स्टार्मर की कुर्सी पर संकट

**एजेंसी ■ लंदन**

ब्रिटेन की सत्ताधारी लेबर पार्टी के भीतर आंतरिक कलह और नेतृत्व परिवर्तन की सुगबुगाहट तेज हो गई है। लेबर पार्टी के सांसद जोश सिमंस ने ग्रेटर मैनचेस्टर के मेयर एंडी बर्नहैम के लिए अपनी संसद सीट छोड़ते हुए इस्तीफा दे दिया है। सिमंस के इस कदम के बाद मेकरफील्ड निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव होना तय है, जहां से एंडी बर्नहैम चुनाव लड़कर ब्रिटिश संसद (हाउस ऑफ कॉमन्स) में वापसी कर सकते हैं। बर्नहैम को मौजूदा प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के खिलाफ लेबर पार्टी में सबसे मजबूत और संभावित प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखा जा रहा है। जोश सिमंस ने सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए स्टार्मर सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार उनके निर्वाचन क्षेत्र में जरूरी बदलाव लाने में नाकाम रही है, इसलिए उन्होंने एक ऐसे साहसी नेता के लिए जगह खाली की है जो इन विपरीत परिस्थितियों का डटकर सामना कर सके। इसके तुरंत बाद, एंडी बर्नहैम ने भी पुष्टि की कि वह इस उपचुनाव में उतरने के लिए लेबर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (एनईसी) से औपचारिक अनुमति मांगेंगे।

# 16 राज्यों में महासत्यापन चुनाव आयोग के लिए चुनौती

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हाल ही में खत्म हुए हैं। इसके तुरंत बाद भारत निर्वाचन आयोग ने 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 36 करोड़ मतदाताओं के सत्यापन के लिए एसआईआर की अधिसूचना जारी कर दी है। अभी तक चुनाव आयोग ने दो चरणों में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 59 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन का काम किया है। इसमें अभी तक 5.50 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाये गये हैं। इसको लेकर लगातार विवाद देखने में मिलते रहे हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, अभी तक इस पर सुप्रीम कोर्ट से कोई निर्णय नहीं आया है। चुनाव आयोग जो एसआईआर करा रहा है, उसका अधिकार उसे है या नहीं, अभी यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले से इसकी सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। इसी बीच बिहार सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव भी हुए हैं, जिनमें पश्चिम बंगाल भी शामिल था। पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। चुनाव आयोग ने यहां के लिए जो नियम बनाए थे, वह बिहार एवं अन्य राज्यों के नियमों से अलग थे। पश्चिम बंगाल में करीब 1 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। करीब 63 लाख मतदाताओं के नाम 2003 की मतदाता सूची में होते हुए भी स्पेलिंग या अन्य कारणों से हटाए गए थे। इसमें से करीब 28000 मतदाताओं ने ट्रिब्यूनल में अपील भी की है। उन मतदाताओं को मतदान में भाग नहीं लेने दिया गया। पिछले तीन माह में एसआईआर को लेकर राजनीतिक दलों और उन नागरिकों के बीच में तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उनका अधिकार छीन लिया गया है। प. बंगाल में एसआईआर के बाद ममता सरकार बुरी तरह से पराजित हुई है। जितने नाम एसआईआर में हटाये गए, उससे कम मतों से टीएमसी के उम्मीदवार पराजित हुए हैं। यह विवाद चल रहा था, इस बीच रही-सही कसर बिहार और पश्चिम बंगाल की सरकार ने जलती हुई आग में घी डालने का काम किया है। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उन्हें नागरिक नहीं माना जाएगा। जो मतदाता सूची में नहीं है, उन्हें सरकारी स्तर पर जो सुविधाएं मिल रहीं थीं, वह आगे नहीं मिलेंगी। इसी बीच चुनाव आयोग द्वारा 36 करोड़ मतदाताओं को एसआईआर के दायरे में लाने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसे आसानी से स्वीकार किया जाएगा, इसमें संदेह है। सुप्रीम कोर्ट से अभी तक चुनाव आयोग को एसआईआर को लेकर एक तरह का संरक्षण मिलता रहा है। अब जिस तरह से प्रतिक्रिया हो रही है, उससे चुनाव आयोग की चुनौतियां भविष्य में बढ़ती हुई दिख रही हैं। सुप्रीम में जो सुनवाई चल रही है, उसमें न्यायपालिका के ऊपर याचिकाकर्ताओं का दबाव बनना शुरू हो गया है। ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग एसआईआर का काम करा पाएगा या नहीं,




इसमें संदेह है। विपक्ष इस मामले में जिस तरह से एकजुट हुआ है। महंगाई और बेरोजगारी का असर अब आम जनता को सीधे प्रभावित कर रहा है। यह मामला अब केवल चुनाव आयोग तक सीमित नहीं रह गया है। इसे नागरिक अधिकार से भी जोड़कर देखा जाने लगा है। नागरिकता तय करने का अधिकार चुनाव आयोग के पास नहीं है। यह अधिकार भारत सरकार के गृह मंत्रालय के पास है। ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग मतदाता को भारतीय नागरिक है, या नहीं, इस आधार पर मतदाताओं के नाम कैसे काट सकता है। जिस तरह से पश्चिम बंगाल और बिहार सरकार ने राज्य सरकार की सुविधायें बंद करने और नागरिक नहीं मानने की बात कहना शुरू कर दी है, इसके बाद सुप्रीम कोर्ट पर इस मामले में निर्णय देने का दबाव बनेगा।

# मोदी की सामयिक अपील

- ऊर्जा को बचाने के लिए वर्क फ्रॉम होम की अपील।
- एक साल तक सोना न खरीदें ताकि सोने के आयात में खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके।
- ईंधन की भारी महंगाई के कारण वाहन का कम इस्तेमाल करें, मेट्रो का उपयोग करें, और कारपूलिंग को बढ़ावा दें।
- हर परिवार से खाद्य तेल की खपत में कटौती की अपील ताकि देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।
- किसान रासायनिक उर्वरक पर निर्भरता कम करें और प्राकृतिक खेती अपनाएं।
- विदेशी वस्तुओं की जगह स्वदेशी उत्पादों को दें प्राथमिकता।
- विदेश यात्रा टालें जिससे विदेशी मुद्रा की हो बचत।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गत 10 मई को जनता से जो अपील की है, उसे सामयिक, दूरदर्शी और राष्ट्रहित में माना जाना चाहिए। विरोधी दलों के नेता भले ही इस में राजनीति के पुट तलाशें जैसे कि राहुल गांधी ने सोने की खरीद न करने पर नाराजगी जताई है लेकिन इस समय की जरूरत सोना नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की सोच है। देश की जनता इस बात को अच्छी तरह से जानती है कि लगभग तीन वर्ष पहले जब रूस और यूक्रेन का युद्ध प्रारम्भ हुआ था, उसी समय से ईंधन संकट प्रारम्भ हो गया था। यह संकट लगभग 11 सप्ताह पूर्व 28 फरवरी से उस समय और गहरा हो गया जब ईरान-इज़रायल युद्ध में अमेरिका कूद पड़ा और ईरान ने दुनिया के सबसे व्यस्त ईंधन मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर दिया। भारत ने ईरान से भी मधुर संबंध बनाए रखे और अमेरिका से भी मित्रता कायम रखी। इससे भारत ने एक तरफ रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदा, दूसरी तरफ भारत के तेल और गैस से भरे जहाज होर्मुज के रास्ते ही भारत पहुंच गये। इस बीच ऊर्जा संकट से पूरी दुनिया त्राहि-त्राहि करने लगी और इसकी आंच भारत तक भी पहुंची। मोदी सरकार ने इस अभूतपूर्व ऊर्जा संकट में देश की जनता को संकट का सामना नहीं करने दिया। पूरी दुनिया में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतें आसमान पर पहुंच गयीं लेकिन भारत में चूल्हे भी जलते रहे और वाहन भी चलते रहे। हाँ, तेल और गैस के भंडार अब कम हो रहे हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जागरूक जनता से बहुत सामान्य सहयोग मांगा है। इससे सरकार को तैयारी का समय मिल जाएगा क्योंकि वैश्विक ऊर्जा संकट अभी समाप्त नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और महंगे ईंधन के बीच देशहित में एक अहम अपील की है। उन्होंने विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक साल तक सोना न खरीदने, खाने के तेल की खपत कम करने, अनावश्यक वाहन उपयोग घटाकर कारपूलिंग करने और विदेश यात्राएं टालने का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, देशभक्ति सिर्फ जान देना नहीं बल्कि मुश्किल वक्त में ज़िम्मेदारी से जीना भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने मेट्रो, कारपूल अपनाने पर जोर दिया।

पीएम मोदी ने वर्क फ्रॉम होम करने पर ज़ोर दिया। इसके पीछे सीधा हिसाब है। दफ्तर आने-जाने में रोज़ाना लाखों लीटर पेट्रोल-डीजल जलता है। कॉर्पोरेट कंपनियाँ अगर हफ्ते में कुछ दिन भी वर्क फ्रॉम होम लागू करें तो ईंधन की खपत और आयात का बोझ दोनों कम हो सकते हैं। पीएम ने नागरिकों से अपील की है कि वे गैर जरूरी विदेश यात्रा, विदेश में छुट्टियां मनाने और विदेशी शादियों से बचकर और घरेलू पर्यटन और भारत के भीतर समारोह आयोजित करके विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करने में मदद करें।

पीएम मोदी ने लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना खरीदने वाला देश है और हम हर साल करीब 59 अरब डॉलर यानी लगभग पांच लाख करोड़ रुपए का सोना बाहर से मंगाते हैं। सोने की



कीमत और रुपए की कमजोरी के बीच सीधा रिश्ता है। सोना महंगा होता है तो रुपया और टूटता है। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों को मेड-इन-इंडिया और लोकल लेवल पर बनने वाले प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया, जिनमें जूते, बैग और सहायक उपकरण जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं। भारतीय सामान खरीदने से आयात कम होगा और देश के उद्योग और रोज़गार को फायदा मिलेगा।

पीएम मोदी ने किसानों से अपील कि वे रासायनिक खाद का उपयोग 50 प्रतिशत कम करें, प्राकृतिक खेती अपनाएं और डीजल पंप की जगह सौर पंप लगाएं। भारत यूरिया की अपनी ज़रूरत का 25 प्रतिशत, फास्फेट का 90 प्रतिशत और पोटाश का पूरा 100 प्रतिशत विदेश से मंगाता है। 2023-24 में सिर्फ उर्वरक सब्सिडी का बोझ 1.75 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। यूरिया बनाने के लिए प्राकृतिक गैस चाहिए जो खुद आयात होती है। पश्चिम एशिया संकट में गैस महंगी हुई तो खाद महंगी हुई और सरकार की सब्सिडी और बढ़ी। खाद का इस्तेमाल कम करें तो यह पूरी चेन टूटती है।

वैश्विक ऊर्जा मार्ग स्ट्रेट आफ होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 2 करोड़ बैरल कच्चे तेल का परिवहन होता है। जहाजों का आवागमन बंद होने से इस वैश्विक संकट का प्रभाव अभूतपूर्व रहा। ब्रेंट क्रूड की कीमत 70 डॉलर से बढ़कर 126 डालर प्रति बैरल हो गयी है। इसके परिणामस्वरूप दुनिया के कई देशों को असाधारण कदम उठाने पड़े। बांग्लादेश में ईंधन की राशनिंग हुई। श्रीलंका में चार दिवसीय कार्य सप्ताह के साथ फ्यूल पास जारी किये गये हैं। दक्षिण कोरिया ने पहली बार ईंधन मूल्य सीमा तय की है। जापान को अपना सबसे बड़ा रणनीतिक तेल भंडार उपयोग करना पड़ रहा है। इसके विपरीत भारत में कोई ईंधन राशनिंग नहीं हुई। देश भर में तेल व गैस की सुचारु आपूर्ति हो रही है। भारत भी अपने लगभग 88 फीसद कच्चे तेल के आयात के लिए इसी मार्ग पर निर्भर रहता है। भारत का लगभग 40 फीसद तेल आयात खाड़ी देशों से होता है। इस प्रकार हमारे देश को भी अभूतपूर्व ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ा। लेकिन इसको भारत सरकार ने खुद वहन किया। इसके चलते सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। पीएम ने जनता से अपना योगदान देने के लिए अपील की है जो देश-हित में है।

(हिफी फीचर)

# पेपर लीक - लचर न्याय प्रक्रिया के साइड इफेक्ट

एक बार फिर नीट यूजी परीक्षा रद्द कर दी गई। पिछले दस सालों में यह चौथा मौका है जब देश की सर्वाधिक महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक नीट यूजी में पेपर लीक होने की घटना हुई है। नीट के अलावा पिछले दस सालों में लगभग सौ प्रतियोगी परीक्षाएं रद्द की गई हैं। विश्वगुरु होने का दावा करने वाले देश के लिये यह बेहद शर्मनाक घटना है। प्रतियोगी परीक्षा के पीछे केवल परीक्षार्थियों की मेहनत और महत्वाकांक्षा ही ध्वस्त नहीं होती, उनके परिवार के सपने भी टूटते हैं और सारा त्याग और सम्बल व्यर्थ हो जाता है। साथ ही देश के संसाधनों की बरबादी होती है और छात्रों का बहुमूल्य समय नष्ट होता है। उन्नत टेक्नोलॉजी के दौर में देश एक सुरक्षित और विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली विकसित नहीं कर पाता तो यह सिस्टम की घोर असफलता है। समय और संसाधनों की बरबादी के अलावा ऐसी घटनाओं से देश की प्रतिष्ठा हानि भी होती है।




सवाल यह है कि ऐसा होता क्यों है? इसके पीछे कई फैक्टर हैं जैसे छात्रों और उससे ज्यादा उनके परिवारों की महत्वाकांक्षा, गलाकाट प्रतिस्पर्धा, कोचिंग संस्थानों का रैकेट और काला धन। दरअसल पढ़ाई या नौकरी से संबंधित कोई भी प्रतियोगी परीक्षा शिक्षा व्यवस्था के दलालों और कोचिंग रैकेट के सरगनाओं के लिए एक कमाई का मौका बन जाती है। पेपर लीक तो सिर्फ पहली सीढ़ी है, उसके बाद मूल्यांकन में गड़बड़ी, मेरिट लिस्ट में हेराफेरी, अलॉटमेंट में जुगाड़ वगैरह सब पर शिक्षा माफिया का कंट्रोल होता है। अगर कहीं चूक हो जाए तो शोर मच जाता है वरना ये सब घोटाला बदस्तूर चलता रहता है। लेकिन सबसे बड़ा फैक्टर है; हमारी लचर न्याय प्रक्रिया! समाज के हर क्षेत्र में बढ़ते हुए अपराध वास्तव में कमजोर न्याय प्रक्रिया का साइड इफेक्ट है। मसलन बीसियों बार पेपर लीक हो चुके हैं अथवा नियुक्ति प्रक्रिया रद्द की गई है मगर हमारी सरकारें कुछ सीखती ही नहीं। लोगों को वर्ष 2013 में मध्यप्रदेश का बहुचर्चित और बदनाम व्यापम घोटाला जरूर याद होगा जिसमें अनेक अपात्रों को मेडीकल कॉलेजों में दाखिला और कई अन्य विभागों में नौकरी दिलाई गई थी। मगर यह किसी को याद नहीं होगा कि पुलिस की चार्ज शीट में लगभग 3000 लोगों के नाम होने के बाद बमुश्किल 100 लोगों को सजा हुई। वह भी लम्बी ट्रायल, जमानत और अपील वगैरह के बाद। ऐसा अमूमन हर घोटाले के साथ होता है। पकड़े जाने पर मीडिया में शोरगुल, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन, जाँच और फिर कानूनी प्रक्रिया का लम्बा दौर। कई बार तो आरोप पत्र ही सालों बाद कोर्ट में पेश होता है। इस लेट लतीफी का लाभ लेकर जमानत पर छूटे चतुर अपराधी सबूतों और गवाहों की भूल भुलैया में केस उलझा देते हैं। आखिर में कुछ लोगों को दण्डित कर मामला खत्म कर दिया जाता है। इस सारी प्रक्रिया में सिस्टम से जुड़े उच्चाधिकारी साफ बच निकलते हैं क्योंकि उनके अलिखित आदेशों का कोई रिकॉर्ड ही नहीं होता। ये तमाशा केवल पेपर लीक और परीक्षाओं के मैनेज करने तक नहीं बल्कि हर तरह के भ्रष्टाचार में दिखाई देता है।

**डॉ योगेन्द्र श्रीवास्तव**

ईडी, इन्कम टैक्स, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जीएसटी वगैरह किसी भी एजेंसी का मामला हो आखिर में अंजाम लगभग यही होता है। डकैती, रेप और हत्या जैसे संगीन अपराधों में भी न्याय प्रक्रिया की कमजोरी और लेट लतीफी आखिर अपराधियों को ही लाभ पहुंचाती है।जनता भी जब-तब उजागर होने वाले नए घोटालों की सनसनी में पुराने मामले भूलती जाती है। अपराधियों के हौसले इस कदर बुलन्द हैं कि आजकल जमानत पर छूटने का भी जश्न मनाया जाता है। जाहिर है कि जमानत पर छूट जाना ही अपराधी के लिए कामयाब हो जाना है क्योंकि मुकदमा तो सालों तक चलना निश्चित ही है। कई अपराधी जमानत पर छूटकर दोबारा भी अपराध कर गुजरते हैं। अधिकांश घोटाले अथवा अपराध कुछ लोगों तक ही सीमित होते हैं लेकिन जब पेपर लीक या नियुक्ति रद्द होने जैसी घटनाएं होती हैं तो लाखों लोग प्रभावित होते हैं। नीट यूजी की परीक्षा लगभग 22 लाख छात्रों ने महीनों की कड़ी मेहनत झोंक दी होगी। वर्ष 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में लगभग 25000 नियुक्तियों को निरस्त कर दिया था। हाल में ही मध्यप्रदेश में 13000 प्राथमिक शिक्षकों की चयन सूची पर रोक लगा दी गई है। परीक्षा एवं चयन में गड़बड़ी के ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं जब परीक्षार्थियों अथवा प्रतिस्पर्धियों की मेहनत व्यर्थ गई और उनके सपने टूट गए।स्पष्ट है कि अपराधियों, आला अफसरों और राजनेताओं की मिलीभगत के बिना ऐसा होना सम्भव ही नहीं। खेदजनक तथ्य यह है कि राजनीति और अपराध के गठजोड़ के चलते कानून का डर धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। एक आम आदमी जरूर कानून से डरता है लेकिन अपराधी बेखौफ अपराध करते रहते हैं क्योंकि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। रेत माफिया और जंगल माफिया के पुलिस और अधिकारियों पर हमले उनकी राजनेताओं से सांठ गांठ के उदाहरण हैं। यह समझना मुश्किल नहीं कि अपराधी और राजनेता अब एक दूसरे के हितसाधक हो गए हैं। इससे ज्यादा त्रासद और शर्मनाक क्या होगा कि आपराधिक मामलों में लिप्त सैकड़ों राजनेता विधायक और सांसद बने हुए हैं। न्याय प्रक्रिया की लापरवाही और लेट लतीफी के चलते ऐसे राजनेता कानून के उस सिद्धान्त का सहारा लेते हैं कि; दोषी साबित होने तक आरोपी निर्दोष है। बहुतों को आखिरकार सजा होती भी है लेकिन तब तक वे कई महत्वपूर्ण पद सुशोभित कर चुके होते हैं। अपराधियों में कानून का भय खत्म हो जाना समाज के लिए खतरे की घंटी है और इसके परिणाम दिखाई भी देने लगे हैं।

# बरसात से पहले छतरी सही करने सरीखी सीख है मोदी की अपील

**मनोज कुमार अग्रवाल**

आज हम एक ग्लोबल युग में जी रहे हैं दुनिया में कहीं कुछ घटित होता है तो उसका कुछ या अधिक असर हम पर भी पड़ना तय है जैसे बरसात के सीजन से पहले झोपड़ी की खपरैल या पिननी की पड़ताल कर अपनी छतरी की मरम्मत करना होता है पीएम मोदी ने भी देश की अर्थव्यवस्था और विदेशी मुद्रा भंडार की हालत संवारने के लिए देश की जनता से अपील की है। इसी बीच आज 15 मई से सरकार ने पैट्रोल डीजल के दाम में तीन रूपये लीटर का इजाफा किया है। दरअसल सरकार रोजाना तेल कंपनियों को हो रहे हजारों करोड़ रुपये के घाटे की आंशिक भरपाई के लिए धीरे-धीरे और भी रेट बढ़ा सकती है यह सरकार की मजबूरी है। आपको पता रहे विश्व के बदलते हालात ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी देश वैश्विक संकटों से पूरी तरह अलग रहकर सुरक्षित नहीं रह सकता। पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर अब केवल युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव कच्चे तेल की आपूर्ति, गैस, उर्वरक, खाद्य तेल, विदेशी मुद्रा भंडार और घरेलू महंगाई तक दिखाई देने लगा है। भारत जैसे विशाल और ऊर्जा निर्भर देश के लिए यह स्थिति विशेष चिंता का विषय है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन बचाने, गैर-जरूरी खर्च घटाने और एक वर्ष तक सोना न खरीदने की अपील केवल सामान्य सलाह नहीं, बल्कि आने वाले आर्थिक दबावों के प्रति देश को तैयार करने का संकेत है। साथ ही यह समय की मांग भी है। इस अपील को और प्रभावी बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने स्वयं अपने काफिले का आकार कम करने का निर्णय लिया है। यह कदम प्रतीकात्मक होने के साथ-साथ व्यावहारिक भी है। जब देश का सर्वोच्च नेतृत्व मितव्ययिता को अपने आचरण में उतारता है, तो उसका संदेश नीचे तक जाता है। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने अपनी सुरक्षा में तैनात विशेष सुरक्षा दल को निर्देश दिया है कि सुरक्षा मानकों से कोई समझौता किए बिना काफिले में वाहनों की संख्या कम की जाए। साथ ही, जहां तक संभव हो, नई गाड़ियां खरीदे बिना इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल करने की दिशा में भी काम किया जाए। यह निर्णय बताता है कि संकट के समय केवल जनता से अपेक्षा करना पर्याप्त नहीं, बल्कि नेतृत्व को स्वयं उदाहरण बनना होता है। पीएम के दौरे में उनके साथ गाडियों की लम्बी कतार अब नहीं है पीएम सिर्फ दो गाड़ी के काफिले में चल रहे हैं। आपको बता दें करोड़ों लोगों ने प्रधानमंत्री के निर्देशों का पालन शुरू भी कर दिया है। हैदराबाद में उनके संबोधन के बाद गुजरात और असम में उनके काफिले में वाहनों की संख्या घटाई गई है। हालांकि सुरक्षा से जुड़े अनिवार्य नियमों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। यह जरूरी भी है, क्योंकि प्रधानमंत्री की सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है। लेकिन यह भी उतना ही आवश्यक है कि सुरक्षा व्यवस्था के भीतर भी विवेकपूर्ण खर्च और संसाधनों का संतुलित उपयोग हो। यही संतुलन आज देश के हर स्तर पर अपनाने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंद्र अधिकारी ने भी इसी दिशा में पहल की है। विधायक पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने कहा कि सुरक्षा कर्मियों को केवल आवश्यक वाहनों को ही काफिले में रखने को कहा गया है। उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा और केंद्रीय सुरक्षा प्राप्त है, इसलिए उनके काफिले में स्वाभाविक रूप से अधिक वाहन रहते हैं।

फीचर



# इन इंजीनियरिंग कोर्स की मांग बरकरार

इस साल या अगले साल कौन सा इंजीनियरिंग कोर्स डिमांड में रहेगा, इसके लिए आप किसी काउंसलर से भी सलाह ले सकते हैं। कालेज में एडमिशन लेते समय अपनी रुचि का भी ध्यान रखें।

किसी भी कोर्स में दाखिला लेने से पहले उसका सिलेबस चेक करके उसे विस्तार से समझ सकते हैं। जानिए टॉप 5 बीटेक कोर्स, जो कई सालों तक डिमांड में रहेंगे और उनमें सैलरी भी बढ़िया मिलेगी

1 कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंगः आईटी के इस दौर में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग कोर्स सबसे लोकप्रिय और मांग वाला कोर्स है। इसके सिलेबस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सिक्योरिटी जैसे टॉपिक्स शामिल हैं। भारत में टेक इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है और इसीलिए सीएसई ग्रेजुएट्स की डिमांड भी बढ़ रही है।

करियर विकल्पः सॉफ्टवेयर डेवलपर, डेटा साइंटिस्ट, साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ, एआईएलएल इंजीनियर.

औसत वेतनः फ्रेशर्स के लिए 4-10 लाख रुपये प्रति वर्ष, अनुभव के साथ 20 लाख रुपये तक.

**2 इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग ईसीईः** इंटरनेट ऑफ थिंग्स और वायरलेस टेक्नोलॉजी की बढ़ती मांग के कारण यह कोर्स भविष्य के लिए अच्छा है। यह इलेक्ट्रॉनिक सर्किट, कम्युनिकेशन नेटवर्क और एम्बेडेड सिस्टम पर फोकस्ड है.

करियर विकल्पः टेलीकॉम इंजीनियर, नेटवर्क इंजीनियर, एम्बेडेड सिस्टम डिजाइनर।

औसत वेतनः फ्रेशर्स के लिए 3-8 लाख रुपये प्रति वष.

**3 मैकेनिकल इंजीनियरिंग एमई**

यह बीटेक की एवरग्रीन ब्रांच है, जो ऑटोमोटिव, एयरोस्पेस, मैन्युफैक्चरिंग और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में अवसर प्रदान करती है। ऑटोमेशन और 3ष्ठ प्रिंटिंग जैसी नई टेक्नीक्स ने इसकी डिमांड बढ़ा दी है।

# प्रेरणा

## दूसरे की गलती

एक बार गुरु श्यामानंद ने अपने चार शिष्यों को एक पाठ पढ़ाया। पढ़ाने के बाद वह अपने शिष्यों से बोले, अब तुम चारों इस पाठ का बार-बार अध्ययन कर इसे याद करो। इस बीच यह ध्यान रखना कि तुम में से कोई बोले नहीं। थोड़ी देर बाद मैं तुमसे इस पाठ के बारे में बात करूंगा। यह कहकर श्यामानंद वहां से चले गए। उनके जाने के बाद चारों शिष्य अलग-अलग बैठकर पाठ का अध्ययन करने लगे।



अचानक बादल घिर आए और वर्षा की संभावना बन गई। यह देखकर एक शिष्य बोला, लगता है, तेज बारिश होगी। यह सुनकर दूसरे ने कहा, तुम्हें बोलना नहीं चाहिए था। तभी तीसरा बोला, तुम लोगों ने बोलकर गुरुजी की आज्ञा भंग कर दी है। चौथा शिष्य चुपचाप पाठ पढ़ता रहा। इसी बीच श्यामानंद वहां आ गए। उन्हें देखकर पहला शिष्य बोला, गुरुजी, यह मौन नहीं रहा और बोलने लगा। दूसरा शिष्य बोल पड़ा, तो तुम कौन सा मौन थे। तुम भी तो बोल पड़े थे। तीसरे ने कहा, इन दोनों ने बोलकर आपकी आज्ञा भंग कर दी है। यह सुनकर दोनों तपाक से बोले, तुम भी तो बोल ही पड़े थे। मगर चौथा शिष्य अभी भी चुप था। उसे देखकर गुरुजी बोले, तुम में से केवल इसने ही मेरी आज्ञा मानी। यह निश्चय ही आगे चलकर बड़ा और महत्वपूर्ण कार्य करेगा क्योंकि इसके भीतर पर्याप्त धैर्य और एकाग्रता है। यह किसी के बहकावे में नहीं आता न ही किसी क्षणिक हलचल से विचलित होता है। तुम तीनों के भविष्य को लेकर मुझे शंका है क्योंकि तुम तीनों एक दूसरे का दोष निकालने के कारण स्वयं भी गलती कर बैठे। अधिकतर लोग ऐसा ही करते हैं।

# अपनी बात



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश आज अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में तेजी से एक नई पहचान बना रहा है। पीएम मोदी की 'विकसित भारत' की परिकल्पना को मध्यप्रदेश साकार कर रहा है। प्रदेश में अभूतपूर्व गति से सड़क, पुल, एक्सप्रेसवे और आधुनिक सार्वजनिक अधोसंरचना निर्माण हो रहा है। लोक निर्माण विभाग ने 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' को अपना मूल मंत्र बनाकर विकास को सीधे जनता की सुविधा, आर्थिक प्रगति और सामाजिक समृद्धि से जोड़ा है।



ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल कोई बुलडोजर स्टेट नहीं है और कानून के दायरे में रहकर ही कार्रवाई होनी चाहिए। राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से मामलों को नहीं देखा जाना चाहिए। वहीं पुलिस ने कोर्ट में कहा कि सभी घटनाएं चुनाव के बाद नहीं हुए हैं। इसके साथ ही सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जा रही है। ममता ने कोर्ट में कहा मेरा नाम 1995 में वकील के तौर पर दर्ज हुआ था।

## ब्रीफ न्यूज

### मजदूरी पर जाते समय हादसे का शिकार हुआ 21 वर्षीय युवक, मौत



**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेल नगर में रहने वाले एक गरीब परिवार की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब घर का चिराग मजदूरी पर जाते समय हादसे का शिकार हो गया। एबी रोड पर होटल राजविलास के पास छत डालने वाली मिक्सर मशीन से गिरकर 21 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, पटेल नगर निवासी निखिल रजक पेशे से मजदूर था। शुक्रवार सुबह करीब 8-30 बजे वह अन्य मजदूरों के साथ पाटई की ओर छत डालने के काम के लिए घर से निकला था। वह छत डालने वाली मिक्सर मशीन पर ही बैठा हुआ था। सुबह करीब 9-30 बजे जैसे ही मशीन एबी रोड स्थित होटल राजविलास के आगे पहुंची, निखिल अचानक असंतुलित होकर मशीन से नीचे सड़क पर गिर गया। हादसे के वक्त मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने बताया कि निखिल मशीन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसके पूरे शरीर और सिर में गंभीर चोटें आई थीं। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जख्मों के ताव न सहते हुए युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक के बड़े भाई संजय रजक ने बताया कि निखिल सुबह काम पर जाने का कहकर निकला था, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मौत की खबर आ गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो सांडों की लड़ाई के बीच फंसा 6 साल का मासूम बुरी तरह घायल

**गुना।** शहर में आवारा पशुओं का आतंक अब मासूमों की जान पर बन आया है। बीती रात कर्नलगंज क्षेत्र में दो सांडों के बीच हो रही भीषण लड़ाई की चपेट में आने से एक 6 वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया।



घायल बच्चे को लहूलुहान हालत में शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ वह आईसीयू में भर्ती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कर्नलगंज निवासी अयान पिता अशरफ खान (6) रात करीब 8.30 बजे अपने घर के सामने त्रिवेणी के पास सड़क पर था। इसी दौरान वहां दो सांड आपस में भिड़ गए। लड़ते-लड़ते सांडों ने मासूम अयान को अपनी चपेट में ले लिया और उसे बुरी तरह कुचल दिया। घटना के बाद चीख-पुकार मच गई और परिजनों ने तुरंत बच्चे को सहयोग हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे के सिर में गहरे घाव होने के कारण 5 टांके आए हैं, वहीं आंख के पास भी गंभीर चोट है जिस पर 2 टांके लगाए जाने हैं। गनीमत यह रही कि हेड इंजरी (सिर की आंतरिक चोट) की आशंका के बाद कराई गई जांचों में कोई बड़ा खतरा सामने नहीं आया है, लेकिन मासूम अभी भी सदमे और दर्द में है। इस हृदयविदारक घटना के बाद स्थानीय निवासियों और परिजनों का नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है।

---

सिंगवासा क्षेत्र में चल रहा था अवैध खेल

# नशे के सौदागरों पर पुलिस का बड़ा प्रहार, 225 नशीले इंजेक्शन के साथ दो सप्लायर गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले को नशामुक्त बनाने के संकल्प के साथ पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में गुना पुलिस अवैध मादक पदार्थों के कारोबारियों पर काल बनकर टूट रही है। इसी कड़ी में कैंट थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नशीले इंजेक्शनों की तस्करी करने वाले दो सप्लायरों को दबोचा है। पुलिस ने इनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए हैं, जो समाज के युवाओं को नशे की गर्त में धकेलने के लिए लाए गए थे।

**मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी:** यह पूरी कार्यवाही गत रात को अंजाम दी गई। कैंट थाना पुलिस को सटीक मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिंगवासा क्षेत्र के



गुप्तगंगा रोड स्थित एक खाली मैदान में दो युवक संदिग्ध हालत में खड़े हैं। उनके पास एक कार्टून और एक बैग है, जिसमें बड़ी संख्या में नशीले इंजेक्शन (एविल) रखे हुए हैं और वे इन्हें ग्राहकों को सप्लाई करने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही एएसपी मानसिंह ठाकुर और सीएसपी प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में कैंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव ने विशेष टीम के साथ मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही दोनों आरोपियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद जवानों ने घेराबंदी कर उन्हें मौके पर ही दबोच लिया।

**सवा दो सौ इंजेक्शन बरामद, ड्रग्स कंट्रोल एक्ट में केस दर्ज:** पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुनील गौड़ निवासी अन्नपूर्णा कॉलोनी और विशाल धाकड़ निवासी हड्डीमील के रूप में हुई है। जब पुलिस ने इनके पास मौजूद बैग और कार्टून की तलाशी ली, तो उसमें 9 पैकेटों में रखे फिनिरामाइन मैलिएट (एविल) के कुल 225 नग इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी इन इंजेक्शनों को रखने या बेचने का कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। चूंकि बिना डॉक्टर की पर्ची और अनुमति के इतनी बड़ी मात्रा में इन इंजेक्शनों का परिवहन अवैध है, इसलिए पुलिस ने इन्हें जप्त कर लिया। कैंट थाने में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 348/26, धारा 5/13 म.प्र. ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**सप्लाई चैन तोड़ने में जुटी पुलिस:** पुलिस अधीक्षक ने इस कार्यवाही की सराहना करते हुए कहा कि नशे के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि नशे की यह बड़ी खेप कहां से लाई गई थी और शहर में इनके मुख्य खरीदार कौन-कौन हैं। इस कार्यवाही से नशे की सप्लाई चैन पर गहरा प्रहार हुआ है। इस कार्रवाई में टीआई थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, प्रधान आरक्षक विक्रांत जाटव, आरक्षक विनोद धाकड़, लक्ष्मीनारायण पारस, महेन्द्र वर्मा और विशेष टीम के आरक्षक नीलेश रघुवंशी, राजीव रघुवंशी, नवदीप अग्रवाल तथा आदित्य सिंह कौरब की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि उनके आसपास कहीं भी नशे का अवैध कारोबार हो रहा है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। आपकी एक छोटी सी जानकारी किसी का घर बर्बाद होने से बचा सकती है।

---

# युवा संगम कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी ढंग से आयोजित करने के दिए निर्देश

## जिला के साथ अब ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित होगा युवा संगम कार्यक्रम



सत्ता सुधार ■ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने एमएसएमई, कौशल विकास विभाग एवं रोजगार विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रतिमाह आयोजित होने वाले युवा संगम कार्यक्रम की विस्तृत कार्ययोजना की समीक्षा के दौरान उपस्थिति संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा युवा संगम कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन की प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है।

विगत डेढ़ वर्ष में गुना जिले में युवा संगम कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन किया गया है। 12 माह में 11 बार टॉप 5 में हमारे जिले का प्रदेश स्तर पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। इस वर्ष अप्रैल माह में भी जिले को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है। बैठक में कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देश दिये कि कार्ययोजना अनुसार आगामी वर्ष में भी सभी विभाग समन्वय के साथ और अधिक प्रभावी ढंग से युवा संगम कार्यक्रम को आयोजित करें। उन्होंने कहा कि जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए प्रेरित करें। साथ ही सभी संबंधित विभाग अपनी-अपनी स्वरोजगार योजनाओं, हितग्राही मूलक योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कराया जाए। लाभांवित हितग्राहियों की सफलता की कहानी तैयार कर प्रकाशित कराएं।

### जिले के साथ ही अब ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित होगा युवा संगम कार्यक्रम

गुना विकास खंड में 26 मई, 23 सितंबर 26 और 24 फरवरी 27, चांचौड़ा विकासखंड में 24 जून, 25 नवंबर और 24 मार्च 27, राघौगढ़ विकासखंड में 22 जुलाई और 28 अक्टूबर को, आरोन विकासखंड में 27 अगस्त और 23 दिसंबर 2026 तथा बमौरी विकासखंड में 27 जनवरी 27 को युवा संगम कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**जिला कौशल समिति की बैठक का किया गया आयोजन:** युवा संगम कार्यक्रम की कार्ययोजना की समीक्षा के दौरान श्री कन्याल ने सभी आईटीआई प्राचार्य और पॉलीटेक्निक संस्थान को बताया कि जिले में स्थापित होने वाली अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री में जिले के युवाओं को रोजगार दिलवाने हेतु अभी से संपर्क प्लान तैयार करें। उनकी मांग अनुसार युवाओं को कौशल विकास के लिए प्रेरित करें। इस दौरान जिला कौशल समिति की बैठक का आयोजन भी किया गया और आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि इसी माह आगामी 26 मई को गुना में आयोजित होने वाले युवा संगम कार्यक्रम के लिए सभी विभाग और सभी सीईओ जनपद पंचायत/ सीएमओ नगर पंचायत/पालिका को प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि कौशल विकास एवं रोजगार विभाग सभी संबंधित विभागों से संपर्क कर के प्री-प्लान अनुसार युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन कराएं। उन्होंने आमजन की आमदनी बढ़ाने के लिए शासन की योजनाओं से जोड़ने तथा रोजगार दिलावाने के पश्चात लाभार्थी से संपर्क करने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना एवं आईटीआई प्राचार्य श्वेता कुशवाह सहित संबंधित विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# भोजशाला आदेश को लेकर गुना पुलिस अलर्ट, चप्पे-चप्पे पर तैनात

## भारी बल रहा तैनात, एसपी खुद कर रहीं मॉनिटरिंग



सत्ता सुधार ■ गुना

प्रदेश के धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला को लेकर आने वाले न्यायालयीन आदेश के मद्देनजर शुक्रवार को गुना जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देखे गए। किसी भी संभावित स्थिति और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। शहर से लेकर देहात तक के संवेदनशील इलाकों को पुलिस ने अपनी निगरानी में ले लिया है।

आदेश की संवेदनशीलता को देखते हुए सिटी कोतवाली, कैंट और जिले के अन्य थानों का बल सुबह से ही सड़कों पर नजर आया। शहर के विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्र माने जाने वाले कर्नलगंज, पुरानी छावनी, जीनघर और कैंट इलाके में पुलिस की विशेष तैनाती की गई। शहर के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों के बाहर भी पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या अफवाह को रोका जा सके। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सीएसपी प्रियंका मिश्रा के साथ कोतवाली और कैंट थाना प्रभारी लगातार शहर में भ्रमण करते रहे। केवल जिला मुख्यालय ही नहीं, बल्कि अनुभाग स्तर पर भी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। चांचौड़ा, राघौगढ़, आरोन और बीनागंज जैसे कस्बों में संबंधित एसडीओपी और थाना प्रभारियों ने अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला।

### इनका कहना है

धार की भोजशाला को लेकर न्यायालय का आदेश को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के लिहाज से एहतियात बरती जा रही है। गुना शहर सहित चांचौड़ा, राघौगढ़, आरोन और बीनागंज आदि सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

हितिका वासल, पुलिस अधीक्षक गुना

---

# गाडरवाड़ा धाम पर संपन्न हुआ 211 जोड़ों का निःशुल्क विवाह सम्मेलन

सत्ता सुधार ■ गुना

श्री सिद्ध पीठ गाडरवाड़ा धाम सरकार पर आयोजित पंचम वर्ष का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। धाम के पीठाधीश्वर पं. दीपक पारीक ने इस वर्ष 551 जोड़ों का लक्ष्य रखा था, जिसमें 211 जोड़ों ने वैवाहिक बंधन में बंधकर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। सम्मेलन स्थल पर 2100 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें पूर्व सांसद केपी यादव, मंत्री राकेश शुक्ल भी शामिल हुए। दोपहर में धाम पहुंचकर उन्होंने विजय हनुमान के दर्शन किए। कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का सामान, बर्तन, पलंग, अलमारी सहित आवश्यक सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई। विवाह सम्मेलन में आशीर्वाद देने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचे। धाम परिसर और आसपास के मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भरे



रहे। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और स्वयंसेवकों को तैनात किया गया था। कार्यक्रम में प्रमुख संतों ने मंच से नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और गृहस्थ जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। धाम के पीठाधीश्वर पं. दीपक पारीक ने कहा कि संतों की उपस्थिति से यह आयोजन और भी पुण्यदायी हो गया। इस सम्मेलन की विशेष बात यह रही कि मध्यप्रदेश के अलावा राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से भी जरूरतमंद परिवारों के जोड़े विवाह के लिए पहुंचे। दूर-दराज से आए परिवारों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था धाम समिति द्वारा की गई थी। एक साथ 211 जोड़ों ने मंत्रोच्चार के बीच अग्नि को साक्षी मानकर फेरे लिए।

समिति ने बताया कि धाम का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर बिना किसी भेदभाव के कन्यादान का पुण्य कार्य करना है। धाम समिति ने बताया कि विजय हनुमानजी का आदेश हुआ और आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो अगले वर्ष 551 जोड़ों के लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। पीठाधीश्वर ने सभी दानदाताओं और सहयोगियों सहित शासन प्रसाशन का आभार व्यक्त किया।

---

### बूढ़ेबालाजी के पास वैशाखी के सहारे गांजा बेच रहा तस्कर गिरफ्तार

**गुना।** शहर की सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए एक शातिर तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी बूढ़ेबालाजी मंदिर के पास वैशाखी के सहारे खड़ा होकर गांजा बेचने की फिराक में था, तभी पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। उपनिरीक्षक सतीश वर्मा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बूढ़ेबालाजी मंदिर के पास एक व्यक्ति नीली टी-शर्ट और काली पैंट पहने हाथ में सफेद थैला लिए खड़ा है, जिसमें अवैध मादक पदार्थ है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने जब संदेही को घेरा, तो उसने अपना नाम सोनू प्रजापति (35) निवासी शिवपुरम कॉलोनी, टेकरी रोड बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद सफेद थैले से 1.179 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। बाजार में इस मादक पदार्थ की कीमत करीब 18,000 रुपये बताई जा रही है।

---

# अग्रवाल महासभा की जिला कार्यकारिणी घोषित



सत्ता सुधार ■ गुना

मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा की जिला इकाई ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है। होटल में आयोजित कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने नई टीम का ऐलान कर सभी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल, प्रदीप मित्तल, अनिल अग्रवाल, मीना बंसल और लता गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**घोषित की गई नवीन कार्यकारिणी:** राजेश अग्रवाल द्वारा घोषित टीम में जिला संरक्षक कैलाश अग्रवाल कुरावर, जिलाध्यक्ष मनोज बिंदल, उपाध्यक्ष डॉ. एम.एल. मंगल, सचिव डॉ. देवेंद्र अग्रवाल, सहसचिव अशोक अग्रवाल और कोषाध्यक्ष संतोष तायल बनाए गए।

संभागीय महिला पदाधिकारियों में अध्यक्ष योगिता अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीमा मित्तल, महामंत्री अलका बिंदल, उप महामंत्री राधिका अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ममता अग्रवाल और प्रभारी निष्ठा गर्ग नियुक्त हुई। महिला जिलाध्यक्ष पद पर रश्मि अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनीता गर्ग व ज्योति अग्रवाल, महामंत्री संगीता अग्रवाल, उप महामंत्री अंजू सांवरिया, कोषाध्यक्ष नंदा गोयल और प्रभारी विनीता अग्रेस की नियुक्ति की गई। नगर इकाई में अध्यक्ष संगीता गर्ग, उपाध्यक्ष रीना मित्तल, महामंत्री अलका गर्ग और सांस्कृतिक मंत्री राधा बिंदल बनाई गई। निवर्तमान महिला संभागीय अध्यक्ष छवि अग्रवाल को प्रदेश सलाहकार का दायित्व सौंपा गया। संचालन छवि अग्रवाल ने किया और आभार संगीता गर्ग ने व्यक्त किया।

---

सिर पर चोट के निशान से हत्या की आशंका

# मछली पार्टी के बहाने घर से ले गए दोस्त, क्रेशर पर मिली युवक की अर्धनग्न लाश

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत नानाखेड़ी इलाके में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गुरुवार को दो दोस्त युवक को घर से मछली पार्टी का झांसा देकर अपने साथ ले गए थे, जिसके बाद दोपहर में उसकी लाश एक क्रेशर पर पड़ी मिली। मृतक के सिर पर चोट के गहरे निशान और शरीर पर कपड़े न होने के कारण परिजनों ने हत्या का संगीन आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजू केवट (40) मछली पकड़ने का काम करता था और नानाखेड़ी में किराए से रहकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। उसकी पत्नी हल्की बाई ने बताया कि गुरुवार सुबह



करीब 9 बजे राजू घर पर मछली बना रहे थे, तभी उनके दोस्त सतीश और बबलू वहां पहुंचे। दोनों ने राजू को यह कहकर साथ चलने को राजी कर लिया कि मंगवार के क्रेशर पर चलकर पार्टी करेंगे और वहीं मछली बनाएंगे।

**अस्पताल से मिली मौत की खबर:** दोपहर करीब एक बजे परिजनों को सूचना मिली कि राजू की तबीयत खराब है और वह अस्पताल में भर्ती है। जब पत्नी अस्पताल पहुंची, तो वहां राजू मृत अवस्था में मिला। चौंकाने वाली बात यह है कि राजू का शव क्रेशर पर अर्धनग्न हालत में पड़ा मिला था, जिसकी सूचना वहां के कर्मचारियों ने पुलिस को दी थी। मृतक के सिर पर दो जगह गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं, जो किसी भारी वस्तु के प्रहार की ओर इशारा कर रहे हैं।

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप:** मृतक की पत्नी हल्की बाई ने डूबने से मौत की थ्योरी को सिरे से खारिज कर दिया है। उसका कहना है कि राजू एक कुशल तैराक था और पानी में काफी देर तक सांस रोक सकता था। पत्नी का आरोप है कि राजू का किसी व्यक्ति के साथ पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके चलते साजिश के तहत उसकी हत्या की गई है। शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। फिलहाल कैंट पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है और राजू के दोस्तों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो सकेगी।

---

# ज्ञान भारतम् ऐप में दिखेंगी गुना जिले की पांडुलिपियां और दुर्लभ लेख

सत्ता सुधार ■ गुना

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान भारतम् मिशन अंतर्गत पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य हमारी हस्तलिखित विरासत का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण डिजिटलीकरण और प्रचार प्रसार करना है इस अभभियान के अंतर्गत आगामी 15 जून तक विशेष अभियान संचालित है।

इस कार्य में जिला स्तरीय समिति द्वारा निजी शोध संस्थान, महाविद्यालय, ग्रंथालय, मंदिर, मठ, आश्रम एवं निजी ट्रस्ट इत्यादि में संरक्षित प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों की खोज कर ज्ञान भारतम् ऐप द्वारा जानकारी अपलोडिंग का अभियान संचालित है। इस अभियान के सुचारू संचालन के लिये जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। जिसके अध्यक्ष कलेक्टर किशार कुमार कन्याल होंगें।

साथ ही जिपं सीईटो अभिषेक दुबे (सदस्य), बीके तिवारी प्राचार्य शा स्नातकोत्त्तर महाविद्यायल (सदस्य), घनश्याम बाथम पुराततत्व विभाग के प्रतिनिधि(सदस्य), राजेश गोयल डीईओ, जिला नोडल अधिकारी (सदस्य सचिव) एवं समस्त एसडीएम, जिला गुना समन्वयक के रूप में कार्य करेंगें। उपरोक्त कार्य हेतु ज्ञान भारतम् मोबाइल एप्लीकेशन डेवलप किया गया है।

ब्रीफ न्यूज

## आज शनि जन्मोत्सव पर किया जाएगा भंडारे का आयोजन

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के सिद्धपीठ स्थित श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में स्थित शनि महाराज शनि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को धार्मिक आयोजन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे भगवान शनिदेव का अभिषेक, सुबह 11 बजे हवन, शाम 6 बजे बजे महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मंदिर के संत माधवदास महाराज ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। आयोजन में शनि जयंती के महत्व और शनिदेव की पूजा-अर्चना के धार्मिक लाभों पर भी प्रकाश डाला जाएगा।

## प्रमुख पेंशन एसोसिएशन जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक कल

**सीहोर।** प्रमुख पेंशन एसोसिएशन के सीहोर जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर ने बताया कि जिला कार्यकारिणी की प्रथम



बैठक कल दिनांक 17 मई 2026, दिन रविवार को स्थानीय संजय टाकिज के पीछे पं.राममूति शर्मा के निवास पर दिन के 12 बजे आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप प्रमुख पेंशन एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम जोशी इन्दौर एवं उप प्रांत अध्यक्ष एल.एन.कैलाशिया भोपाल उपस्थित रहेगें। बैठक में पेंशनरों से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण हेत रणनीति तैयार की जावेगी। समस्त पेंशनरों से अपील की गई है कि अधिक अधिक संख्या उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से सम्बंधित आवेदन भी साथ लेकर आवें। अपील करने वालों में प्रमुख रूप से श्री के.एल.बैरागी, डॉ.साधुराम शर्मा, पं.राममूर्ति शर्मा, हरिओम शर्मा दाऊ, सुन्दरलाल राठौर आदि शामिल हैं।

## आज से प्रांतीय चरित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण शिविर

**सीहोर।** आज देश के समक्ष चरित्र का सबसे बड़ा संकट है। व्यक्तिगत सामाजिक एवं राष्ट्रीय चरित्र के पतन से आप सभी सुपरिचित हैं। अतः देश धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए देश के नवयुवकों को संस्कारित कर उन्हें शारीरिक आध्यात्मिक और सामाजिक उन्नति से युक्त करने तथा अध्यात्म और देशभक्ति के भावों से उद्बुद्ध कर उन्हें चरित्रवान सुयोग्य नागरिक बनाने के लिए आर्मी दल के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते रहते हैं। इसी क्रम में आज 16 से सेंट मेरी आवासीय स्कूल गल्ला मंडी मंडी थाने के पास 15 से 25 वर्ष एवं छठवीं कक्षा उत्तीर्ण बालकों के लिए निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में भारत विकास परिषद सीहोर के अध्यक्ष रितेश राठौर जी द्वारा जानकारी दी गई की युक्तेश्वर का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर जी के द्वारा किया जाएगा। यह शिविर 16 में से 25 में तक आयोजित होगा।

# प्रसूता मयूरी की मौत की जिम्मेदार, माँ गायत्री हॉस्पिटल की डॉक्टर सुजाता परमार

**राठौर क्षत्रीय समाज ने की अस्पताल का लायसेंस निरस्त कर डॉक्टर पर एफआईआर करने की मांग**

### डॉक्टर पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की मांग



सत्ता सुधार ■ सीहोर

कलेक्ट्रेट में राठौर क्षत्रीय समाज आक्रोशित दिखाई दिया। घटना के विरोध में लोगों ने बाइक रैली निकाली। समाजजनों ने डिप्टी कलेक्टर जमील खान को पूरी घटना बताई। चाय पीने से मयूरी की मृत्यु की बात को गलत बताया। समाज ने प्रसूता मयूरी राठौर की मौत को गंभीर घटना बताया। जिम्मेदार डॉक्टर सुजाता परमार को ठहराया। माँ गायत्री हॉस्पिटल का लायसेंस रदद करने की मांग उठाई। डॉक्टर पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की मांग भी दोहराई। बग्गी खाना छावनी के अनिल राठौर की धर्मपत्नि मयूरी राठौर को गर्भास्था के चलते प्रसव पीडा होने पर 10 मई को रात 10 बजे माँ गायत्री हॉस्पिटल इछावर रोड़ में संचालिका डॉ. सुजाता परमार के सुझाव पर परिजनों ने भर्ती कराया गया था। डॉ. सुजाता परमार के सुझाव पर 11 बजे सीजर ऑपरेशन किया गया है। सीजर होने के पश्चात मयूरी राठौर ने एक पुत्र को जन्म दिया। मयूरी और उनका पुत्र पूर्ण रूप से स्वस्थ था। दूसरे दिन 11 मई को सुबह10 बजे तक स्वास्थ्य अच्छा था और जब मयूरी राठौर को इंजेक्शन लगाया तो कुछ समय के पश्चात उनके मुहँ से झाग जैसा द्रव्य निकलने लगा। डॉ. सुजाता परमार को बुलाया और डॉ. सुजाता परमार हॉस्पिटल के स्टाप के कर्मचारी के साथ प्रसूता मयूरी को आई.सी.यू. में ले गई 15 मिनिट बाद अनिल से कहा की आपकी पत्नि अब नही रही है उनकी मृत्यु हो गई है इस प्रकार माँ गायत्री हॉस्पिटल की संचालिका के द्वारा मयूरी राठौर की गलत इंजेक्शन देने पर उनकी मृत्यु हुई है। इसके साथ ही अनिल राठौर द्वारा मृत्यु का कारण पूछे जाने पर एक जिम्मेदार डॉक्टर ने कहा कि मृत्यु चाय पीने मृत्यु हुई है। प्रदर्शन में समाजसेवी सतीष राठौर, राठौर समाज अध्यक्ष रामचन्दर राठौर, जितेंद्र राठौर, विवेक राठौर, अखिलेश पहलवान, सन्नी सरदार सहित बड़ी संख्या में राठौर समाजजन और मृतिका मयूरी के परिजन मौजूद रहे।

# अंतराष्ट्रीय विहिप राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

### भड़काऊ बयानबाजी करने वालों के विरुद्ध करो कठोर कार्रवाही

सत्ता सुधार ■ सीहोर

राजधानी में सामाजिक सौहार्द को बिगाडने् और प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री सहित राष्ट्रवादी संगठनों के विरूध भड़काऊ आपत्तिजनक बयानबाजी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाही करने की मांग की गई है। अंतराष्ट्रीय विश्व हिन्दु परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिलाधीश कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा के नेतृत्व डिप्टी कलेक्टर अरविंद परमार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन दिया है। जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि भोपाल में तथाकथित लव जिहादी को बजरंग दल के कार्यकर्ताओ द्वारा हिन्दू युवती के साथ होटल से पकड़ा कर पुलिस के हवाले कर दिया गया था। लव जिहादी आरोपी के बचाव



में एआईएमआई प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान ने प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के विरूध मुदाबार्द के नारें लगाए और बजरंग दल आरएसएस जैसे संगठनों पर गलत टिप्पणी की। जिसकी बीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से वायरल हो रही है। जिस कारण सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे को गंभीर क्षति पहुंचने की आशंका उत्पन्न हो गई है। स्वार्थ एवं राजनीतिक लाभ के लिए आम जनता को बहाका कर प्रदेश और शहर का शांतिपूर्ण वातावरण बिगाइने एवं कानून व्यवस्या को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। दोषियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# ईसागढ़ की ग्राम पंचायत बायबेनी में 106 मजदूर प्रेजेंट पर दो काम

### मनरेगा में सरपंच सचिव रोजगार सहायक का फर्जीवाड़ा, मजदूरों का हक छीनकर कमा रहे लाखों

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

जिले की ईसागढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बायबेनी में मनरेगा में जमकर फर्जी वाड़ा चल रहा है। यहां सरपंच सचिव रोजगार सहायक मिलकर मनरेगा पोर्टल पर फर्जी काम चलाकर एवं मजदूरों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर लाखों रुपए कमा रहे हैं। गुरुवार को मनरेगा पोर्टल पर फर्जी 106 मजदूरों की प्रजेंट लगाकर दो काम चलाए गए। जिसमें खेत तालाब निर्माण कार्य बख्शीश कौर/नत्था सिंह तथा लखविन्दर कौर/ संतोष ग्राम जगतपुर में चलना दर्शाए गए।जबकि मौके पर ना तो कोई काम चल रहा था ना ही कोई मजदूर काम कर रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि उनके यहां करीब तीन-चार साल पहले काम हुआ था। लेकिन मनरेगा पोर्टल पर आज काम चलना बताया जा रहा है।

इस तरह सरपंच सचिव रोजगार सहायक मिलकर गरीब मजदूरों का हक छीन कर अपनी जेबें भर रहे हैं,और लाखों कमा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में जमकर फर्जी वाड़ा चल रहा है, यह सब अधिकारियों की मिली भगत से हो रहा है, क्योंकि अधिकारी कभी गांव में भ्रमण करने आते ही नहीं, जिससे सरपंच सचिव रोजगार सहायक की मनमर्जी चल रही है, गांव के विकास कार्यों के नाम पर तो कुछ नहीं हुआ लेकिन मनरेगा में यहां के मजदूरों को ही काम नहीं मिल रहा। और फर्जी वाड़ा कर लाखों रुपए कमा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिले के अधिकारियों से ग्राम पंचायत में मनरेगा के कामों की जांच करने की मांग की है।



**इन कार्यों की जांच की मांग की गई**

ग्राम पंचायत की कार्यवाही, ग्राम सभा की स्वीकृति को प्रत्येक आहरण, व्यय प्रत्येक मजदूर को प्रदाय मजदूरी का मिलान मजदूरों के कथनों से लिया जावे, प्रत्येक कार्य मौका पर है या नहीं इसका मिलान किया जावे। रपटा कम स्टॉप डेम ग्राम सहसूदी इस कार्य के नाम से सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक द्वारा रुपये 22 लाख 49 हजार 710 दिनांक 25/01/2024 को आहरण कर लिये गये हैं, जबकि इस नाम का कोई कार्य ग्राम सहसूदी में मौका पर नहीं किया गया है।

**शिकायत के चार माह बाद भी नहीं पहुंचे अधिकारी जांच करने:** ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती ज्योति वंशकार की निरक्षरता का लाभ उठाकर, दबंग सरपंच प्रतिनिधि, रोजगार सहायक ने मिलकर गांव के विकास कार्यों की राशि निकालकर हड़प ली। जब गांव में विकास कार्य नहीं हुए तो पंचों सहित ग्रामीणों ने करीब चार माह पूर्व कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत को आवेदन देकर शिकायत की एवं ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार की जांच कर कार्रवाई की मांग की। लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है कि शिकायत के करीब चार माह बाद भी जिले के किसी अधिकारी ने ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की जांच कराने की जहमत नहीं उठाई, इससे लगता है कि जिले के अधिकारी भी अब भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने की बजाय, उन्हें बचाने में अधिक दिलचस्पी दिखा रहे हैं। वरना ग्राम पंचायत के चुने हुए पंचों, ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते और जांच कराकर कार्रवाई करते। शिकायत कर्ता विजेंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह सिख जगतपुर, पंच मनजीत सिंह यादव सहसूदी, सहित ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में अनुसूचित जाति की महिला संरपच है, इसका बेजा लाभ उठाकर बायबेनी के फर्जी नियुक्त रोजगार सहायक कृष्ण कुमार लोधी द्वारा सांठ-गांठ के आधार पर महिला सरपंच की निरक्षरता का लाभ उठाकर मनरेगा अंतर्गत कई लाख रूपये लम्बे समय से आहरण किए बैठे हैं, फर्जी विल व्हाउचर से फर्जी कार्य बताकर शासन के साथ धोखाधड़ी करते हुए गवन करने में लिप्त हैं। सरपंच अनुसूचित जाति की महिला को बल पूर्वक अपने अंडर में लेकर ग्राम पंचायत की सम्पूर्ण कार्यवाही स्वयं रोजगार सहायक, दबंगों द्वारा फर्जी रूप से संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 से आज तक कई लाख रुपये निर्माण कार्य के नाम से अवैध रूप से आहरण कर अपने पास रखें गये हैं।

**ग्रामीणों द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व में भी कई बार हुई है शिकायत-**

ग्रामीणों द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व में भी कई बार ग्राम पंचायत की शिकायत हुई है, ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती ज्योति वंशकार है,लेकिन अधिकारियों और इंजीनियर की मेहरबानी, सांठ-गांठ से गांव के दबंग से मिलकर रोजगार सहायक कृष्ण कुमार लोधी सरपंची चला रहे हैं,और खूब भ्रष्टाचार कर रहे हैं। और कई वर्षों से रोजगार सहायक इसी पंचायत में जमे हुए हैं, इनकी जांच करने और इन्हें हटाने की किसी में हिम्मत नहीं है।

# केमिस्ट 20 मई को करेंगे हड़ताल, बंद रहेंगे मेडिकल

### ऑल इंडिया केमिस्ट्स एसोसिएशन कलेक्टर से मिला



**नकली दवाइयों के कुप्रभाव से जनता को बचाने ऑनलाईन दवा ब्रिक्री डिस्कॉउंट को बंद कराने के लिए ऑल इंडिया केमिस्ट्स करेगा हड़ताल**

सत्ता सुधार ■ सीहोर

जिले के केमिस्ट हड़ताल पर रहेंगे। सभी मेडिकल स्टोर 20 मई को बंद रहेंगे। एसोसिएशन ने नकली दवाइयों का विरोध किया। ऑनलाईन दवा ब्रिक्री पर भी आक्रोश जताया।

कॉरपोरेट्स द्वारा दिए जा रहे डिस्कॉउंट को भी गलत बताया। केमिस्ट्स एसोसिएशन ने प्रशासन को अल्टीमेटम दे दिया। शुक्रवार को दवा विक्रेता संघ जिलाध्यक्ष उमेश शर्मा सचिव नरेश वर्मा के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर जमील खान को कलेक्टर के नाम का लेटर दिया। दवा विक्रेता संघ नगर अध्यक्ष परमवीर सिंह सिंधु जिला उपाध्यक्ष महेंद वर्मा ने बताया कि लम्बे समय से ऑल इंडिया केमिस्ट्स एसोसिएशन के द्वारा सरकार से देश हित में ऑनलाईन दवा की ब्रिक्री बंद करने की मांग कर रहा है क्योंकि ऑनलाईन प्लेट फार्म पर बिना जांच के बेची जा रही है यह दवाईयां लोगों के जीवन के लिए घातक है। विदेशी कॉरपोरेट्स द्वारा भारी डिस्कॉउंट दवाईयों पर दिया जा रहा है इस से छोटे केमिस्टों का कारोबार प्रभावित हो रहा है।

नकली दवाइयों से देश की जनता को नुकसान हो रहा है नकली दवाओं के कारण मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलबाड़ हो रहा है। इन सब मांगों को लेकर आगामी 20 मई बुधवार को जिले भर के केमिस्ट अपने मेडिकल स्टोर बंद रखकर हड़ताल करेंगे। कलेक्ट्रेट पहुंचे केमिस्ट अनिल शर्मा, पंडित सुनील शर्मा, विरेंद्र भदोरिया, गोविंद झंवर, पवन मंडलोई, सुशील उपाध्याय, खुजेमा बुरहानी, आकाश यादव, अंतर परमार, विनोद जैन, कृपाल सिंह, कपिल शर्मा, अतुल श्रीवास्तव, सचिन वर्मा सहित बड़ी संख्या में केमिस्ट मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रही है ग्राम पंचायत सडूमरा

### मनरेगा में फर्जीवाड़ा, अधिकारी ने कहा जांच दल गठित कर रहे

**अशोकनगर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सडूमरा भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रही है। जहां बेखौफ होकर सरपंच सचिव रोजगार सहायक मिलकर सरेआम भ्रष्टाचार कर रहे हैं, और मनरेगा जैसी गरीबों के हित की योजना में फर्जी वाड़ा कर लाखों रुपए कमा रहे हैं। ग्राम पंचायत में प्रतिदिन मनरेगा पोर्टल पर फर्जी काम चलाया जा रहा है और मजदूरों की फर्जी प्रजेंट लगाकर राशि निकाली जा रही है। इसके पूर्व मनरेगा के भ्रष्टाचार को लेकर ग्राम पंचायत खूब सुर्खियों में रही, शुक्रवार को जब इस संबंध में जिले



के मनरेगा अधिकारी हेमंत पांडे से बात की गई, और उन्हें बताया गया कि आज भी फर्जीवाड़ा चल रहा है, तो उन्होंने कहा कि आप जिला पंचायत के सीईओ से चर्चा करें। जब उनसे कहा गया कि आप जिले के मनरेगा अधिकारी हैं, आपसे बेहतर कार्रवाई कौन करेगा। तो कहने लगे मैं तो करूंगा ही,आज फाइल पुट अप करता हूं, जिला पंचायत सीईओ के यहां फाइल भेजते हैं,इसके बाद दल गठित कर जांच कराते हैं। इस तरह उन्होंने जांच कराने की बात कही।उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत में जबरदस्त भ्रष्टाचार चल रहा है अधिकारियों के संज्ञान में होने के बाद इसे रोकने के कोई कारगर उपाय नहीं किए गए। और शासन की राशि का दुरुपयोग होते हुए देख रहे हैं। जबकि गांव का मजदूर मारा-मारा फिर रहा है, उसे काम नहीं मिल रहा और मनरेगा पोर्टल पर जमकर फर्जी काम चल रहा है और फर्जी मजदूर काम कर रहे हैं।

**शुक्रवार को भी पोर्टल पर काम, मजदूरों की फर्जी उपस्थिति दर्ज:** ग्राम पंचायत सडूमरा में शुक्रवार को भी मनरेगा पोर्टल पर तालाब जीणोद्धार कार्य सेमरी रोड के पास, तथा रघुवीर के खेत के पास चलना दर्शाया गया।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा भेजी जानकारी मेरे संज्ञान में है और आज ही फाइल पुट अप कर जिला पंचायत सीईओ को भेज रहे हैं इसके बाद जांच दल गठित कर जांच करा रहे हैं।

हेमंत पांडे जिला मनरेगा अधिकारी अशोकनगर

# जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को किया प्रेरित

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान की उपस्थिति में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड चंदेरी गोधन सेक्टर क्रमांक 1 की ग्राम विकास प्रसफुटन समिति गोधन में जल गंगा संवर्धन हेतु छिओली नदी पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदी की साफ सफाई एवं नदी पर पत्थरों से पुल बनाकर पानी रोका गया। जिससे पशुओं को पानी मिल सके। जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान की उपस्थिति में नवांकुर संस्था द्वारा ग्राम में रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। विकासखंड समन्वयक दीपक पटेरिया द्वारा ग्रामीणों से जल संरक्षण के बारे में चर्चा कर जल के महत्व को बतलाया और पर्यावरण संरक्षण के लिए नवांकुर संस्था द्वारा बनाई जा रही नर्सरी का अवलोकन अधिकारियों द्वारा किया। ग्राम के चौखट्टा मंदिर के पास प्याऊ संचालित है उसका निरीक्षण किया गया। उपस्थित नवांकुर संस्था गोधन के अध्यक्ष बालकिशन कुशवाह अवार्ड संस्था के अध्यक्ष राजेश तिवारी स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष सौम्यपुष्प त्रिवेदी नरसिंह जागेश्वरी संस्था के अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय नवांकुर संस्था के प्रदीप कोहली सहित परामर्शदाता दुर्गेश ओझा समिति के सचिव एवं सभी ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

**राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित**

# राजस्व संबंधी सेवाएं सरल एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि जिले के नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाएं सरल एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इस हेतु राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों का निपटारा समय सीमा में करें। कलेक्टर ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, अविवादित प्रकरणों के निराकरण, भू-अभिलेख सुधार तथा राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम



नागरिकों को छोटे-छोटे राजस्व कार्यों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और सभी प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग सीधे तौर पर किसानों,ग्रामीणों और आम नागरिकों से जुड़ा विभाग है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें। विशेष रूप से नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा जैसे प्रकरणों में अनावश्यक विलंब न करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को नियमित रूप से राजस्व न्यायालय लगाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में भू-राजस्व वसूली, गिरदावरी, ई-केवाईसी, भू-अभिलेखों के अद्यतन, डिजिटल रिकॉर्ड संधारण तथा फील्ड निरीक्षण की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राजस्व अधिकारियों एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत विस्फोटक अधिनियम के अनुपालन के संबंध में उचित कार्यवाही की जाए। साथ ही रिहायशी इलाकों में पटाखों का संग्रहण न हो,इस हेतु भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत कार्यवाही किये जाने के निर्देश नगरीय निकायों को दिए।बैठक में कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षाकाल से पूर्व अपने-अपने क्षेत्र में ग्रामों का भ्रमण कर ऐसे स्थानों का चिन्हांकन किया जायें, जहां जल भराव की स्थिति निर्मित होती आई है। ऐसे स्थानों पर जल निकासी की उचित व्यवस्थाएं कराई जायें, अपने-अपने राजस्व क्षेत्र में पंचायतों से समन्वय कर नालों की साफ-सफाई तथा जल निकासी के प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। बैठक में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सोनम जैन, आर.बी.सिण्डोस्कर सहित समस्त एसडीएम,तहसीलदार,नायब तहसीलदार,मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्युत संबंधी सेवाएं आपके द्वार हेतु शिविरों का आयोजन आज

**अशोकनगर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान और बिजली संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'सम्पर्क अभियान 2026' अंतर्गत विद्युत संबंधी सेवाएं आपके द्वार हेतु शिविरों का आयोजन किया गया है। यह शिविर 16 मई को वितरण केन्द्र/जोन अशोकनगर के कन्या स्कूल वाली गली, वितरण केन्द्र आंवरी के ग्राम पलकाटोरी,चंदेरी के ग्राम प्राणपुर,ईसागढ़ के ग्राम जंघार, नईसराय के ग्राम महमूदा,शाढौरा वितरण केन्द्र के ग्राम बगुल्या ,तूमैन के ग्राम भादौन,मुंगावली के वार्ड नं.04, वितरण केन्द्र मीरकाबाद अंतर्गत ग्राम पठारी,बहादुरपुर अंतर्गत ग्राम रूसल्ला,पिपरई अंतर्गत ग्राम महात्मा वार्ड नं. 01 में शिविरों का आयोजन किया गया है। शिविर में कनेक्शन संबंधी सेवाएं में नया कनेक्शन आवेदन, नाम परिवर्तन/भार परिवर्तन,अस्थाई कनेक्शन, 5 रूपये में कनेक्शन योजना,श्रेणी परिवर्तन, स्थाई रूप से विच्छेदन का आवेदन,ई-केवाईसी/अनापत्ति प्रमाण पत्र का निराकरण किया जायेगा। शिविर में गलत बिल, अधिक,बिल मीटर रीडिंग संबंधी शिकायते,डुप्लीकेट बिल,आंशिक भुगतान,अग्रिम भुगतान पर छूट, विद्युत अवरोध,बिजली लाईन संबंधी,सर्विस केबिल,पोल, वोल्टेज, ट्रिपिंग,वितरण ट्रासंफार्मर, बंद/खराब मीटर, मीटर तेज चलने,स्मार्ट मीटर संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।

## ब्रीफ न्यूज

### कलेक्टर द्वारा व्यवस्था की समीक्षा की



**हरदा।** शुक्रवार को जिले में गेहूँ उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने की। इस दौरान उन्होने जिले में वेयर हाऊसेस में गेहूँ भण्डारण व्यवस्था एवं जो वेयरहाऊस भर गए है, उनके अन्य रिक्त वेयरहाऊसेस में युक्तियुक्तकरण के निर्देश दिये। उपार्जन व्यवस्था के लिये हम्माल, तौल एवं परिवहन व्यवस्था की भी बैठक में समीक्षा की गई। बैठक में निर्देश दिये गये कि गेहूँ विक्रय के लिये आने वाले किसानों को कोई असुविधा न हो, यह ध्यान रखा जाए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, कृषि उपसंचालक जवाहरलाल कास्दे सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### कृषि मण्डी 16 से 18 तक नीलामी कार्य बंद

**हरदा।** कृषि उपज मण्डी परिसर हरदा में 16 से 18 तक गेहूँ व मक्का फसल का नीलामी कार्य बंद रहेगा। हरनारायण भिलाला



सचिव कृषि उपज मण्डी हरदा ने बताया कि 16 मई शनिवार को अमावस्या व 17 मई को रविवार का शासकीय अवकाश होने तथा 18 मई को मक्का एवं गेहूँ फसल का नीलामी कार्य बंद होने के कारण 16 से 18 मई तक कृषि उपज मण्डी परिसर में गेहूँ व मक्का फसल का नीलामी कार्य बंद रहेगा। उन्होने बताया कि 18 मई को अन्य फसलों का नीलामी कार्य जारी रहेगा। उन्होने किसान भाईयों से अपील की है कि वे 16 से 18 मई तक अपनी कृषि उपज गेहूँ व मक्का विक्रय हेतु नही लावें।

### अधिकारी ने सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों की समीक्षा की



**हरदा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजा रंगारे ने शुक्रवार को परियोजना कार्यालय में सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में संबंधित परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही। बैठक के दौरान सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था, पोषण वाटिका का विकास, केंद्र परिसर में बाउंड्रीवॉल निर्माण, नल-जल कनेक्शन की उपलब्धता, विद्युत मीटर एवं बिजली फिटिंग की स्थिति, भवन की गुणवत्ता एवं सुरक्षा, वॉटर प्यूरीफायर की उपलब्धता, टीवी की व्यवस्था तथा शौचालय की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में केंद्रवार व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधार कार्यों हेतु कार्ययोजना तैयार करने पर भी जोर दिया गया, ताकि सभी सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों को आदर्श स्वरूप प्रदान किया जा सके।

---

### विधायक मोरे ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली

# अग्नि पीड़ितों के बीच पहुंचीं विधायक छाया मोरे, अधिकारियों को दिए तत्काल राहत के निर्देश

सत्ता सुधार ■ खंडवा

पंधाना विधानसभा क्षेत्र के नाहरमाल गांव के बंधान फलिया में हुए भीषण अग्निकांड के बाद पंधाना विधायक छाया मोरे गुरुवार को पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचीं और उनका दर्द साझा किया।

विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, साथ ही खाद्यान्न, कपड़े एवं मकान निर्माण के लिए लकड़ी सहित अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। विधायक मोरे ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने तहसीलदार को मौके पर बुलाकर तत्काल राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायत एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को प्रभावित परिवारों के लिए राशन उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान



भाजपा कार्यकर्ता भी राहत कार्य में सक्रिय नजर आए। कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं के लिए साड़ियां, कपड़े एवं खाद्यान्न उपलब्ध कराने के प्रयास शुरू किए गए।

विधायक छाया मोरे ने कहा कि यह हादसा अत्यंत दुखद और भयावह है। पीड़ित परिवारों के पास शरीर पर पहने कपड़ों के अलावा कुछ भी नहीं बचा। घरों में रखा अनाज, गृहस्थी का सामान, कृषि उपकरण और बैलगाड़ियां तक आग की भेंट चढ़ गई। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि वे मानवीय संवेदना दिखाते हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आएं। विधायक ने अपनी ओर से भी हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया तथा शासन की योजनाओं के माध्यम से भी राहत दिलाने की बात कही।

इस दौरान क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने विधायक श्रीमती मोरे से मांग करते हुए कहा कि पिपलोद थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगोट एवं गुड़ी का पुरा बड़ा ग्रामीण क्षेत्र आता है, लेकिन पूरे क्षेत्र में कहीं भी अग्निशमन वाहन (दमकल) की व्यवस्था नहीं है। आगजनी की घटनाओं के दौरान खंडवा या पंधाना से दमकल बुलानी पड़ती है, जिसके कारण समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जा सकता। ग्रामीणों ने मांग की कि मंडी बोर्ड की मंडी निधि से क्षेत्र के लिए स्थायी फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध कराया जाए, जिसका संचालन कृषि उपज मंडी गुड़ी खेड़ा या थाना पिपलोद से किया जा सके। इस मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक छाया मोरे ने तत्काल मंडी सचिव रामवीर किरार को फोन लगाकर प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि वे प्रयास करेंगी कि मंडी निधि अथवा अन्य किसी मद से क्षेत्र के लिए फायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था हो सके।

गौरतलब है कि बुधवार दोपहर नाहरमाल गांव के बंधान फलिया में अचानक आग लगने से प्रेमसिंह लालसिंह, ओमकार गेलसिंह, प्यारसिंह ओंकार, लालसिंह केदु एवं रामदास लालसिंह के मकान आग की चपेट में आ गए थे। इस हादसे में चार परिवारों के घरों सहित गृहस्थी का लगभग पूरा सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जगराम यादव, समाजसेवी मुकेश गुर्जर, सुखदेव यादव, सुधीर मिश्रा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# नाली के जमे कचरे में पनप रहे मच्छर बरसात पूर्व तैयारी में नपा फिसड्डी

### दवाओं की खरीदी और छिड़काव में भारी भरकम बजट खर्च हो जाता है फिर भी मोहल्लों के लोग परेशान

सत्ता सुधार ■ हरदा

नगर पालिका अंतर्गत बरसात के मद्दे नजर पूर्व तैयारी नहीं की जा रही है। नदी नालों की सफाई और गहरीकरण की तरफ ध्यान नहीं किया जा रहा है। इसके कारण नालियां कचरे से लबालव है। नाली के गंदे पानी की वजह से मच्छर पनप रहे हैं। सुकून से बैठना मुश्किल है। सफाई कब होती है। पता नहीं है। सफाई व्यवस्था के भगवान ही मालिक है।

**नालियों में दंग झाडा:** नाले, नालियां सफाई व्यवस्था की पोल खोल रही है। जगह-जगह झाड उगे हैं जो नाली और नाले के गंदे पानी की निकासी में अवरोध बने हैं। इससे स्थिति बरसात में गंभीर हो जाती है जल जमाव की स्थिति बन जाती है। बरसात पूर्व नाली नालों की सफाई अनिवार्य रूप से करनी चाहिए इस संबंध में कार्य योजना बनाकर उस पर अमल करना चाहिए। जनप्रतिनिधि और नगर पालिका अधिकारियों कर्मचारियों का अभी इस तरफ ध्यान नहीं है जब बरसात में पानी की निकासी नहीं हो जा पायेगी और लोगों के घरों में पानी घुसेगा तब इस तरफ ध्यान जायेगा।

**दावाओ का छिड़काव नहीं:** नगर पालिका अंतर्गत फाग्रिग मशीन से दावाओं का छिड़काव नहीं किया जा रहा है जिसके कारण नाली नालों में जमा कचरा और गंदे पानी से मच्छर पनप रहे हैं। मलेरिया, डेंगू सहित अन्य मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप फैलने की आशंका बढ़ गई है। नगरपालिका में दवाओं



की खरीदी और छिड़काव में भारी भरकम बजट खर्च हो जाता है फिर भी मोहल्लों के लोग परेशान है।

स्वच्छता में नगर पालिका नंबर वन लाने की कवायद चल रही है किंतु वास्तविकता को चौंकाने वाली है। स्वच्छता अभियान हवा हवाई में है। सफाई कर्मियों का काफी स्टॉक है। प्रत्येक वार्ड में सफाई का जिम्मा सोपा गया है किंतु खानापूर्ति करने में मशगूल हैं। नाली नालों की स्थिति पूर्ववत है।

**नाली नालों पर अतिक्रमण:** नाली नाले पर अतिक्रमण किया गया है। बारिश के पानी की निकासी में इससे बाधा आती है। फिर भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नाली नालों की जमीन पर बिल्डर खड़ा करके मकान बना लिये गये हैं। प्रत्येक वार्ड में सर्वे कराया जाये और अतिक्रमण के मामलों को चिन्हित करके उसे हटाने की कार्य योजना बनाकर उस पर अमल करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है किंतु सी.एम.ओ. और अन्य जवाबदेह अधिकारी न जाने किसके दबाब में इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं ।

**स्वच्छता की पोल खोल रहे नाले:** नाली और नाले स्वच्छता अभियान और सफाई कमियों की सक्रियता की पोल खोल रहे हैं। प्रत्येक वार्डो को मौके पर जाकर अवलोकन किया जाये तो सब कुछ देखने मात्र से स्पष्ट हो जायेगा। इस संबंध में शिकायत और समाचार पत्र के माध्यम से मांग की जाती है फिर भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बरसात पूर्ण समीक्षा बैठक बुलाकर हर स्थिति से निपटने की कार्य योजना बनाई जाती है और इस दिशा में पहल की जाती है किंतु कागज पर पूर्ण ही हो गया हो किंतु यथार्थ में इस तरह की कार्यवाही किसी भी नाली नालों में नहीं की गई है। ऐसे बरसात के पानी की निकासी कैसे सहजता से होगी। इसका अनुमान सहित तरीके से लगाया जा सकता है।

#### इनका कहना है

नगर पालिका अंतर्गत मच्छर से बचाव के लिए पाउडर और स्प्रे नहीं किया जा रहा है



जिसके कारण मच्छर तेजी से पनप रहे हैं। नालियों की सफाई की तरफ भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बरसात पूर्व नाली नालों की सफाई कर जल निकासी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए किंतु अभी तक इस दिशा में बेहतर कार्ययोजना तैयार कर उस पर अमल करने की दिशा में कोई मुकम्मल पहल नहीं की जा रही है।

**अमर रोचलानी, प्रतिपक्ष नेता, नगर पालिका परिषद, हरदा।**

---

## किसान की शिकायत पर तत्काल खरीदी केंद्र पहुंचीं विधायक मोरे, बढ़वाए तोल कांटे



सत्ता सुधार ■ खंडवा

पंधाना विधायक छाया मोरे ने गुरुवार को एक बार फिर किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई कर खरीदी केंद्र की अव्यवस्थाओं को सुधरवाया। विधायक सुबह नाहरमाल में अग्नि पीड़ित परिवारों से मिलने जा रही थीं, तभी रास्ते में जलकुआं निवासी किसान जगदीश सिंह पंवार का फोन आया। किसान ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि वे पिछले एक सप्ताह से सिंगोट उपार्जन केंद्र पर लाइन में लगे रहे, लेकिन उपज तौलने से पहले ही वहां का गोदाम भर गया। इसके बाद उन्हें गुड़ीखेड़ा स्थित जय भोले वेयर हाउस भेज दिया गया, जहां चार दिन से इंतजार करने के बावजूद एक ही कांटे से तुलाई होने के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक श्रीमती मोरे ने तत्काल पंधाना एसडीएम एवं प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी दिनेश साँवले को फोन कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके बाद नाहरमाल से लौटते समय अपने अन्य सभी कार्यक्रम स्थगित कर सीधे गुड़ीखेड़ा खरीदी केंद्र पहुंच गई। खरीदी केंद्र पर पहुंचकर विधायक ने किसानों से सीधी चर्चा की। यहां गुड़ीखेड़ा, सिंगोट एवं गांधवा सोसायटी के गेहूं उपार्जन के साथ-साथ कुमठा सोसायटी की चना खरीदी भी चल रही थी, जिसके कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। एकमात्र वेयर हाउस पर अत्यधिक दबाव और पर्याप्त तोल कांटों की व्यवस्था नहीं होने से किसान कई दिनों से परेशान थे। विधायक छाया मोरे ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और सोसायटी प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए।

उन्होंने खरीदी केंद्र पर अतिरिक्त तोल कांटे बढ़ाने, किसानों के लिए ठंडे पानी एवं छायादार बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। विधायक के खरीदी केंद्र पहुंचते ही व्यवस्थाओं में सुधार शुरू हो गया। पहले जहां केवल एक कांटे से तुलाई हो रही थी, वहीं बाद में चार कांटे चालू कर खरीदी प्रक्रिया तेज की गई। इससे किसानों को राहत मिली और लंबी कतारें कम होने लगीं। किसानों ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि उनके पहुंचते ही व्यवस्था में तत्काल सुधार दिखाई देने लगा।

---

## नि:शुल्क हैंडबॉल प्रशिक्षण शिविर में देर रात तक अभ्यास

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिला खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आरोह अंतर्गत हैंडबॉल खेल प्रशिक्षण शिविर शास महात्मा गांधी प्रांगण में निःशुल्क संचालित किया जा रहा है। अधिक तापमान होने के कारण खिलाड़ी देर रात तक हैंडबॉल खेल का अभ्यास कर रहे हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके खेल प्रशिक्षक गौतम विश्वकर्मा अपने खेल अनुभव से खिलाड़ियों को खेल कौशल की बारीकियां सिखा रहे हैं। खेल कोच के साथ उत्कृष्ट खिलाड़ी प्रतीक शर्मा, हिमांशु धुर्वे एवं सीनियर खिलाड़ी करण लोंगरे उपस्थित रह कर बच्चों को बाल



ड्रिबलिंग करना, एक खिलाड़ी से दूसरे खिलाड़ी को विपरीत टीम से बचाव करते हुए पास करना, पास करने के बाद सैफ जोन बनाकर गोल करना आदि कौशल सिखाया जा रहा है। खिलाड़ियों के मनोबल बढ़ाने एवं प्रेरित करने के उद्देश्य से अतिरिक्त उप पुलिस अधीक्षक महिला सेल सुश्री अरुणा सिंह उपस्थित हुई। उन्होने बच्चों से परिचय के दौरान बताया कि खिलाड़ी केवल खेल मैदान तक ही सीमित नहीं, वह खेल के माध्यम से अच्छा प्रदर्शन कर राष्ट्रीयस्तर पर खेल कर सरकारी नौकरी में जा सकता है। आर्मी, पुलिस, रेल्वे शिक्षा विभाग में विशेष रूप से खेल कोटा भर्ती निकलती है, जिनमें पदक विजेता खिलाड़ी नौकरी की तैयारी कर सकता है।

---

## श्रीराम भक्त केवट महाराज की जयंती पर एकता का संदेश

सत्ता सुधार ■ हरदा

कहार समाज समिति द्वारा खेड़ीपुरा स्थित समाज की धर्मशाला में प्रभु श्रीराम के परम भक्त, त्याग, सेवा और समर्पण के प्रतीक केवट महाराज की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाजजनों ने भगवान श्रीराम और केवट महाराज के आदर्शों को याद करते हुए सामाजिक एकता, संस्कार और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।

**राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन:** समिति के मीडिया प्रभारी सुनील केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित समाज के वरिष्ठजनों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि केवट महाराज का जीवन हमें सेवा, विनम्रता, ईमानदारी और समर्पण की प्रेरणा देता है। मेहनत, लगन और सच्ची निष्ठा से किया गया कार्य कभी असफल नहीं होता। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए।

**आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प:** कार्यक्रम



का वातावरण धार्मिक भक्ति और सामाजिक सौहार्द से ओतप्रोत रहा।

समाजजनों ने केवट महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष दिनेश चंदेवा, उपाध्यक्ष गुड्डु शारदे, चगीराम, सूरज बावने, गोलू बावने, सचिन शारदे, सूरज शारदे, शेरसिंह बावने, दगडू मात्रे, ललित ढोलिया, सुनील इलेक्ट्रीशियन, मनीष शारदे, विजय नायडे, प्रमोद चंदेवा, देवेंद्र भामदरें, बंटी चंदेवा, माखन लाल घाघरे, गोलू हलवाई, संजू जगताप सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने समाज में धार्मिक आस्था, संस्कारों की महत्ता और सामाजिक एकजुटता को और अधिक मजबूत करने का संदेश दिया।

---

### लायन कमल पटेल व लायन रंजना पटेल दम्पत्ति ने विवाह वर्षगाँठ पर की देहदान की घोषणा

## सक्षम ,लायन्स, नेत्रदान देहदान समिति का 176 वाँ देहदान पंजीकरण सम्पन्न

सत्ता सुधार ■ खंडवा

लायन्स क्लब सनावद के अध्यक्ष लायन कमल पटेल व लायन रंजना पटेल सनावद ने मरणोपरांत देहदान का घोषणा पत्र भरा। जानकारी देते हुए सक्षम संस्था के अध्यक्ष व लायन्स नेत्रदान देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के संयोजक नारायण बाहेती व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि देहदान जनजागरण अभियान से प्रेरित होकर कमल पटेल ने अपनी विवाह वर्षगाँठ पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया।जिसमें नर्मदा परिक्रमा वासी,सनावद के सभी मंदिरों के पुजारियों सेवाभावी गणमान्य जनों व लायन सदस्यों का सम्मान किया गया।सम्मान समारोह में उन्होंने शक्षम लायन्स नेत्रदान देहदान व अंगदान जनजागृति समिति खण्डवा को आमंत्रित



किया।संयोजक नारायण बाहेती व राजीव मालवीय एवं घनश्याम वाधवा ने समारोह में देहदान की विस्तृत जानकारी दी।देहदान के महत्व को समझते हुए लायन कमल पटेल व धर्मपत्नी लायन रंजना पटेल ने एक दूसरे के फार्म पर गवाह के हस्ताक्षर कर पुत्री डॉ स्वाति व आयुषी पटेल व परिवार जनों की सहमति युक्त देहदान घोषणा पत्र समिति को सौंपा। यह समिति द्वारा भरा गया 176 वाँ देहदान घोषणा पत्र है। सक्षम खण्डवा के अध्यक्ष एवं समिति संयोजक नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि नेत्रदान-देहदान समिति के नारायण बाहेती, डॉ. सोमिल जैन, प्रहलाद तिरोले,सुनील जैन,अनिल बाहेती,डॉ राधेश्याम पटेल,सुरेन्द्र सिंह सोलंकी,राजीव मालवीय, लायन्स क्लब अध्यक्ष आशा उपाध्याय,घनश्याम वाधवा,राजीव शर्मा, गांधी प्रसाद गदले,डॉ.रणवीर सिंह चावला, चंचल गुप्ता,अपूर्व उपाध्याय,अखिलेश गुप्ता, सुनील जैन सहित सक्षम संस्था,लायन्स क्लब खण्डवा, लियो क्लब खण्डवा,लायन्स क्लब सनावद सिटी एवं महर्षि दधीचि समिति के पदाधिकारियों के सहयोग से देहदान घोषणा की प्रक्रिया पूर्ण की गई। कमल पटेल लायन्स क्लब सनावद के माध्यम से पीड़ित मानव सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे है।इस अवसर बड़वाह सनावद विधायक सचिन बिरला,रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय, नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता बिरला,महंत सुरेन्द्र गिरी महाराज,पण्डित उमाशंकर कानूनगो , नंदराम बिरले,विजय गुप्ता,शैलेन्द्र चौकडे,डॉ अनिल चौधरी,डॉ कमलेश चौधरी,अनिता जैन, गुरदीपसिंह भाटिया, भागचंद जैन,पंकज जटाले, श्याम महाजन,हेमलता राका, मनीषा नीमा, अंगूर बाला जैन सहित लायन्स क्लब सनावद सिटी के सदस्य व गणमान्य जन उपस्थित रहे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया की संयोजक नारायण बाहेती एवं समिति के सहयोग से 24 देह मेडिकल कॉलेज को सुपुर्द की जा चुकी हैं एवं 176 देहदान पंजीकरण हो चुके हैं तथा 521 व्यक्तियों के नेत्रदान सफलता पूर्वक कराए गए हैं। नेत्रदान व देहदान के लिए कभी भी सम्पर्क किया जा सकता है।

---

## अवैध परिवहन में शामिल 2 ट्रेक्टर ट्रॉली व एक डम्पर जप्त

सत्ता सुधार ■ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध कार्यवाही जारी है। सहायक खनिज अधिकारी ने बताया कि 15 मई शुक्रवार को एक डम्पर क्रमांक एमपी 47 एच 0328 खिरकिया में खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। डम्पर बिना वैध अभिवहन पास होने से वाहन चालक वीरेन्द्र कटौतिया से जप्त कर पुलिस थाना छीपाबड़ में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। 13 मई बुधवार को सहायक खनि अधिकारी चैनसिंह डामोर एवं खनिज निरीक्षक देवेन्द्र सिंह की टीम द्वारा आकस्मिक जांच के दौरान 2 ट्रेक्टर ट्रॉली एमपी 47 एएच 3510 तथा ट्रेक्टर ट्रॉली बिना नम्बर हॉलेण्ड नीला रंग चेचिस नम्बर एनएचएन36300जेडएसके764764 एवं इ.नं. 513657डीएक्स छीपानेर घाट में खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते हुए पाई गई। जांच दल की भनक लगते हुए रेत माफिया द्वारा ट्रेक्टर ट्रॉली को मौके से भगाने का प्रयास किया गया। ट्रेक्टर ट्रॉली को आवासीय बस्ती में भागते हुए पकड़ा गया। ट्रेक्टरों में बिना वैद्य अभिवहन पास होने से वाहन को चालक रामकृण पिता महेश सांगुले निवासी छीपानेर से जप्म पुलिस चौकी करताना में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। ट्रेक्टर नम्बर एमपी47एएच3510 का मालिक सुरेन्द्र राजपूत निवासी छीपानेर जिला हरदा है। दोनों ट्रेक्टरों एवं डम्पर पर मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के प्रावधान के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

# महिला स्व सहायता समूहों के नाम पर अनाधिकृत लोगों द्वारा संचालित हो रहे उपार्जन केंद्र

## जांच, पंचनामा और निरीक्षण के बाद भी कार्रवाई नहीं; महिलाओं की जगह पुरुष संभाल रहे संचालन

सत्ता सुधार ■ सागर

जिले के बंडा एवं शाहगढ़ क्षेत्र में महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से संचालित गेहूं उपार्जन केंद्रों में बड़े स्तर पर अनियमितताओं और फर्जीवाड़े के आरोप सामने आए हैं। पत्रकारों की टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में कई केंद्रों पर महिला सदस्यों की अनुपस्थिति पाई गई, जबकि संचालन अनाधिकृत पुरुषों द्वारा किया जाता मिला।

बंडा विकासखंड अंतर्गत संचालित ओम स्व सहायता समूह छापरी, सिद्धिविनायक बमुरा भेड़ा, सृष्टि स्व सहायता समूह टेटवारा, विद्या स्व सहायता समूह कंदवा, शिव शक्ति स्व सहायता समूह मऊ, दुर्गा स्व सहायता समूह मझगुआ तथा अनन्या स्व सहायता समूह गोरा खुर्द के केंद्रों पर महिला सदस्य मौजूद नहीं मिलीं। इसी प्रकार शाहगढ़ क्षेत्र में राधा स्व सहायता समूह बागरोही, चंदा स्व सहायता समूह नरवा, खुशबू स्व सहायता समूह नरवा, श्री बालाजी स्व सहायता समूह अमरमऊ, अनामिका स्व सहायता समूह तारपोह एवं लक्ष्मी स्व सहायता समूह तिगोड़ा के संचालन में भी अनियमितताएं सामने आईं।

हालांकि निरीक्षण के दौरान राजा राम स्व सहायता समूह बरायठा द्वारा संचालित उपार्जन केंद्र व्यवस्थित रूप से महिलाओं द्वारा संचालित पाया गया। शासन का उद्देश्य महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके विपरीत दिखाई दे रही है। अधिकांश केंद्रों पर महिलाओं के स्थान पर पुरुष संचालन करते मिले। कई समूहों की महिला सदस्यों को स्वयं केंद्र संचालन की जानकारी तक नहीं है।

आरोप है कि अध्यक्ष एवं सचिव के परिजनों द्वारा केंद्रों का संचालन किया जा रहा है, जबकि



समूह की महिलाओं को केवल नाममात्र का लाभ दिया जाता है। जांच या निरीक्षण के दौरान महिलाओं को बुलाकर औपचारिक उपस्थिति दर्ज कराई जाती है और उन्हें मजदूरी के हिसाब से भुगतान किया जाता है।निरीक्षण के दौरान कई उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए आवश्यक सुविधाओं का अभाव देखा गया। अधिकांश केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे और वेयरहाउस के कैमरों के सहारे काम चलाया जा रहा था। ग्रेडिंग मशीन एवं क्लीनिंग मशीन मौके पर उपलब्ध नहीं मिलीं और उनके बिल भी प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके अलावा कम संख्या में तौल कांटे संचालित पाए गए तथा कई तौल कांटों का नापतौल विभाग से सत्यापन भी नहीं कराया गया था।

### लाखों के कमीशन पर उठे सवाल

जानकारी के अनुसार शासन द्वारा उपार्जन केंद्र संचालन के लिए मजदूरी के अतिरिक्त लगभग 55 से 58 रुपए प्रति क्विंटल तक कमीशन दिया जाता है। खरीदी की मात्रा के हिसाब से यह राशि कई केंद्रों में 10 से 20 लाख रुपए तक पहुंच सकती है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि यदि पिछले पांच वर्षों से अधिक समय से महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से केंद्र संचालित हो रहे हैं, तो संबंधित समूहों की आर्थिक स्थिति मजबूत क्यों नहीं हुई और महिलाओं को कितना लाभांश वितरित किया गया।

### जांच के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं

मामले में कलेक्टर द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारियों, राजस्व विभाग की टीमों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा निरीक्षण, जांच और पंचनामा कार्रवाई किए जाने की बात सामने आई है, लेकिन अब तक किसी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है।

वहीं मध्य प्रदेश राज्य आजीविका मिशन के अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि स्व सहायता समूहों की वास्तविक स्थिति और अनाधिकृत संचालन संबंधी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंचाई जा रही है।

# नवनियुक्त जनभागीदारी अध्यक्ष विजय डहेरिया ने किया महाविद्यालय भ्रमण

सत्ता सुधार ■ सागर



शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पद पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा मनोनीत किए जाने के पश्चात, डिप्टी कलेक्टर विजय डहेरिया ने महाविद्यालय का प्रथम औपचारिक निरीक्षण एवं भ्रमण किया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने उनका स्वागत किया और संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराया।

### प्रशासनिक एवं अकादमिक शाखाओं का सूक्ष्म निरीक्षण

निरीक्षण की शुरुआत में श्री डहेरिया ने स्थापना शाखा पहुंचकर लिपिकों से कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने नोडल ऑफिस, प्रवेश हेल्पडेस्क और परीक्षा विभाग का अवलोकन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं की सहायता के लिए बनाए गए हेल्पडेस्क की सराहना की और प्रवेश प्रक्रिया को सुगम बनाए रखने के निर्देश दिए।भ्रमण के दौरान श्री डहेरिया ने स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ का विशेष अवलोकन किया। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिभा जैन ने उन्हें संचालित विभिन्न रोजगार मूलक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी।प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने अध्यक्ष महोदय को बताया कि डॉ. जैन के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को ब्यूटीशियन, पेंटिंग, मेहंदी, वादन, गायन और मीडिया जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे शिक्षा के साथ-साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। श्री डहेरिया ने इन नवाचारों को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।

श्री डहेरिया ने महाविद्यालय की बुनियादी सुविधाओं को परखते हुए कैंटीन, सेमिनार हॉल, एनसीसी, एनएसएस और खेलकूद विभाग का दौरा किया। उन्होंने बीएड भवन में चल रहे रिनोवेशन कार्य और भूगोल लैब के नवनिर्माण कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करने की बात कही।परिसर भ्रमण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय के उद्यान में स्थापित वर्मी कम्पोस्ट यूनिट और वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को देखा।

## बस यात्रा के दौरान महिला का निधन, परिवार में शोक की लहर

### आठ भाइयों की इकलौती बहन सजक रानी यादव का हृदयाघात से निधन



**जरूआखेड़ा (सागर)।** खिमलासा से सागर आ रही बस में सफर के दौरान एक दुखद घटना सामने आई। ईश्वर और नरयावली के बीच यात्रा के दौरान सजक रानी यादव को अचानक हृदयाघात (अटैक) आया, जिससे उनका निधन हो गया। इस घटना से परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।स्वर्गीय सजक रानी यादव की उम्र लगभग 60 वर्ष थी। वे आठ भाइयों में इकलौती बहन थीं। उनके निधन से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया गया है कि वे बेहद सरल, स्नेही और मिलनसार स्वभाव की थीं, जिनका परिवार और समाज में विशेष स्नेह एवं सम्मान था। वे अपने पीछे तीन पुत्र, एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके भाई महेंद्र यादव, जो पत्रकारिता से जुड़े हैं, सहित समस्त परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवारजनों एवं शुभचिंतकों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# बीना में पेट्रोल 3.14 और डीजल 3.11 प्रति लीटर महंगा, आम आदमी की जेब पर बढ़ेगा बोझ

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)



शुक्रवार सुबह से पूरे देश के साथ बीना में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में इजाफा हो गया है। तेल कंपनियों द्वारा जारी नई दरों के अनुसार पेट्रोल के दाम में 3.14 प्रति लीटर और डीजल में 3.11 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ोतरी के बाद बीना में पेट्रोल की कीमत करीब 109.31प्रति लीटर और डीजल 94.52 प्रति लीटर पहुंच गई है।यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब आम जनता पहले से ही रसोई गैस, खाद्य तेल और सब्जियों की महंगाई से जूझ रही है। लगातार बढ़ रहे ईंधन के दामों ने मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग की कमर तोड़ दी है। शुक्रवार सुबह पंप पर पहुंचे वाहन चालकों को नई दरों की जानकारी मिलते ही झटका लगा।डीजल के दाम बढ़ने का असर केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहेगा। माल भाड़ा बढ़ने से सब्जियों, फलों, अनाज और रोजमर्रा के सामानों की कीमतों में भी उछाल आएगा। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि डीजल महंगा होने से बस और ट्रक का किराया बढ़ाना मजबूरी हो जाएगी। इससे स्कूल वैन, ऑटो और कैब का किराया भी बढ़ सकता है। पेट्रोल पंप पर मिले प्रमोद राय ने बताया कि प्रधानमंत्री कहते हैं आप कटौती करो क्या प्रशासन में बैठे नुमाइंदे कटौती कर रहे हैं क्या जनप्रतिनिधि उनके पद चिन्हों पर चल रहे कंजिया निवासी शहजाद खान ने बताया कि कोरोना काल के बाद20 प्रति डॉलर कॉल तेल सस्ता होने के बावजूद भी रेट कम नहीं करेगा किंतु जरा रेट कच्चे आइल के रेट क्या बड़े तत्काल रेट बढ़ा दिए केवल मोदी जी अपने मित्रों को लाभ पहुंचा रहे हैं।देवेंद्र कुशवाहा ने बताया कि मोदी जी कहते थे कि जिस देश का रुपया गिरता है उस देश के प्रधानमंत्री कि साख गिरती है। अब उन्हें क्या हो गया?

'पेट्रोल-डीजल बढ़ते ही सब्जी-दाल सब महंगी हो जाती है। महीने का बजट बिगड़ जाता है।' व्यापारिक संगठनों और आम नागरिकों ने सरकार से पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम कर राहत देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल सस्ता था, तब भी दाम कम नहीं किए गए। अब बढ़ोतरी का पूरा बोझ जनता पर डाला जा रहा है।

# धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



सत्ता सुधार ■ खुरई(सागर)

धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के संबंध में लोगो ने एसडीएम मनोज चौरसिया को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख है कि नौशाद कुरेशी साहिल बाबा एवं उनके अन्य साथी द्वारा बृजेंद्र सिंह ठाकुर उर्फ़ बाबा वजनदार को जान से मारने की धमकी, हिंदू बहन बेटियों के साथ लव जिहाद करने, सनातन धर्म पर गलत टिप्पणी सहित फोन के माध्यम से धमकियां दी जा रही है। साथ ही कुछ विवाद होता है इसका जवाबदारी नौशाद कुरेशी और उसके सभी साथी होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में मुकेश साहू, सचिन सिलापरी, आदर्श कुर्मी, मिलन सिंह, बलराम दांगी, मोहित दांगी, शिवराज, सुनील, शिवम् पाल, वीरेंद्र कुशवाहा, राज यादव, नितिन, ब्रजेश यादव सहित लोग मौजूद रहे।

## खुरई में प्रशासन ने 16 वर्षीय नाबालिग का बाल विवाह रुकवाया, परिवार को समझाइश दी



**खुरई (सागर)।** शहर थाना क्षेत्र के टीहर गांव में प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक बाल विवाह रुकवा दिया है। महिला एवं बाल विकास विभाग और शहर थाना पुलिस को गांव में नाबालिग की शादी कराए जाने की गोपनीय शिकायत मिली थी। सूचना पर संयुक्त टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने जब युवती के आधार कार्ड, स्कूल की मार्कशीट और अन्य जरूरी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की, तो उसकी उम्र करीब 16 वर्ष पाई गई। कानूनी रूप से नाबालिग होने के कारण अधिकारियों ने तुरंत विवाह की रस्मों को रुकवा दिया। मौके पर मौजूद महिला एवं बाल विकास विभाग की वर्षा रघुवंशी और सहायक उपनिरीक्षक पदम सिंह ने परिजनों को बाल विवाह के कानूनी दुष्परिणामों की समझाइश दी और बताया की शादी 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही कराए। प्रशासन ने परिजनों को कानून का उल्लंघन करने पर होने वाली कड़ी सजा के बारे में भी बताया। इसके बाद टीम ने परिजनों की सहमति से मौके पर ही पंचनामा की औपचारिकताएं पूरी कीं। परिजनों ने लड़की के बालिग होने पर ही शादी करने का आश्वासन दिया है।

## इलेक्ट्रीशियन की मौत पर आक्रोश : संघ ने जुलूस निकालकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**खुरई (सागर)।** शाहपुर क्षेत्र में एक इलेक्ट्रीशियन की संदिग्ध मौत के विरोध में नगर के इलेक्ट्रीशियन संघ ने आक्रोश जताया है। संघ के सदस्यों ने नगर में न्याय की मांग को लेकर एक विशाल जुलूस निकाला। प्रदर्शन के बाद संघ ने एसडीएम के नाम तहसीलदार ऋतु राय को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मृतक इलेक्ट्रीशियन विभिन्न कंपनियों के लिए काम करता था। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक के पीड़ित परिवार को तुरंत उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। साथ ही इस हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। इलेक्ट्रीशियन संघ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इस केस की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग भी उठाई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के अनेक पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 36 घंटे,12 सत्र, रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम और सुबह 5:30 बजे जागरण

## 17,18 मई को दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे मंत्री, सांसद, विधायक और पदाधिकारी

सत्ता सुधार ■ सागर



भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग को लेकर तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक स्पष्टता और कार्यकर्ता निर्माण के उद्देश्य से 17 एवं 18 मई को आयोजित होने वाला यह प्रशिक्षण वर्ग अनुशासन, राष्ट्रभाव और संगठन संस्कृति का अनूठा संगम बनेगा।भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में लगातार 36 घंटे तक विभिन्न गतिविधियां संचालित होंगी, जिनमें कुल 12 विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान (एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, पंच निष्ठाएं), हमारा इतिहास एवं विकास, कार्यकर्ता विकास, कार्यकर्ता संभाल एवं अपेक्षाएं, कार्य पद्धति, देश के समक्ष राजनीतिक एवं सामाजिक चुनौतियां, कार्य विस्तार, स्थायी कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन, मन की बात, आईटी, सरकारों की गरीब कल्याण योजनाएं एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका, प्रदेश सरकार की उपलब्धियां, विचार परिवार, सोशल मीडिया, मीडिया एवं नई तकनीक (ढ्ढ), प्रभावी सूचना तंत्र तथा संगठन के लिए सकारात्मक परसेप्शन निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वरिष्ठ वक्ताओं द्वारा लगभग 200 प्रशिक्षुओं को मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग में व्यावहारिक सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

प्रशिक्षण वर्ग की विशेषता यह रहेगी कि मंत्री, सांसद, विधायक एवं संगठन पदाधिकारी भी दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में सहभागिता कर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह प्रशिक्षण वर्ग पूर्णतः आवासीय रहेगा, जिसमें सभी प्रशिक्षु कार्यक्रम स्थल पर ही रात्रि विश्राम करेंगे।वर्ग में अनुशासन और एकाग्रता को विशेष महत्व दिया गया है।

जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन अम्बेडकर वार्ड के कनेरा स्थित 'होटल हेरिटेज' में किया जाएगा। 17 मई को प्रशिक्षण वर्ग की दिनचर्या के अनुसार प्रातः 09 बजे से पंजीयन प्रारंभ होगा। तत्पश्चात प्रदर्शनी उद्घाटन एवं अवलोकन, वर्ग उद्घाटन सत्र सहित विभिन्न प्रशिक्षण सत्र आयोजित होंगे, वहीं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।द्वितीय दिवस 18 मई को प्रातः 5:30 बजे जागरण से दिनचर्या प्रारंभ होगी, जिसके बाद योग एवं व्यायाम, विभिन्न विषयों पर सत्र तथा डिजिटल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सभी 12 सत्रों के लिए लगभग एक-एक घंटे का समय निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण वर्ग में अनुशासन, समयबद्धता और संगठनात्मक जीवनशैली का विशेष रूप से पालन कराया जाएगा।

## विधायक प्रदीप लारिया ने दिए प्रभावी जल आपूर्ति एवं 'हर घर जल' योजना को समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश

# मकरोनिया एवं कर्रापुर की जल व्यवस्था पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

सत्ता सुधार ■ सागर



नगर पालिका परिषद मकरोनिया के सभाकक्ष में नरयावली विधायक प्रदीप लारिया के मुख्य आतिथ्य में मकरोनिया एवं कर्रापुर निकायों की जल प्रदाय व्यवस्था तथा 'नल-जल हर घर जल' योजना की प्रगति को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल, एमपीयूडीसी, नगर पालिका मकरोनिया तथा टाटा प्रोजेक्ट समूह के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। बैठक में विधायक श्री लारिया ने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जल प्रदाय व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका परिषद मकरोनिया में वर्तमान जल सप्लाई दर, वितरण व्यवस्था तथा नगर निगम सागर एवं मकरोनिया के मध्य संचालित जल आपूर्ति प्रणाली की तकनीकी एवं प्रशासनिक स्थिति का परीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा।

उन्होंने निर्देशित किया कि जिन वार्डों में पेयजल संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां रेगुलेशन व्यवस्था को मजबूत करते हुए वाल्व संचालन एवं तकनीकी सुधारों के माध्यम से नियमित जल प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। विधायक ने एमपीयूडीसी एवं नगर पालिका मकरोनिया को संयुक्त अभियान चलाकर जल वितरण व्यवस्था को सुचारु एवं व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए।बैठक में जलकर वसूली को प्रभावी बनाने के लिए 'अमृत मित्र योजना' के तहत विशेष अभियान संचालित करने, टाटा कंपनी द्वारा घर-घर संपर्क कर बकाया जलकर वसूली सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर नियम अनुसार कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नगर पालिका मकरोनिया, एमपीयूडीसी एवं टाटा प्रोजेक्ट के संयुक्त संचालन हेतु नगर पालिका कार्यालय में एकीकृत कंट्रोल रूम स्थापित करने पर सहमति बनी।

विधायक श्री लारिया ने पूर्व में नगर निगम सागर द्वारा नगर पालिका मकरोनिया को हस्तांतरित 5180 जल कनेक्शनों की अमानत राशि के संबंध में आवश्यक पत्राचार करने के निर्देश भी दिए। वहीं अनावश्यक रूप से बह रहे पेयजल को रोकने के लिए टोटी लगाने एवं जनजागरूकता अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में कार्यपालन यंत्री जीवेंद्र सिंह, सागर संभाग के कार्यपालन यंत्री मेघ तिवारी, एमपीयूडीसी अधिकारी बरेले, अब्दुल आशिफ एवं आकाश अग्रवाल सहित नगर पालिका अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, सीएमओ पवन कुमार शर्मा, उपयंत्री सत्यम देवलिया, सनी जैन, अंकित मिश्रा तथा टाटा प्रोजेक्ट समूह के प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा एवं मधुसूदन तिवारी

## ब्रीफ न्यूज

### महिला की लज्जा भंग करने वाले आरोपी को एक वर्ष का कारावास व अर्थदण्ड

**जौरा।** जिला अभियोजन अधिकारी लखन लाल आर्य के अनुसार फरियादिया ने थाने में उपस्थित होकर 2 फरवरी 2021 को शाम करीब 6 बजे रिपोर्ट दी कि जब फरियादिया सौंच के लिए अपने घर के पास सरसों के खेत में गई। तब आरोपी भारत गुर्जर ने बुरी नीयत से फरियादिया का हाथ पकड़ लिया और फरियादी का ब्लाउज भी फाड़ दिया। तब फरियादिया के चिल्लाने पर उसका देवर रामकृष्ण व पंजाब आ गए, जिसके बाद आरोपी भारत वहां से भाग गया और जाते समय कहा कि अगर रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देगा। उक्त सूचना पर से थाना देवगढ़ में धारा 354, 506, 354डी 554बी का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। माननीय जेएमएफसी सुश्री दिव्या शर्मा ने सहायक जिला अभियोजन लखनलाल आर्य द्वारा प्रस्तुत सबूत एवं तर्कों को स्वीकार करते हुए आरोपी भारत गुर्जर पुत्र चंदन सिंह गुर्जर उम्र 54 वर्ष निवासी टिकरी देवगढ़ को धारा 354 के तहत दोषी पाते हुए 1 वर्ष का कारावास एवं 5000 रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

### शनि अमावस्या आज, 15 से 17 मई तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के अंतर्गत देवस्थान श्री शनिदेव मंदिर, ग्राम ऐंती में आज 16 मई 2026 को शनिश्चरी अमावस्या के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत ने 15 से 17 मई 2026 तक खनिज परिवहन करने वाले भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। अपर कलेक्टर ने बताया कि प्रतिबंधित मार्गों में टेकरी से रिठौराकलां मार्ग, महाराजपुरा से शनिश्चरा मार्ग, नूराबाद से शनिश्चरा मार्ग तथा बानमौर से शनिश्चरा मार्ग शामिल हैं। इन मार्गों पर 15 से 17 मई तक ट्रैक्टर, डंपर, ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों द्वारा खनिज परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंध अवधि के दौरान यदि कोई वाहन खनिज परिवहन करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर विवाहित महिला से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार,

**गुना।** जिले के जामनेर थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को महज 6 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने एक विवाहित महिला के घर में घुसकर उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया था। जानकारी के अनुसार, ग्राम चौड़ाखेड़ी निवासी बृजमोहन धाकड़ (41) ने 12-13 मई की दरमियानी रात एक विवाहित महिला के घर में घुसकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 64(1) और 332(बी) के तहत मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी हितिका वासल ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। जामनेर थाना प्रभारी मनोज मेहरा के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

# पार्वती नर्सिंग होम में उपचार के दौरान नवविवाहिता की मौत

## परिजनों ने लगाए लापरवाही के आरोप

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर के जेल रोड स्थित पार्वती नर्सिंग होम में उपचार के दौरान एक नवविवाहिता की मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन एवं डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में देर रात तक अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बना रहा।

जानकारी के अनुसार विकेश पत्नी छोटू आदिवासी निवासी मरा थाना पहाड़गढ़ किसी पारिवारिक शादी समारोह में शामिल होने मुरैना आई हुई थीं। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों के मुताबिक जांच के दौरान महिला के शरीर में खून की कमी बताई गई, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए जेल रोड स्थित पार्वती नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में महिला को ब्लड चढ़ाया जा रहा था।

इसी दौरान बीती रात अचानक उसकी हालत गंभीर हो गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। आरोप यह भी



लगाया गया कि महिला की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मामले को संभालने के उद्देश्य से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की गई। मध्य प्रदेश पुलिस के तहत पहाड़गढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस भेजा गया, जहां शुक्रवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस के अनुसार नवविवाहिता को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां एम्बुलेंस चालक महिला को छोड़कर चला गया। इसके बाद डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच में उसे मृत घोषित कर दिया। शव को रात में पीएम हाउस में रखवाया गया था और शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही महिला की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# वसूली पर ध्यान, लेकिन चौपट विद्युत व्यवस्था से जनता बेहाल

## भीषण गर्मी में अघोषित कटौती से लोग परेशान, उद्योग-धंधों पर भी पड़ा असर

सत्ता सुधार ■ मुरैना

भीषण गर्मी के इस दौर में जिले की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। एक ओर तापमान लगातार बढ़ रहा है तो दूसरी ओर अघोषित बिजली कटौती ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोग घंटों बिजली गुल रहने की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी व्यवस्था सुधारने के बजाय केवल राजस्व वसूली पर ध्यान केंद्रित किए हुए दिखाई दे रहे हैं। स्थिति यह है कि दिन और रात में कई-कई घंटे तक बिजली सप्लाई बाधित रहने से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को उठानी पड़ रही है। गर्मी और उमस के कारण लोग रातभर जागने को मजबूर हैं। कई इलाकों में लो-वोल्टेज की



समस्या भी बनी हुई है, जिससे कूलर, पंखे और अन्य विद्युत उपकरण ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा बिजली बिल जमा नहीं होने पर तत्काल कार्रवाई की जाती है, लेकिन जब जनता नियमित बिल भुगतान के बावजूद निर्बाध बिजली की मांग करती है तो अधिकारी चुप्पी साध लेते हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि शिकायत करने पर या तो फोन रिसीव नहीं किए जाते या फिर तकनीकी खराबी का हवाला देकर जिम्मेदारी से बचने का प्रयास किया जाता है। अघोषित कटौती का असर अब उद्योग-धंधों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। शहर की फैक्ट्रियां, होटल, रेस्टोरेंट, वर्कशॉप और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बिजली संकट के कारण प्रभावित हो रहे हैं। बार-बार बिजली जाने से मशीनें बंद हो रही हैं, उत्पादन प्रभावित हो रहा है और व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि बिजली कटौती के कारण ग्राहकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, जिससे कारोबार पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

व्यापारिक संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने भी विद्युत व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि भीषण गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना प्रशासन और विद्युत विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आमजन के साथ व्यापारी वर्ग भी आंदोलन के लिए मजबूर होगा। शहरवासियों ने मांग की है कि अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए, जर्जर लाइनों एवं ट्रांसफार्मरों का सुधार कार्य तेजी से कराया जाए तथा शिकायतों के निराकरण के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

### मरम्मत कार्य के नाम पर 8-8 घंटे तक हो रही कटौती

विद्युत वाहक के अधिकारी कर्मचारी अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहानी को चरितार्थ कर रहे हैं जहां कोई देखने एवं सुनने वाला नहीं है। मरम्मत कार्य के नाम पर दिन और रात में 8 से 10 घंटे तक की कटौती की जा रही है और लोगों से बिजली बिल पूरा वसूला जा रहा है। विद्युत विभाग की इस कार्य प्रणाली के कारण उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।

# जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, लाठी-डंडों से हमला, चार लोग घायल

सत्ता सुधार ■ मुरैना



जिले के रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगावनी गांव के तीर में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडे चलने लगे। इस घटना में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जाटव परिवार प्रशासन द्वारा एसडीएम की अनुमति मिलने के बाद अपनी जमीन पर ट्रैक्टर से जुताई करने पहुंचा था। इसी दौरान दूसरे पक्ष के आशिक खान, रोशन, रजाक सहित अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया। आरोप है कि कहासुनी के बाद आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में गिर्राज, माखन सिंह, घनश्याम तथा श्रीमती प्रेम जाटव गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायलों को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों को भर्ती कर लिया।

पीड़ित परिवार ने शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे आरोप लगाया कि उक्त जमीन पर पहले दूसरे पक्ष द्वारा कब्जा किया गया था, जिसे प्रशासनिक कार्रवाई के बाद उन्हें वापस दिलाया गया था। परिवार का कहना है कि जब वे खेत की जुताई करने पहुंचे तो नदी के तीर पर घेरकर उन पर हमला कर दिया गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस भी सक्रिय हो गई और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं तथा वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग की है।

# सामूहिक एकादशी उद्यापन कार्यक्रम श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न



सत्ता सुधार ■ मुरैना

अग्रवाल समाज के मुख्य संरक्षक रमेश गर्ग के मार्गदर्शन में अग्रवाल महासभा एवं अग्रवाल संघ के तत्वावधान में 13 एवं 14 मई 2026 को सेवा सदन, मुरैना में आयोजित सामूहिक एकादशी उद्यापन कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के अनेक श्रद्धालु परिवारों ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की।

दो दिवसीय इस आयोजन में एकादशी उद्यापन करने वाले प्रमुख सदस्यों में रमेश गर्ग, श्रीमती अनीता अनिल मंगल, श्रीमती गीता मित्तल, श्रीमती गीता राकेश गोयल, दिनेशचंद दिन्नो, जगदीश मित्तल, गिर्राज बंसल, श्रीमती सुचिता जैन, मदनलाल गोयल, महेशचंद गोयल, श्रीमती मीना गोयल, श्रीमती मीना महेश गोयल, पवन बंसल, पूरनचंद मित्तल, रामचंद्र बंसल, एस.एस. बंसल, श्रीमती संगीता गौरव गोयल, सीताराम अग्रवाल, श्रीमती सुधा गोयल, सुरेशचंद गोयल, त्रिलोकचंद गर्ग, तुलसीदास सिंघल एवं डॉ. विजय सिंघल सहित अनेक श्रद्धालु सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से एकादशी उद्यापन पूजन, गौदान एवं सैयादान जैसे पुण्य कार्य सम्पन्न कराए गए। प्रथम दिवस एकादशी व्रत एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ 26 जोड़ी ब्राह्मणों का निमंत्रण एवं पूजन किया गया। वहीं द्वितीय दिवस सभी सदस्यों एवं उनके परिजनों के लिए सामूहिक भोजन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने सहभागिता की। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समाज के पदाधिकारियों, सदस्यगणों एवं सहयोगियों का सेवाभाव और समर्पण सराहनीय रहा। अग्रवाल महासभा एवं अग्रवाल संघ परिवार ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी समाजबंधुओं, पदाधिकारियों, अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्रेरक संवाद सत्र के साथ मनाया 'परिवार दिवस'




**मुरैना।** विश्व परिवार दिवस के अवसर पर म.प्र.राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग से सम्बद्ध मयूरवन आनंद क्लब मुरैना के पदाधिकारियों ने बाल सम्प्रेक्षण गृह में सम्प्रेक्षित बच्चों के साथ प्रेरक सम्वाद सत्र का आयोजन किया। सइस दौरान क्लब संस्थापक, साहित्यकार एवं शिक्षाविद मणीन्द्र कौशिक ने बच्चों से इस सम्प्रेक्षण काल का प्रायश्चित, तपस्या के रुप में निर्वाह करते हुए अपने सुधार की प्रक्रिया पूर्ण कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों को भारी तनाव एवं क्रोध की स्थिति को नियंत्रित करने हेतु कुछ सूक्ष्म व्यायामों से अवगत कराया। मास्टर ट्रेनर एवं बाल कल्याण समिति सदस्या डॉ. क्षमा कौशिक ने आत्म-चिंतन एवं पोषण के साथ स्वयं के सुधार किए जाने एवं अपनी छूटी हुई पढ़ाई पूर्ण करने के लिए कहा। सत्र में किशोर न्याय बोर्ड की सदस्या हेमलता राणा ने बच्चों के वॉछित सुधार की कामना करते हुए उन्हें प्रेरक संदेशों से अवगत कराया। आनंद संस्थान का परिचय एवं कार्यक्रम संचालन का दायित्व मणीन्द्र कौशिक ने किया। उन्होंने क्लब की ओर से बच्चों को आवश्यक अध्ययन सामग्री प्रदान करने की घोषणा की।

# कासपुरा और गुड़ा आसन में टीबी-एचआईवी स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित

सत्ता सुधार ■ मुरैना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चल रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम कासपुरा एवं गुड़ा आसन में टीबी एवं एचआईवी स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सिविल अस्पताल जौरा की क्षय इकाई द्वारा किया गया।

कैम्प में डॉ. रचना अहिरवार, आईसीटीसी काउंसलर संदीप सेंगर, सीएचओ हरिचरण त्यागी, एएनएम प्रीति गॉड सहित स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को टीबी और एचआईवी के लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी दी। टीम ने संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग कर खखार जांच के लिए कंटेनर वितरित किए तथा एक्स-रे जांच हेतु सिविल



अस्पताल जौरा आने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कैंप में शुगर, बीपी और एचआईवी सहित अन्य स्वास्थ्य जांचें भी की गई।

# पोरसा में 50 बिस्तरीय अस्पताल का लोकार्पण

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को पोरसा विकासखंड में 17 करोड़ 32 लाख 90 हजार रुपये की लागत से निर्मित 50 बिस्तरीय नव निर्मित सिविल अस्पताल एवं 06 एफ-टाइप तथा 06 जी-टाइप आवासीय गृहों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सांसद शिवमंगलसिंह तोमर, चंबल आयुक्त सुरेश कुमार, कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा, एसडीएम अंबाह रामनिवास सिकरवार, मुख्य



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पद्मेश उपाध्याय, बीएमओ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय महिला-पुरुष उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि आज अत्यंत प्रसन्नता का अवसर है कि 50 बिस्तरीय सिविल हॉस्पिटल का लोकार्पण किया जा रहा है। इसके निर्माण से अब गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों से भी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पोरसा शहर में पहले 30 बिस्तरों का अस्पताल था, जिसे अब 50 बिस्तरीय सिविल हॉस्पिटल में परिवर्तित किया गया है। चिकित्सकों के आवास भी निर्मित किए गए हैं, जिससे डॉक्टर बेहतर तरीके से लोगों का उपचार कर सकें। उन्होंने कलेक्टर को पोरसा एवं जौरा में पोस्टमार्टम भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने के लिए कहा ताकि यह सुविधा भी लोगों को सहज रूप से उपलब्ध हो सके।

## भीषण लू के चलते दोपहर में सूनी रहने लगी सड़कें, कूलर-पंखे भी बेअसर

# आज से और बढ़ेगा गर्मी का प्रकोप, 20 मई तक पारा 47 डिग्री पहुंचने की संभावना

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है और आने वाले दिनों में लोगों को और अधिक भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार से तापमान में लगातार बढ़ोतरी होगी तथा 20 मई तक अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। वर्तमान में ही तापमान 44 डिग्री के आसपास बना हुआ है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण सुबह 10 बजे के बाद शहर की सड़कें लगभग सूनी नजर आने लगती हैं। लोग केवल अत्यंत जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। दोपहर के समय बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा पसरा रहता है। लगातार बढ़ रही गर्मी ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह बदल दिया है। गर्मी का असर बिजली उपकरणों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। कूलर और पंखे



लोगों को राहत देने में असहाय साबित हो रहे हैं, जबकि कई जगहों पर एसी और फ्रिज भी अधिक तापमान के कारण अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। बिजली की बढ़ती खपत के चलते कई इलाकों में लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या भी सामने आने लगी है। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि शरीर में पानी की कमी होने से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी, नींबू पानी, छाछ और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करते रहना चाहिए।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में आसमान साफ रहने और गर्म हवाएं चलने के कारण तापमान में और वृद्धि होगी। यदि यही स्थिति बनी रही तो इस सीजन में पहली बार पारा 47 डिग्री तक पहुंच सकता है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ने की आशंका है। प्रशासन ने भी लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है।

### श्रीरामकथा आरंभ, निकाली गई कलश यात्रा



**जौरा।** शहर में भव्य श्रीराम कथा का आयोजन हो रहा है। जिसका शभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा निकालकर किया गया। कलश यात्रा शुभारंभ सुबह 10 बजे राम मंदिर से किया गया। यह यात्रा पुराना जौरा राम मंदिर से पुराना थाना, हनुमान चौराहा, तहसील चौराहा व प्रमुख मार्ग से होते हुए श्रीरामकथा स्थल अग्रवाल धर्मशाला पर पहुंची। कलश यात्रा में महिलाएं व पुरुष काफी संख्या में शामिल रहे। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प व इत्र वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान बग्गी में विराजमान अयोध्या से पधारे श्री श्याम सुंदर दास जी महाराज मौजूद रहे। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है। कथा में महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई है। कथा की आयोजन अग्रसेन भक्त मंडल के तत्वाधान में आयोजित कराई जा रही है।

**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड ग्वालियर से मुद्रित एवं गुरुद्वारा चौराहा, शिवपुरी से प्रकाशित। संपादक गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न. 9893126900, 7869966100**, फोन- 403553 ।**स्थानीय संपादक दीपक अरोरा***।
आर.एन.आई. नं. एम पी एच आई एन/2000/2530 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।**

सत्ता सुधार

प्रधानमंत्री की तेल बचाओ आह्वान से प्रेरित होकर वाराणसी के एसएसपीजी मंडलीय चिकित्सालय वाराणसी के प्रमुख अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार ने नो व्हीकल डे मनाते हुए साइकिल से चिकित्सालय आए और लोगों को दूसरे लोगों को प्रेरित किया।





### सीएम योगी आदित्यनाथ बोले- दुनिया डीजल-पेट्रोल संकट से जूझ रही, सरकार के साथ खड़े रहें

# मंत्री बुलेट से पहुंचे सचिवालय और स्कूटी से नगर निगम पहुंचीं महापौर

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा विधायक ने चार ई-रिक्शा खरीदे

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। शुक्रवार से ही नए रेट लागू हो गए। पेट्रोल की कीमतें बढ़ने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसा। इधर, पीएम नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील का असर यूपी में नजर आ रहा है। रामपुर में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने चार ई-रिक्शा खरीदे। अब वह गनर के साथ ई-रिक्शा से ही कार्यक्रमों में जा रहे हैं। फिरोजाबाद महापौर कामिनी राठौर स्कूटी चलाकर नगर निगम कार्यालय पहुंचीं। सांसद रवि किशन ने भी शुक्रवार सुबह कार पुलिंग की। वह कुशीनगर सांसद विजय दुबे के साथ इलेक्ट्रिक कार से कार पुलिंग करके 25 किमी दूर खजनी गए। उन्होंने कहा- जो भाजपा को वोट नहीं देते हैं। वह भी साथ दें। क्योंकि पीएम ने देश के लिए कहा है। लखनऊ में मंत्री दानिश आजाद ने अपनी फ्लीट छोड़ दी। वह बुलेट से सचिवालय पहुंचे। वहीं फिरोजाबाद डीएम अपने स्टाफ के साथ एक किमी पैदल चलकर ऑफिस पहुंचे। मंत्री सुरेश खन्ना साइकिल चलाकर विधानसभा पहुंचे। मुरादाबाद कमिश्नर ऑन्जनेय कुमार सिंह ने भी साइकिल चलाई। इधर, महराजगंज में एक सभा में सीएम योगी ने कहा-पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। कई बड़े देश डीजल और पेट्रोल संकट जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह सरकार के साथ खड़ा रहे। विपक्ष की नकारात्मक राजनीति और भ्रामक बातों में आने की जरूरत नहीं है।

**मंत्री सुरेश खन्ना गाड़ी और काफिला छोड़ साइकिल चलाकर विस पहुंचे**



### प्रयागराज महापौर गणेश साइकिल से पहुंचे नगर निगम कार्यालय

प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी शुक्रवार को साइकिल से नगर निगम कार्यालय पहुंचे। कीडगंज स्थित उनके आवास से सिविल लाइंस स्थित नगर निगम कार्यालय की दूरी 6 किमी है। इस दौरान नगर निगम के कई पार्षद, कार्यकर्ता और अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि वैश्विक संकट की इस घड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है। देश को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने के लिए हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास भी राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

### विधायक ई-रिक्शा से कार्यक्रम में पहुंचे

जालौन के उरई में भाजपा सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा लग्जरी गाड़ियों का काफिला छोड़ ई-रिक्शा से एक कार्यक्रम में पहुंचे। आमतौर पर लंबे वाहन काफिले के साथ नजर आने वाले विधायक को जब लोगों ने ई-रिक्शा में सफर करते देखा, तो इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को खुद आगे बढ़कर ऐसा उदाहरण पेश करना चाहिए, जिससे आम जनता प्रेरित हो सके। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल से प्रदूषण कम होगा और ईंधन की बचत भी होगी।

### विधायक ई-रिक्शा से पहुंचे सीएचसी

हापुड़ में विधायक विजय पाल आढ़ती ई-रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक ने बताया कि उन्होंने इलेक्ट्रिक स्कूटी भी बुक कराई है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से ईंधन की बचत होगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

## योगी बोले-देश से बढ़कर कुछ नहीं होता...

सीएम योगी ने कहा कहा कि अगर देशहित में कोई फैसला लिया जाता है, तो हमें प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ा होना चाहिए, क्योंकि देश से बढ़कर कुछ नहीं होता। जैसे भारत ने कोरोना महामारी का मुकाबला दुनिया में सबसे बेहतर तरीके से किया था, उसी तरह इस संकट का भी हम सब मिलकर सामना करेंगे। सीएम ने लोगों से बिजली बचाने की भी अपील करते हुए कहा- जितनी जरूरत हो उतनी ही बिजली इस्तेमाल करें। अगर कमरे में कोई नहीं है तो पंखा, एसी, कूलर और बल्ब बंद कर दें। दिन में बेवजह बाहर की लाइटें न जलाएं। अगर गांव के बच्चे स्कूल बस से जा सकते हैं, तो हर किसी को अलग-अलग बाइक और कार से जाने की जरूरत नहीं है।

### मंत्री के काफिले में शामिल हुए ई-रिक्शा

मंत्री पद की शपथ लेने के बाद वह पहली बार कन्नौज पहुंचे थे। तिर्वा पहुंचने पर उनकी कार में पूर्व सांसद सुब्रत पाठक और जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया नजर आए, जबकि उनके सुरक्षाकर्मी ई-रिक्शा पर बैठे दिखाई दिए। काफिले में छह ई-रिक्शा शामिल रहे, जिन पर सुरक्षाकर्मी और पार्टी कार्यकर्ता बैठकर मंत्री के साथ चलते दिखाई दिए। मंत्री के काफिले में ई-रिक्शा शामिल होने का यह दृश्य लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।



### कुलपति साइकिल चलाकर कार्यालय पहुंचे

लखनऊ में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के कुलपति प्रो. संजय सिंह शुक्रवार को अपने आवास से कार्यालय तक डेढ़ किमी साइकिल चलाकर पहुंचे। खास बात यह रही कि उनके अंगरक्षक ने भी साइकिल से ही उनका एस्कॉर्ट किया। कुलपति का यह अंदाज परिसर में चर्चा का विषय बना रहा। रास्ते में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उन्हें साइकिल पर देखकर अभिवादन किया। कुलपति ने कहा कि छोटी दूरी तय करने के लिए साइकिल सबसे बेहतर और पर्यावरण अनुकूल साधन है। इससे न केवल ईंधन की बचत होती है, बल्कि स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है।

### प्रिंसिपल ई-रिक्शा से पहुंचे स्कूल

वाराणसी में देश के सबसे पुराने शिक्षण संस्थानों में शामिल पीएम श्री राजकीय क्वींस कॉलेज के प्रिंसिपल सुमित कुमार श्रीवास्तव शुक्रवार को ई-रिक्शा से स्कूल पहुंचे। प्रिंसिपल सुमित कुमार श्रीवास्तव का यह सादगी भरा अंदाज चर्चा का विषय बना रहा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत को लेकर लोगों को जागरूक करने का संदेश भी दिया। स्कूल के शिक्षक और छात्र भी प्रिंसिपल को ई-रिक्शा से पहुंचते देख उत्साहित नजर आए।

# अभिनेता रणबीर कपूर ने अयोध्या में खरीदी 3.31 करोड़ रुपए की जमीन

## रामायण में निभाएंगे श्रीराम का रोल, अमिताभ ने भी किया था निवेश

**सत्ता सुधार ■ अयोध्या**

अभिनेता रणबीर कपूर ने अयोध्या के रियल एस्टेट प्रोजेक्ट द सरयू में जमीन खरीदी है। यह प्रोजेक्ट द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा का प्रीमियम प्लॉटेड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट है। कंपनी की आधिकारिक घोषणा के अनुसार, यह डील 3.31 करोड़ रुपए में हुई है। खरीदी गई जमीन का कुल क्षेत्रफल 2,134 वर्ग फीट है। अमिताभ बच्चन के बाद द सरयू में निवेश करने वाले रणबीर कपूर दूसरे बड़े अभिनेता बने हैं। द सरयू 75 एकड़ में फैला प्रोजेक्ट है, जो सरयू नदी के किनारे स्थित है। इस प्रोजेक्ट में ग्रैंड क्लब हाउस, 35 से ज्यादा लाइफस्टाइल सुविधाएं और द लीला होटल्स का पांच एकड़ में बनने वाला शुद्ध शाकाहारी लग्जरी होटल शामिल है। गौरतलब है कि यह इन्वेस्टमेंट ऐसे समय में सामने आया है, जब रणबीर डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में भगवान श्रीराम की भूमिका निभा रहे हैं।



### बोले- अयोध्या ने मुझे चुना

रणबीर ने कहा कि उन्हें लगता है कि अयोध्या ने उन्हें चुना है। उन्होंने कहा कि अयोध्या भारत के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा है और 'द सरयू' में यह जमीन उनके परिवार की विरासत का हिस्सा बनेगी। वहीं एचओएबीएल के चेयरमैन अभिनंदन लोढ़ा ने कहा कि अयोध्या सांस्कृतिक और आर्थिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर, टूरिज्म और दुनिया भर का ध्यान खींचने की वजह से शहर में लंबे समय तक विकास की संभावना है।

हनुमान जयंती के मौके पर फिल्म से रणबीर का भगवान राम के रूप में लुक भी सामने आया था।

### मोहब्बत का दर्दनाक अंत, युवक गंभीर

# जहर खाकर थाने पहुंचा प्रेमी जोड़ा, प्रेमिका ने तोड़ा दम

**एजेंसी ■ मैनपुरी**

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में प्रेम कहानी का दर्दनाक अंत हो गया। जहर खाकर थाने पहुंचे प्रेमी जोड़े की हालत बिगड़ गई। परिजन दोनों के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्रेमिका को मृत घोषित कर दिया। वहीं युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। एक दिन पहले घर से चले गई कस्बा निवासी किशोरी और प्रेमी युवक शुक्रवार दोपहर पुलिस और परिजनों के दबाव के चलते जहर खाकर थाने पहुंचे। थाना परिसर में प्रवेश करते ही किशोरी की हालत बिगड़ गई। अचेत होकर गिर गई। आनन फानन युवक के परिजन उपचार के लिए फिरोजाबाद ले गए। वहां चिकित्सक ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। सीओ कुरावली ने थाने पहुंच कर जानकारी जुटाई। किशोरी गुरुवार को पड़ोस के गांव



निवासी युवक के साथ चली गई थी, परिजनों ने युवक के खिलाफ थाने में अगवा कर ले जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उधर परिजन अपने तीरके से दोनों की तलाश में जुटे हुए थे।

### दोनों फिरोजाबाद में मिले

शुक्रवार को दोनों जनपद फिरोजाबाद के आसपुर क्षेत्र में मिल गए। लड़के के परिजन दोनों को थाने ला रहे थे। इस बीच दोनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जब दोनों थाना औंछा पहुंचे तभी किशोरी की हालत बिगड़ी और वह अचेत होकर गिर गई।

# अयोध्या में युवक की पीट पीटकर हत्या, मचा हड़कंप

## मिले चोट के निशान, दो के खिलाफ रिपोर्ट, जांच में जुटी पुलिस

**सत्ता सुधार ■ अयोध्या**

यूपी के अयोध्या में 23 वर्षीय युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। मृतक के छोटे भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के सरेसर चवरढार गांव की है। गांव निवासी दिलीप दुबे के पुत्र अभिषेक दुबे (23) की हत्या हुई है। बताया गया कि गुरुवार की देर शाम कोतवाली क्षेत्र के चौरे बाजार कनिवा मोतीगंज मार्ग के किनारे विट्ठलपुर के समीप वह मरणासन्न अवस्था में पड़ा मिला था। शरीर पर जगह-जगह गंभीर जख्म के निशान थे।

### घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल

शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता दिलीप दुबे, छोटे भाई अविनाश दुबे और मां गुड्डन देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रधान अनिल तिवारी ने बताया कि मृतक दो भाइयों में बड़ा था। वह अभी अविवाहित था। पिता खेती करते हैं।



### राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी

सड़क से आने-जाने वाले लोगों ने समझा कि कोई शराब पीकर पड़ा है। लेकिन, बाद में गहरे जख्म के निशान देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची मोतीगंज चौकी और कोतवाली पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बीकापुर भेजा। वहां पर हालत नाजुक देखकर चिकित्सक एसके मौर्य ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# शंकराचार्य के खिलाफ दायर याचिका खारिज

- आशुतोष ब्रह्मचारी को हाईकोर्ट से लगा झटका
- जज रोहित रंजन ने खुद को कर लिया था अलग

**सत्ता सुधार ■ प्रयागराज**

ज्योतिष पाठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दाखिल अवमानना याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। आशुतोष ब्रह्मचारी ने शंकराचार्य के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी। आरोप लगाया था कि शंकराचार्य ने जमानत की शर्तों उल्लंघन किया है। इसलिए उनके खिलाफ कोर्ट की अवमानना के आरोप में केस चलाया जाए।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। कोर्ट ने मामले की सुनवाई दूसरी पीठ को सौंपने के लिए मामला मुख्य न्यायाधीश को संदर्भित कर दिया था। कोर्ट ने यह आदेश स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर दिया था। आशुतोष ब्रह्मचारी ने पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज एफआईआर में मिली अग्रिम जमानत की शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। उन्होंने याचिका में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अलावा प्रयागराज की मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त समस्त कई अन्य अधिकारियों को भी पक्षकार बनाया है।

## ब्राह्मण समुदाय पर भाटी के बयान पर भड़कीं मायावती, अखिलेश मांगें माफी

**लखनऊ।** बसपा की मुखिया मायावती ने सपा के प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समुदाय पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर सपा और उसके प्रमुख अखिलेश यादव पर बड़ा हमला किया है। मायावती ने सपा नेता भाटी के बयान को अभद्र और अशोभनीय बताकर अखिलेश यादव से सार्वजनिक रूप से ब्राह्मण समाज से माफी मांगने की मांग की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देकर मायावती ने कहा कि भाटी की टिप्पणी ने समाज में भारी आक्रोश पैदा किया है, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया है। उन्होंने सपा के शीर्ष नेतृत्व के इस मामले पर खामोशी को गंभीर बताया, जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण होती जा रही है।




**खुशी** पांच दिनों के भीतर चार बच्चों को जन्म दिया, नार्मल डिलीवरी देख चिकित्सक भी हैरान

# संभल की अमीना के घर गूंजीं चार-चार किलकारियां

**एजेंसी ■ मुरादाबाद**

मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में संभल जिले के ओबरी गांव निवासी अमीना (31) ने चार बच्चों को जन्म दिया। हैरान करने वाली बात यह है कि हाई रिस्क मामले में चारों बच्चों की डिलीवरी पूरी तरह सामान्य तरीके से हुई। आमतौर पर ऐसे मामलों में सिजेरियन ऑपरेशन किया जाता है। डॉक्टरों की निगरानी में मां और चारों बच्चे सुरक्षित हैं। अमीना को आठ मई को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अगले दिन नौ मई को उन्होंने पहले बेटे को जन्म दिया। इसका वजन करीब 710 ग्राम था। उस समय गर्भावस्था लगभग साढ़े छह से सात महीने की थी।

**पांच दिन उपचार चला:** डॉक्टरों ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए बाकी बच्चों की डिलीवरी को रोक दिया। इसके बाद पांच दिनों तक लगातार निगरानी और उपचार चलता रहा। 14 मई को अमीना को दोबारा प्रसव पीड़ा हुई और उन्होंने एक बेटे व दो बेटियों को जन्म दिया। डॉक्टरों के मुताबिक यह मामला इसलिए भी बेहद खास था, क्योंकि गर्भ में पल रहे चारों बच्चे अलग-अलग थैली में थे। गर्भावस्था के दूसरे महीने में अल्ट्रासाउंड के दौरान ही यह स्पष्ट हो गया था कि महिला के गर्भ में चार भ्रूण हैं।



### ब्लड प्रेशर की समस्या से घिरी अमीना

अमीना को लीवर और ब्लड प्रेशर से जुड़ी समस्याओं का भी सामना करना पड़ा। हालत बिगड़ने पर उन्हें कई बार अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। परिवार हर 15 से 20 दिन में नियमित जांच और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचता रहा। डॉक्टरों की टीम लगातार मां और बच्चों की स्थिति पर नजर बनाए रही। अस्पताल प्रशासन के अनुसार फिलहाल सभी नवजात डॉक्टरों की निगरानी में हैं। इनमें से एक बच्चा पूरी तरह सामान्य है। जबकि दो बच्चों को विशेष देखभाल की जरूरत है।

### पिता ने चिकित्सकों का किया धन्यवाद

पहला जन्मा बच्चा मां का दूध ले रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उपचार करने वाली टीम में डॉ. शुभ्रा अग्रवाल, डॉ. पूर्ति, डॉ. रोली और डॉ. मोनिका समेत अन्य स्टाफ शामिल था। डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह की हाई रिस्क प्रेग्नेंसी में मां और बच्चों दोनों की जान को गंभीर खतरा रहता है। बच्चों के पिता और किराना स्टोर संचालक मोहम्मद आलिम ने डॉक्टरों का आभार जताया है।